CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम: 07°C

मुरादाबाद, गुरुवार 22 जनवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 159 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 3 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विधायिका समाज को दिशा देती है: योगी पेज 2



बांग्लादेश को भारत में खेलो या बाहर होने का अल्टीमेटम खेल टाइम्स



नेताजी सुभाष की मृत्यु: आयोग, फाइलें और अधूरा सत्य सम्पादकीय



अमेरिकी दबदबे वाली व्यवस्था का अंत हुआ: मार्क कार्नी पेज 12

# पाक सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट हुआ सेना प्रमुख का वीडियो फर्जी: सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के दुष्प्रचार पर आधारित सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के उस कथित वीडियो को फर्जी करार दिया है जिसमें दावा किया गया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान और चीन द्वारा इस्तेमाल की गई प्रौद्योगिकी तक पहुंचने में भारत को कम से कम 50 साल लगेंगे।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय ने बुधवार को एक फैक्ट चेक पोस्ट में कहा कि सोशल मीडिया पर सेना प्रमुख से जुड़ा एक डिजिटल रूप से छेड़छाड़ किया गया वीडियो सामने आया है। यह वीडियो गलत जानकारी फैलाने और सशस्त्र बलों की विश्वसनीयता को कमजोर करने की कोशिशों के तहत जारी किया गया है। इस कथित वीडियो में जनरल द्विवेदी को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि भारत सैन्य प्रौद्योगिकी के मामले में अपने



विरोधियों से काफी पीछे है। सरकार ने कहा है कि यह बयान पूरी तरह से मनगढ़ंत और फर्जी है। सरकार की ओर से स्पष्ट किया गया है कि जनरल द्विवेदी ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है और लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें तथा भ्रामक सामग्री के बारे में जानकारी दें। यह मूल वीडियो 15 जनवरी को जयपुर में सेना दिवस परेड के दौरान जनरल द्विवेदी की मीडिया ब्रीफिंग का है। मूल बयान में सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना की तेज और प्रभावी प्रतिक्रिया की सराहना की थी। उन्होंने बेहतर समन्वय, सटीक कार्रवाई और भविष्य के संघर्षों के लिए तैयारियों पर जोर दिया था। उन्होंने कहा था कि इस ऑपरेशन ने भारतीय सेना की त्वरित प्रतिक्रिया, बेहतर तालमेल और सटीक अभियान चलाने की क्षमता को दर्शाया है। उन्होंने कहा था कि सेना की सोच में बदलाव आया है और वह मौजूदा चुनौतियों के साथ-साथ भविष्य के युद्धों की तैयारी पर भी काम कर रही है।

## पाकिस्तान ने तोड़ा सीजफायर कुपवाड़ा बॉर्डर पर की फायरिंग

- भारतीय सेना ने इलाके की घेराबंदी की और सर्च ऑपरेशन किया शुरू

**कुपवाड़ा।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में बॉर्डर पर पाकिस्तान की ओर से 2 राउंड फायरिंग की गई। घटना केरन सेक्टर में मंगलवार देर रात हुई। सेना के सूत्रों के मुताबिक 6 राष्ट्रीय राइफल्स के जवान केरन बाला इलाके में हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगा रहे थे। इसी दौरान फायरिंग की गई। सीजफायर उल्लंघन पर भारतीय सेना ने भी जवाब दिया।

फायरिंग के बाद सेना ने इलाके की घेराबंदी की और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तान की ओर से की गई फायरिंग घुसपैठियों की मदद के लिए की गई होगी। वहीं, जम्मू-कश्मीर के कठुआ में मंगलवार रात भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास पाकिस्तानी ड्रोन नजर आया था। भारतीय सेना ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए अपने एंटी ड्रोन सिस्टम एक्टिवेट किए थे। इसके अलावा रामगढ़ सेक्टर में भी ड्रोन देखा गया था। सेना की जवाबी कार्रवाई के बाद ड्रोन पाकिस्तान की ओर लौट गया। 11 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के सांबा, राजौरी और पुंछ में 5 ड्रोन देखे गए थे।

## गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली समेत प्रमुख शहर हाई अलर्ट पर

- संवेदनशील इलाकों में निगरानी हुई तेज

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस से पहले देश की खुफिया एजेंसियों ने खालिस्तानी आतंकी संगठनों और बांग्लादेश स्थित आतंकवादी समूहों से संभावित खतरों के मद्देनजर 'हाई अलर्ट' जारी किया है।

अलर्ट के मुताबिक दिल्ली और देश में कई अन्य प्रमुख शहर संभावित निशाने पर हो सकते हैं। इस इनपुट के बाद सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और संवेदनशील इलाकों में निगरानी तेज कर दी गई है। खुफिया सूत्रों से पता चला है कि पंजाब के कुछ गैंगस्टर कथित तौर पर खालिस्तानी और अन्य कट्टरपंथी विदेशी आकाओं के लिए 'फुट सोल्जर' के रूप में काम कर रहे हैं। आरोप है कि विदेश में बैठे ये आका देश की आंतरिक सुरक्षा को बिगाड़ने और अपने मंसूबों को अंजाम देने के लिए इन आपराधिक नेटवर्कों का इस्तेमाल कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार ये गैंगस्टर हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में सक्रिय हैं तथा खालिस्तानी आतंकवादी तत्वों के साथ उनके संबंध धीरे-धीरे मजबूत हो रहे हैं, जिससे सुरक्षा एजेंसियों की चिता बढ़ गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र राजभवन का नाम बदलकर जन भवन किया गया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के आधिकारिक आवास 'राजभवन' का नाम परिवर्तित कर 'जन भवन' किया गया है। बुधवार को यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार 'गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा राज्यपाल के आधिकारिक आवासों के नामकरण के मानकीकरण के संबंध में निर्गत निर्देशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के आधिकारिक आवास का नाम परिवर्तन किया गया है। विज्ञप्ति के अनुसार पूर्व में 'राज भवन' के नाम से ज्ञात राज्यपाल के आधिकारिक आवास को अब 'जन भवन' नाम दिया गया है।

### ईरान में फंसे भारतीय छात्रों का दूसरा बैच भारत लौटा

**श्रीनगर।** ईरान में फंसे भारतीय छात्रों का दूसरा बैच मंगलवार रात को सुरक्षित भारत लौट आया है। जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन (जेकेएसए) के मुताबिक, मौजूदा हालात के बीच यह वापसी छात्रों और उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। जेकेएसए ने बताया कि छात्र दुबई और शारजाह के रास्ते एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-996 और एआई-930 से दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे। सभी छात्र अपने खर्च पर भारत लौटे हैं। अब तक 200 से अधिक भारतीय छात्र ईरान से भारत लौट चुके हैं, जिनमें बड़ी संख्या जम्मू-कश्मीर के छात्रों की है।

### तीन फरवरी से आम लोगों के लिए खुल जाएगा अमृत उद्यान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान आगामी तीन फरवरी से 31 मार्च तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा। राष्ट्रपति सचिवालय ने बुधवार को बताया कि आगंतुक सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक (अंतिम प्रवेश 5.15 बजे) उद्यान में घूमने आ सकते हैं। उद्यान सोमवार को रखरखाव के लिए और 4 मार्च को होली के कारण बंद रहेगा। अमृत उद्यान के लिए पंजीकरण और प्रवेश नि:शुल्क है। बुकिंग अपेपज-तीजतंचंजपईींअंद-हव अ-पद/ पर की जा सकती है। आगंतुक प्रवेश द्वार के बाहर बने स्वयं सेवा कियोस्क से सीधे टिकट भी ले सकते हैं।

# अवैध खनन से ऐसा नुकसान जिसकी भरपाई असंभव: सुप्रीम कोर्ट

## अरावली पर्वतमाला मामले में शीर्ष अदालत ने की अहम टिप्पणी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- अपना पुराना आदेश बरकरार रखा
- अरावली क्षेत्र में खनन आदि की व्यापक जांच के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का फैसला
- कहा: अरावली जैसे संवेदनशील क्षेत्र में अवैध खनन केवल पर्यावरण ही नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी गंभीर खतरा है



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अरावली पर्वतमाला में अवैध खनन को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि इससे पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहुंच सकती है। इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए अदालत ने अरावली क्षेत्र में खनन और उससे जुड़े सभी पहलुओं की व्यापक जांच के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का फैसला किया है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि अरावली जैसे संवेदनशील क्षेत्र में अवैध खनन केवल पर्यावरण ही नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी गंभीर खतरा है। अदालत ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी और एमिकस क्यूरी के. परमेश्वर को निर्देश दिए हैं कि वे चार सप्ताह के भीतर खनन से संबंधित मामलों में विशेषज्ञता रखने वाले पर्यावरणविदों और वैज्ञानिकों के नाम सुझाएं, ताकि एक उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया जा सके। यह समिति सुप्रीम कोर्ट की निगरानी और मार्गदर्शन में कार्य करेगी। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि अरावली क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में अवैध खनन की गतिविधियां सामने आ रही हैं। इस पर राजस्थान सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने अदालत को आश्वस्त किया कि राज्य में किसी भी तरह का अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने अरावली पहाड़ियों और श्रेणियों की एक समान परिभाषा को लेकर 20 नवम्बर को दिए गए अपने आदेश को फिलहाल स्थगित रखने का निर्णय भी बरकरार रखा है। अदालत ने इससे पहले कहा था कि नई परिभाषा में कुछ गंभीर अस्पष्टताएं हैं, जिनका समाधान किया जाना आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने 20 नवम्बर को दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में फैली अरावली पर्वतमाला में नई खनन लीज जारी करने पर रोक लगा दी थी। यह रोक विशेषज्ञों की रिपोर्ट आने तक लागू की गई थी। यह निर्णय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समिति की सिफारिशों के आधार पर लिया गया था, जिसका उद्देश्य दुनिया की सबसे प्राचीन पर्वतमालाओं में से एक अरावली का संरक्षण करना है। अब सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित की जाने वाली विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के आधार पर ही अरावली क्षेत्र में खनन और संरक्षण से जुड़े आगे के निर्णय लिए जाएंगे।

# सनातन पर उदयनिधि का बयान हेट स्पीच: मद्रास हाईकोर्ट

**चेन्नई, वार्ता**



- कहा: तमिलनाडु के डिप्टी सीएम का यह बयान नरसंहार या संस्कृतिक नरसंहार का संकेत देता है

**मद्रास हाईकोर्ट** ने बुधवार को कहा कि तमिलनाडु के डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन की सनातन के खिलाफ की गईं बातें हेट स्पीच के दायरे में आती हैं। कोर्ट ने यह टिप्पणी स्टालिन के तीन साल पुराने बयान को लेकर की। साल 2023 में उदयनिधि ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से करते हुए कहा था कि इसे मिटा देना चाहिए। इस बयान का काफी विरोध हुआ।

भाजपा आईटी विभाग के हेड अमित मालवीय ने स्टालिन के भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर डाला। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यह बयान देश के 80 फीसदी सनातन धर्म मानने वालों के खिलाफ है। हालांकि स्टालिन की डीएमके पार्टी के एक नेता ने उल्टा मालवीय के खिलाफ केस कर दिया। आरोप लगाया कि मालवीय ने स्टालिन के बयान को तोड़-मरोड़ के पेश किया। मालवीय ने एफआईआर के खिलाफ कोर्ट में याचिका लगाई। तीन साल बाद मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने अब एफआईआर को रद्द कर दिया है। जस्टिस एस. श्रीमथी ने कहा कि मालवीय ने स्टालिन के बयान पर केवल प्रतिक्रिया दी थी। ऐसी प्रतिक्रिया पर केस चलाना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। हाईकोर्ट ने कहा कि दुख की बात यह है कि हेट स्पीच देने वाले पर कोई केस नहीं, जबकि उस पर प्रतिक्रिया देने वाले पर एफआईआर दर्ज कर दी गई। आज की स्थिति में हेट स्पीच शुरू करने वाले बच जाते हैं और सवाल उठाने वालों को कानून का सामना करना पड़ता है। सनातन को खत्म करने जैसे शब्दों का अर्थ सिर्फ विरोध नहीं, बल्कि उसे मानने वालों के अस्तित्व पर सवाल उठाने जैसा है, जो हेट स्पीच की श्रेणी में आता है। स्टालिन का यह बयान नरसंहार या संस्कृतिक नरसंहार का संकेत देता है।

## वायुसेना का ट्रेनी विमान तालाब में गिरा, दोनों पायलट सुरक्षित

- दोनों पायलटों ने पैराशूट खोलकर विमान से छलांग लगाई

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बुधवार को भारतीय वायुसेना का एक ट्रेनी विमान तकनीकी खराबी के चलते दुर्घटनाग्रस्त होकर अचानक एक तालाब में गिर गया।

विमान में सवार दोनों पायलटों ने समय रहते पैराशूट खोलकर विमान से छलांग लगा दी। जिससे उनकी जान बच गई। तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और तालाब में उतरकर दोनों पायलटों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पायलटों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया।

## सोना-चांदी में रिकॉर्ड तोड़ उछाल जारी

- सोना 1.57 लाख के पार, चांदी भी 3.34 लाख की नई ऊंचाई पर

**नई दिल्ली।** मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना बुधवार को पहली बार 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

एक्सचेंज से मिली जानकारी के अनुसार, शाम 4.30 बजे सोना वायदा पिछले दिवस की तुलना में 7,132 रुपये (4.75 प्रतिशत) की तेजी के साथ 1,57,697 रुपये प्रति दस ग्राम बोला गया। यह सोने का अब तक का उच्चतम स्तर है। चांदी ने भी 10,228 रुपये (3.16 प्रतिशत) की तेजी के साथ पहली बार 3,33,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंचकर नया रिकॉर्ड बनाया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड मुद्दे पर की गई कार्रवाई और दिए गए बयानों से विदेशों में भी निवेशकों ने सुरक्षित धातु की शरण ली जिससे सोने में तेजी देखी गई। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सोना वायदा 2.12 प्रतिशत उछलकर 4,867 डॉलर प्रति औंस बोला गया। यह पहली बार 4,800 डॉलर पर पहुंचा है। यह लगातार तीसरी तेजी है। चांदी में विदेशों में 0.42 प्रतिशत का उछाल आया और यह 0.394 डॉलर चढ़कर 95.03 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

# अनुज चौधरी पर FIR का आदेश देने वाले सम्भल जज का ट्रांसफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- उप्र में 14 और जजों के ट्रांसफर किए गए, कुछ जजों की जगह अदला- बदली भी की गई

**लखनऊ/ सम्भल।** उत्तर प्रदेश का सम्भल पिछले कई महीनों से लगातार चर्चा में बना हुआ है। चर्चा में होने की कई वजहें रही हैं। पहले यहां हुई हिंसा और बाद में हुई कार्रवाई भी चर्चा की वजह बनी रही है। अब यहां मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) विभांशु सुधीर का ट्रांसफर हो गया है। यही वजह है कि एक बार फिर सम्भल फिर चर्चा में आ गया है।

खास बात यह है कि विभांशु सुधीर वही जज हैं, जिन्होंने 9 जनवरी को एएसपी अनुज चौधरी समेत 20 पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। अब सम्भल का नया सीजेएम आदित्य सिंह को बनाया गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की तरफ से एक लिस्ट जारी की गई थी। इस लिस्ट में 14 जजों के ट्रांसफर किए गए हैं। कुछ जजों की जगह अदला-बदली भी की गई है। सबसे चौंकाने वाला नाम इस लिस्ट में सम्भल के सीजेएम का था। ऐसा इसलिए क्योंकि वह 9 जनवरी के बाद से ही चर्चा में बने हुए थे। सीजेएम विभांशु सुधीर ने 9 जनवरी को मामले की सुनवाई के दौरान आदेश दिया था कि एएसपी अनुज चौधरी समेत अन्य 20 अन्य पुलिसकर्मियों पर केस दर्ज किया जाए।

### सम्भल में वकीलों का प्रदर्शन

सम्भल में सीजेएम विभांशु सुधीर के ट्रासफर के बाद वकीलों का गुस्सा फूट पड़ा है। बुधवार को दर्जनों वकीलों ने कोर्ट के बाहर जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान वकीलों ने सीजेएम साहब को वापस लाओ के नारे लगाए।

# मॉडर्न वॉर में एयर पावर निर्णायक: वायुसेना चीफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- कहा: मजबूत सैन्य ताकत बनने को इस पर फोकस जरूरी
- ऑपरेशन सिंदूर में पाक घुटनों पर आया



**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने आधुनिक युद्ध में वायुसेना की बढ़ती भूमिका पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई हो या संघर्ष क्षेत्रों में ऑपरेशन, एयरफोर्स ने तेज और निर्णायक नतीजे दिए हैं।

नई दिल्ली में आयोजित 22वें सुब्रतो मुखर्जी सेमिनार को संबोधित करते हुए उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में कई ठिकानों पर कुछ ही घंटों में हमले की क्षमता का जिक्र किया। चीफ मार्शल ने आगे कहा कि यदि हमें एक प्रभावशाली शक्ति बनना है तो इस हिस्से पर ध्यान केंद्रित करना बेहद जरूरी है। चाहे वह संघर्ष क्षेत्र से लोगों को सुरक्षित निकालने की बात हो, आतंकवादी ढांचे और उनके अपराधियों पर प्रहार करना हो। या फिर कुछ ही घंटों में पाकिस्तान के ठिकानों पर हमला कर यह संदेश देना हो कि अब बहुत हो चुका है और उन्हें घुटनों पर लाया जा सके। हर जगह वायु शक्ति ने ही निर्णायक भूमिका निभाई है। ऑपरेशन सिंदूर सैन्य सटीकता और रणनीतिक संघर्ष समाधान का एक महत्वपूर्ण उदाहरण रहा। यह अभियान 7 मई 2025 को शुरू किया गया था। ऑपेशन का मकसद 22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्रों में मौजूद आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के 12 से 13 लड़ाकू विमान मार गिराए थे। इनमें जमीन पर मौजूद चार से पांच एफ-16 और हवा में पांच एफ-16 एवं जेएफ-17 शामिल थे। इसके अलावा दो जासूसी विमान भी तबाह किए गए। इससे पहले वायुसेना दिवस के अवसर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में एयर चीफ ने बताया था कि एस-400 ट्रायम्फ 'सुदर्शन चक्र' लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली का इस्तेमाल कर पाकिस्तान के पांच लड़ाकू विमान गिराए गए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### महंत नृत्य गोपाल दास की तबियत बिगड़ी मेदांता में भर्ती

**लखनऊ।** श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मणिराम छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत अचानक फिर बिगड़ने पर बुधवार को इलाज के लिए उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर विशेषज्ञों की देख रेख में उनका उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि महंत ने पिछले 36 घंटे से कुछ भी नहीं खाया है। उल्टी दस्त की समस्या के बाद महंत नृत्य गोपाल दास को लगातार कमजोरी महसूस होने पर चिकित्सक की निगरानी में रखा गया, लेकिन वह कुछ भी अन्न ग्रहण नहीं कर पा रहे हैं। अस्पताल के निदेशक डा. राकेश कपूर ने उनके भर्ती होने की पुष्टि करते हुए कहा कि अभी आधे घण्टे पूर्व आए हैं। इमरजेंसी में महंत नृत्य गोपाल दास की जांच चल रही है। जांच के आधार पर इलाज की दिशा तय की जाएगी।

### पर्यावरण मंत्रालय में 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन

**नई दिल्ली।** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को यहां वंदे मातरम के सामूहिक गायन का आयोजन किया। मंत्रालय में सचिव तन्मय कुमार के नेतृत्व में इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी राष्ट्र गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति में शामिल हुए और यहां इंदिरा पर्यावरण भवन में मंत्रालय के परिसर में राष्ट्रीय गीत के सामूहिक गायन की ध्वनि गूंजी। सामूहिक गायन का आयोजन देश के विभिन्न हिस्सों में मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालयों में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सोमवार 19 जनवरी से रविवार 26 जनवरी तक राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष के स्मरणोत्सव के चरण-2 के हिस्से के रूप में मनाया जा रहा है।

### न्याय, समता और बंधुता भारतीय संविधान की आत्मा

# विधायिका समाज को दिशा देती है : योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मुख्यमंत्री ने कहा: न्याय कैसे प्राप्त किया जाए, इसका मार्ग विधायिका तय करती है
■ भव्य जनोत्सव के रूप में मनाया जाएगा इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस-2026: सीएम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि न्याय, समता और बंधुता भारतीय संविधान की आत्मा हैं और इन्हीं मूल्यों के आधार पर देश की विधायिका समाज को दिशा देने का कार्य करती है। मुख्यमंत्री ने यह बात लखनऊ में आयोजित अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कही।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश की राजधानी इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजन की साक्षी बनी है। उन्होंने कहा कि जो लोग इस सम्मेलन से सीधे जुड़े हैं, वे अपने अनुभवों के माध्यम से इसकी गंभीरता और उपयोगिता को महसूस कर रहे हैं, जबकि अन्य लोग मीडिया के जरिए इसकी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में शामिल सभी पीठासीन अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह मंच केवल संवाद का अवसर नहीं है, बल्कि यह तय करने का भी माध्यम है कि लो. कतांत्रिक संस्थाओं का उपयोग कैसे किया जाए और वे किस दिशा में आगे बढ़ें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि न्याय कैसे प्राप्त किया जाए, इसका मार्ग विधायिका तय करती है, क्योंकि वही ऐसे कानूनों का निर्माण करती है, जो समाज के प्रत्येक वर्ग को न्याय दिलाने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि विधायिका समतामूलक समाज की स्थापना का माध्यम है। उन्होंने कहा कि बंधुता का अर्थ यह है कि सहमति और असहमति के बावजूद हम सब एक साथ आगे बढ़ते हैं और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का सम्मान करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सशक्त विधायिका ही सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला है और ऐसे आयोजनों से देश में बेहतर संसदीय परंपराओं को मजबूती मिलती है। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश दिवस-2026 को इस वर्ष व्यापक जनभागीदारी के साथ भव्य जनोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। 24 से 26 जनवरी तक आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन में प्रदेश की संस्कृति, शिल्प, व्यंजन और विकास यात्रा को एक साथ प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उत्तर प्रदेश दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रदेश की पहचान, उपलब्धियों और संभावनाओं को जनसहयोग के साथ सामने लाने का अवसर है। इस वर्ष केन्द्रीय गृह एवं सहका. रिता मंत्री अमित शाह उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के मुख्य अतिथि होंगे, जिससे आयोजन को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान मिलेगी।

### मुख्यमंत्री योगी ने मेघालय, मणिपुर और त्रिपुरा के स्थापना दिवस पर दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेघालय, मणिपुर और त्रिपुरा के स्थापना दिवस के अवसर पर इन राज्यों के नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने इन पूर्वोत्तर राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और विकास की निरंतर प्रगति की कामना की। योगी आदित्यनाथ ने मेघालय राज्य के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पुरातन परंपराओं के अनुपम प्रतीक मेघालय की पहचान उसकी प्रकृति, संस्कृति, संस्कार और लोक आस्था से है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि यह राज्य उन्नति और प्रगति के नए-नए आयाम गढ़ते हुए विकास की नवीन ऊंचाइयों को स्पर्श करता रहे।

# खड़गे-राहुल मनरेगा श्रमिकों से करेंगे सीधा संवाद

नई दिल्ली, वार्ता



■ कार्यक्रम में देश के 25 राज्यों से 400 से अधिक मनरेगा श्रमिक तथा कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे

कांग्रेस ने गुरुवार को यहां महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना-मनरेगा पर एक राष्ट्रीय संवाद का आयोजन किया है, जिसमें देश के करीब 25 राज्यों से 400 से अधिक मनरेगा श्रमिक तथा कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे और मनरेगा को खत्म करने से हो रहे नुकसान पर व्यापक चर्चा करेंगे।

कांग्रेस रचनात्मक विभाग के प्रमुख संदीप दीक्षित ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मनरेगा लोगों को अधिकार के रूप में मिला है, लेकिन भाजपा सरकार ने इस अधिकार को छीना है और कांग्रेस इसका विरोध कर रही है और इसकी बहाली के लिए देशव्यापी आंदोलन चला रही है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने मनरेगा में काम किया है उनके विचार से रू ब रू होने के मद्देनजर गुरुवार को यहां जवाहर भवन में संवाद कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें मनरेगा से जुड़े देशभर से आए लोग चर्चा करेंगे और आगे के लिए रणनीति बनाएंगे। इस कार्यक्रम में करीब 25 राज्यों से मनरेगा के रूप में काम करने वाले श्रमिकों के साथ ही मनरेगा के लिए काम करने वाले लोग भी शामिल होंगे और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी मनरेगा श्रमिकों के साथ सीधा संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि मनरेगा को बदलकर भाजपा जिस नए एक्ट (वीबी-जी राम जी) को लाई है, उसका कांग्रेस लगातार विरोध कर रही है। कई राज्यों और जिलों में 'मनरेगा बचाओ अभियान' चलाया जा रहा है। आखिर सरकार ने श्रमिकों के अधिकारों पर हमला किया है। पंचायत के लोग इस कार्यक्रम में बताएंगे कि किस तरह से मनरेगा ने उनकी मदद की है और उनके गांवों में विकास कार्य हुआ है इन सब मुद्दों पर इसमें चर्चा की जाएगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि मनरेगा योजना कोविड के समय में करोड़ों लोगो के लिए एक संजीवनी बनी थी। मनरेगा ने लोगों के मन में अपनी जगह बना ली थी। ऐसे में हमने तमाम ऐसी संस्थाओं से संवाद किया, जो किसानों और मजदूरों के अधिकारों के लिए काम करते रहे हैं। संवाद और चर्चाओं में एक ही बात निकल कर आई है कि लोगों के अधिकार छीने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में मनरेगा पर संवाद होगा और जो कार्यकर्ता हैं वे अपने विचार रखेंगे। ये वो लोग हैं, जिन्होंने

# क्षमा याचना से मन हल्का होता है: अखिलेश यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बीते दिनों प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के साथ घटित घटना को लेकर भाजपा सरकार को नसीहत दी है।

अखिलेश ने कहा कि किसी अन्य की गलती के लिए भी यदि कोई व्यक्ति अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हो, तो भी क्षमा मांगने से कोई छोटा नहीं हो जाता। बल्कि क्षमा याचना से मन हल्का होता है और वातावरण में सकारात्मकता आती है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा कि महान और विवेकशील लोग जानते हैं कि किसी धृष्टता या अनुचित व्यवहार के पीछे कई बार किसी अन्य व्यक्ति का व्यक्तिगत कारण अथवा स्वार्थ छिपा होता है। ऐसे में बड़े मन से क्षमा स्वीकार करना और स्नेह-आशीर्वाद देना ही महानता का प्रतीक है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति ने सदियों से क्षमा के महत्व को सर्वोच्च स्थान दिया है और इसी भावना को दर्शाते हुए कहा गया है- 'क्षमा वीरस्य भूषणम।' उन्होंने कहा कि समाज में शांति, सद्भाव और सम्मान बनाए रखना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

# लखनऊ बना उप्र का पहला 'शत प्रतिशत कचरा संशोधित' शहर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/लखनऊ।** शहरी स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है और वह राज्य का पहला 'शत प्रतिशत कचरा संशोधित' (जीरो फ्रेश वेस्ट डंप) शहर बन गया है।

लखनऊ ने यह उपलब्धि 'स्वच्छ भारत मिशन- शहरी' के अंतर्गत लखनऊ नगर निगम (एलएमसी) द्वारा शहर के 100 प्रतिशत ठोस अपशिष्ट (कचरा) के वैज्ञानिक प्रसंस्करण के साथ हासिल की है। इस उपलब्धि की नींव शिवारि ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र (सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट) के शुभारंभ के साथ रखी गई, जिसकी प्रसंस्करण क्षमता 700 मीट्रिक टन प्रतिदिन है। इस प्लांट के शुरू होने के बाद लखनऊ नगर निगम के पास अब कुल तीन आधुनिक कचरा प्रसंस्करण संयंत्र हो गए हैं, जिनकी संयुक्त क्षमता 2,100 मीट्रिक टन प्रतिदिन है। इससे शहर में उत्पन्न होने वाले संपूर्ण दैनिक कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान संभव हो गया है और खुले में कचरा डंप करने की आवश्यकता समाप्त हो गई है। लखनऊ करीब 40 लाख की आबादी और 7.5 लाख से अधिक प्रतिष्ठानों वाला एक तेजी से बढ़ता शहरी केंद्र है। बढ़ती आबादी के साथ कचरा प्रबंधन एक बड़ी चुनौती रहा है, जिसे नगर निगम ने वैज्ञानिक अपशिष्ट निपटान, संसाधन पुनर्प्राप्ति और सतत शहरी विकास की बहु-आयामी रणनीति के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया है। नगर निगम और भूमि ग्रीन एनर्जी के सहयोग से स्थापित तीनों संयंत्रों में प्रतिदिन उत्पन्न लगभग 2,000 मीट्रिक टन कचरे का प्रसंस्करण किया जा रहा है। कचरे का 55 प्रतिशत जैविक और 45 प्रतिशत अजैविक वर्गों में बांटा जाता है। जैविक कचरे से कंपोस्ट और बायोगैस का उत्पादन होता है, जबकि अजैविक कचरे को पुनर्चक्रित अथवा रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल (आरडीएफ) में बदलकर सीमेंट और कागज उद्योगों में उपयोग किया जा रहा है।

### खड़गे ने केरल कांग्रेस के नेताओं की दिल्ली में बुलाई बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केरल विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस के नेताओं की दिल्ली में बैठक बुलाई है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि यह बैठक पार्टी मुख्यालय इंदिरा भवन में 23 जनवरी को होगी। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटा कांग्रेस नेतृत्व एक के बाद एक चुनावी राज्यों के नेताओं के साथ दिल्ली में बैठक कर रहा है। इस वर्ष विधानसभा चुनाव वाले राज्य पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुड्डुचेरी के नेताओं के साथ बैठक का दौर जारी है।कांग्रेस नेतृत्व ने 23 जनवरी को केरल कांग्रेस के अध्यक्ष, प्रभारी और राज्य के वरिष्ठ नेताओं को दिल्ली बुलाया है।



सेंसेक्स 84695.54
निफ्टी 25942.10



सोना रु. 138161
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 243883
प्रति किलो



# शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन टूटा सेंसेक्स में 1282 अंक का उतार-चढ़ाव

मुंबई, वार्ता



ग्रीनलैंड को लेकर जारी वैश्विक अनिश्चितता के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और बीएसई के 30 शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स में 1,282 अंक का उतार-चढ़ाव देखा गया। घरेलू स्तर पर रुपये पर जारी दबाव का असर भी देखा जा रहा है।

रुपया फिलहाल मंगलवार के मुक. ाबले 74 पैसे नीचे 91.71 रुपये प्रति डॉलर पर है। भारतीय मुद्रा पहली बार इस स्तर तक टूटी है। सेंसेक्स सुबह 386 अंक नीचे खुला। यह दोपहर से पहले 81,124.45 अंक तक उतरने के बाद दोपहर बाद 82,407.05 अंक तक चढ़ा। इस प्रकार सूचकांक ने एक ही दिन में 1,282 अंक का उतार-चढ़ाव देखा। अंत में पिछले कारोबारी दिवस की तुलना में 270.84 अंक (0.33 प्रतिशत) नीचे 81,909.63 अंक पर बंद हुआ, जो 08 अक्टूबर 2025 के बाद का निचला स्तर है। इससे पहले, मंगलवार को सेंसेक्स 1,066 अंक गिरा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक एक समय 312 अंक तक टूटने के बाद अंत में 75 अंक यानी 0.30 प्रतिशत नीचे 25,157.50 अंक पर बंद हुआ। यह सूचकांक का 14 अक्टूबर 2025 के बाद का निचला स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 1.10 अंक और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.90 अंक लुढ़क गया। धातु (0.57 प्रतिशत) और तेल एवं गैस (0.27 प्रतिशत) समूहों के सूचकांकों में तेजी रही, जबकि अन्य सभी सेक्टरों के सूचकांक लुढ़क गए। सेंसेक्स की कंपनियों में आईसी आईसीआई बैंक का शेयर दो प्रतिशत के करीब टूटा। ट्रेंट, बीईएल, एचडीएफसी बैंक और एलएंडटी में एक से दो प्रतिशत की गिरावट रही। भारतीय स्टेट बैंक, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी लाल निशान में रहे। इटरनल का शेयर पांच प्रतिशत चढ़ा। अल्ट्राटेक सीमेंट और इंडिगो में भी एक से दो प्रतिशत की तेजी रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज, अडानी पोर्ट्स, पावरग्रिड, टाटा स्टील, टीसीएस, बजाज फिनसर्व और टेक महिंद्रा के शेयरों में भी तेजी रही।

# आने वाले समय में होगा अधिक विद्युत क्षेत्र का विस्तार : मनोहर लाल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि बढ़ती अर्थव्यवस्था को आज की कल्पना से कहीं अधिक एक समृद्ध विद्युत क्षेत्र की आवश्यकता है आने वाले समय में विद्युत क्षेत्र का अधिक विस्तार होने वाला है। खट्टर से बुधवार को यहां विद्युत वितरण उद्योग सम्मेलन (ईडीकॉन) 2026 के उद्घाटन के बाद कहा कि बढ़ती अर्थव्यवस्था को आज की कल्पना से कहीं अधिक एक समृद्ध विद्युत क्षेत्र की आवश्यकता है। ऐसे में, हमारे डीएससीओ का मजबूत, समृद्ध और आर्थिक रूप से सशक्त होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। मजबूत डीएससीओ का अर्थ बेहतर सेवाएं और उपभोक्ताओं की जरूरतों के प्रति अधिक संवेदनशीलता है। उन्होंने राज्य विद्युत नियामक आयोगों से लागत के अनुरूप टैरिफ की दिशा में आगे बढ़ने का आग्रह किया। उन्होंने साथ ही विद्युत अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार जरूरतमंद उपभोक्ताओं के लिए लक्षित सब्सिडी सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। खट्टर ने इस दौरान छह अलग-अलग श्रेणियों में 12 वितरण कंपनियों को स्वर्ण और रजत पुरस्कार प्रदान किए।

# चावल, गेहूं, खाद्य तेलों में तेजी दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। गेहूं और खाद्य तेलों में भी तेजी रही, जबकि चीनी की कीमत स्थिर बनी रही। दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत दो रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं तीन रुपये महंगा हुआ और 2,856 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। वहीं आटे की कीमत 10 रुपये घटी। दाल-दलहनों में मिश्रित रुख रहा। तुअर दाल और उड़द दाल औसतन छह रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। चना दाल और मूंग दाल पांच-पांच रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। वहीं मसूर दाल में 17 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 60 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,154 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा 0.61 प्रतिशत चढ़कर 52.87 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 63 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वनस्पति में 72 रुपये और सूरजमुखी तेल में 41 रुपये की तेजी रही। पाम ऑयल 37 रुपये मजबूत हुआ। सोया तेल 29 रुपये और मूंगफली तेल 28 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव तीन रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। चीनी कमोबेश पिछले दिवस के स्तर पर ही रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन : दाल चना 7785.27 रुपये, मसूर काली 8127.73 रुपये, मूंग दाल 10103.95 रुपये, उड़द दाल 10433.24 रुपये, तुअर दाल 10637.48 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2859.32 रुपये और चावल 3855.86 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3296.16 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4292.49 रुपये और गुड़ 4989.41 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

# अविमुक्तेश्वरानंद ने मेला प्राधिकरण को नोटिस का जवाब भेजा

प्रयागराज, वार्ता

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने प्रयागराज मेला प्राधिकरण के नोटिस का जवाब उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता ए के मिश्रा के माध्यम से भेज दिया है।

अधिवक्ता की तरफ से कल रात आठ पन्नों का प्रयागराज मेला प्राधिकरण को भेजे गए है इस विस्तृत जवाब में मेला प्राधिकरण के आरोपों को सिरे से नकार दिया गया है। नोटिस के जवाब में कहा गया है कि ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी ने जीवनकाल में ही अविमुक्तेश्वरानंद को उत्तराधिकारी नियुक्त किया था। 11 सितम्बर 2022 को ब्रह्मलीन हुए थे शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज 12 सितम्बर 2022 को वैदिक विधिविधान के साथ स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का विधिवत अभिषेक किया गया एवं सार्वजनिक समारोह में शंकराचार्य पद पर प्रतिष्ठापन किया गया था। उच्चतम न्यायालय के संज्ञान में लाया गया कि अभिषेक पहले ही हो चुका था, 14 अक्टूबर 2022 के आदेश में यह तथ्य दर्ज है शंकराचार्य पद पर बने रहने को लेकर किसी भी न्यायालय से कोई स्थगन आदेश नहीं है। श्रृंगेरी, द्वारका और पुरी पीठ के शंकराचार्यों का समर्थन होने का दावा किया गया है। भारत धर्म महामंडल द्वारा भी मान्यता का उल्लेख किया गया है। ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती की पंजीकृत वसीयत को वैध बताया गया है। गुजरात उच्च न्यायालय ने वसीयत को चुनौती देने वाली याचिका खारिज की थी। यह जानकारी नोटिस के जवाब में दी गई है। विरोधी पक्ष के बयानों को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय में मानहानि वाद दायर किया गया था, लेकिन विरोधी द्वारा दायर आवेदन बाद में वापस लिया गया कुछ व्यक्तियों पर उच्चतम न्यायालय में गलत जानकारी देने का आरोप भी लगा था। फर्जी दस्तावेज पेश करने और भ्रम फैलाने का दावा किया गया है। इस नोटिस में प्रयागराज मेला प्राधिकरण के पत्र को अधिकार क्षेत्र से बाहर बताया गया है। इस प्रशासनिक हस्तक्षेप को असंवैधानिक करार दिया है मामला उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन तीसरे पक्ष के बयान को न्यायाधीन बताया गया है। शंकराचार्य पद को लेकर भ्रम फैलने से सामाजिक और प्रतिष्ठा की क्षति का दावा किया गया है नोटिस के जवाब में यह कहा गया है कि अगर 24 घंटे में अगर मेला प्रशासन ने नोटिस वापस नहीं लेता है तो न्यायालय की अवमानना और शंकराचार्य परंपरा एवं स्वामी जी की छवि धूमिल करने के लिए विधिक कार्यवाही की जाएगी। नोटिस का जवाब प्राधिकरण उपाध्यक्ष को मेल के जरिए भी भेजा गया है।

# कीटनाशकों के ई-कॉमर्स के लिए बनें कड़े कानून: संगठन

नई दिल्ली, वार्ता



कीटनाशक बनाने वाली 17 बड़ी कंपनियों के संगठन 'क्रॉपलाइफ इंडिया' ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर इनकी बिक्री के लिए कड़े कानून बनाने की मांग की है, ताकि घटिया या नकली उत्पादों से किसानों को संभावित नुकसान की स्थिति में जवाबदेही तय की जा सके।

क्रॉपलाइफ इंडिया के अध्यक्ष और क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन के कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अंकुर अग्रवाल ने बुधवार को यहां ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर फसलों की सुरक्षा से संबंधित उत्पादों पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन से इतर संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि मौजूदा समय में कीटनाशकों का विनियमन इनसेक्टिसाइड्स एक्ट, 1968 के तहत होता है। सरकार ने साल 2022 में इसमें संशोधन कर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आम उत्पादों की तरह कीटनाशकों की बिक्री के लिए भी अनुमति प्रदान की थी। अब सरकार पेस्टिसाइड मैनेजमेंट विधेयक लाने की तैयारी कर रही है, जिसका प्रारूप तैयार हो चुका है। सरकार ने संगठन से 04 फरवरी तक अपने सुझाव सौंपने के लिए कहा है। विधेयक के प्रारूप का स्वागत करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि जिस प्रकार विक्रेता को लाइसेंस की जरूरत होती है उसी तरह ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों के लिए भी लाइसेंस या मान्यता अनिवार्य की जानी चाहिए। वर्तमान समय में यह सुनिश्चित करने का कोई तरीका नहीं है कि ऑनलाइन बिक रहा पेस्टिसाइड असली है या नकली। उन्होंने कहा कि यदि कोई कंपनी बिना लाइसेंस के कीटनाशक बेच रही है, तो उस पर भी नकली उत्पाद की तरह ही कार्रवाई होनी चाहिए। कार्यक्रम को केंद्रीय कृषि आयुक्त पीके सिंह और केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड एवं पंजीकरण समिति के सचिव सुभाष चंद ने भी संबोधित किया। अग्रवाल के अनुसार इस समय देश का घरेलू कीटनाशक बाजार लगभग 26 हजार करोड़ रुपये का है और निर्यात 40 हजार करोड़ रुपये है।

उन्होंने कहा कि घरेलू बिक्री में एक प्रतिशत से कुछ कम हिस्सेदारी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म की है। इसमें कई बार नकली और घटिया कीटनाशकों की खबरें भी आती हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारी तय करने के लिए कोई नियम नहीं होने के कारण उसके माध्यम से नकली उत्पादों की बिक्री और आसान हो जाती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर कीटनाशकों पर भारी छूट के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जरूरी नहीं है कि उत्पाद घटिया हों, कंपनियों की बाजार पर कब्जे की कोशिश भी एक कारण हो सकता है।

उन्होंने कहा कि वे किसी अधिकतम या न्यूनतम मूल्य का समर्थन नहीं करते। विधेयक के प्रारूप में प्रावधान है कि कंपनियों को आवेदन के 12 महीने के भीतर लाइसेंस नहीं मिलने पर उसे मंजूर मान लिया जाएगा। अग्रवाल ने इसे उचित बताते हुए इससे सेफ्टी के साथ समझौते की आशंकाओं को खारिज कर दिया। उन्होंने बताया कि आज भी देश में कीटनाशकों का इस्तेमाल काफी कम होता है। यह करीब 500 ग्राम प्रति हेक्टेयर है, जबकि कई विकसित देशों में यह औसत चार-पांच हजार ग्राम प्रति हेक्टेयर है। अग्रवाल ने बताया कि अगले 10 साल में कीटनाशक उद्योग में औसतन 8.10 प्रतिशत सालाना की दर से वृद्धि की उम्मीद है।

# शेरबाज पठान आसपा में शामिल

## कांग्रेस को दिया धीरे से जोर का झटका, आसपा को मिलेगी मजबूती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं चांदपुर की चेयरपर्सन जीनत परवीन के शौहर शेरबाज पठान अपने समर्थकों के साथ आजाद समाज पार्टी में शामिल हो गए है। उन्होंने कांग्रेस को जोर का झटका धीरे से दे दिया है। शेरबाज पठान के द्वारा उठाए गए कदम के कई घंटे बाद उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति के सदस्य श्याम किशोर शुक्ला ने पत्र जारी कर उनको छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित किए जाने की घोषणा की। हालांकि उनके इस पत्र का कोई महत्व नहीं रह गया है।



प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद की राजनीति में अपना अलग वजूद रखने वाले दिग्गज नेता शेरबाज पठान ने अपने समर्थकों के साथ दिल्ली में आसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर के हाथों पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। उनके साथ हाजी यूसुफ एवं अमरोहा बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष महाराज सिंह एड. ने भी आसपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान आसपा नेता ओमपाल वालियान, ईश्वर दयाल, रईस कुरैशी आदि भी मौजूद थे। आसपा अध्यक्ष चन्द्रशेखर ने उन्हें पार्टी का पटका पहना कर सदस्यता ग्रहण कराई।

गौरतलब है कि शेरबाज पठान जनपद के दिग्गज नेता है। वह जमीन से जुड़े हुए नेता है और चांदपुर के साथ-साथ पूरे जनपद में उनके समर्थक भारी संख्या में मौजूद है। वह जनपद की राजनीति पर मजबूत पकड़ रखते है। चांदपुर विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ नगर में उनकी मजबूत पकड़ है। विरोधी भी उनका लोहा मानते हैं। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पद से हटने के बाद उनके अगले कदम पर सभी की नजर थी। उनके ऊपर आजाद समाज पार्टी में शामिल होने का भारी दबाव था। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने उनका सम्मानजनक समायोजन नहीं किया। पार्टी के वरिष्ठ नेता जिस तरह से संगठन को चला रहे है और प्रदेश में जिस तरह की स्थिति कांग्रेस में बनी हुई है, उसमें भी शेरबाज पठान जरूर स्वयं को असहज महसूस कर रहे होंगे। एक समय प्रियंका गांधी के बेहद करीबी रहे शेरबाज पठान ने जनपद में कांग्रेस को मजबूत करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी। इसी लिए भाजपा सरकार ने उनके खिलाफ सीएए के आंदोलन के दौरान तमाम मुकदमें दर्ज कराए थे। वह हमेशा विरोधियों के निशाने पर रहते हैं। वह सच को सच बोलने में ही विश्वास रखते हैं। वह किसी से भी नहीं डरते हैं। उन्होंने खुद को सूरमा समझने वाले नेताओं को भी उनकी औकात दिखाई है। शेरबाज पठान के इस कदम से जनपद में आजाद समाज पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी। पार्टी में शामिल होने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। अन्य नेताओं को भी इससे प्रेरणा मिलेगी। जनपद में आसपा का कुनबा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। चुनाव में इसका फायदा होगा।

### तिरंगा विवाद का शांतिपूर्ण समाधान

**स्योहारा।** नगर के ठाकुर मंदिर परिसर में राष्ट्रीय तिरंगा लगाने को लेकर चल रहे विवाद का आखिरकार शांतिपूर्ण ढंग से निस्तारण हो गया। पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने सोशल मीडिया के माध्यम से स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि कुछ लोगों द्वारा यह भ्रम फैलाया गया कि राष्ट्रीय ध्वज का विरोध किया जा रहा है जबकि वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग थी। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि तिरंगे का किसी प्रकार का विरोध नहीं किया गया, बल्कि केवल यह बात सामने रखी गई थी कि ठाकुर मंदिर में स्थापित हनुमान मूर्ति के ठीक ऊपर या उसके समकक्ष तिरंगा न आए। लोगों की आस्था से जुड़ा विषय होने के कारण यह सुझाव दिया गया कि राष्ट्रीय ध्वज को कुछ फिट और ऊंचा लगाया जाए ताकि हनुमान मूर्ति की गरिमा और सौंदर्य पर कोई प्रभाव न पड़े। भाजपा सभासद श्वेत रस्तोगी ने कहा कि उनका उद्देश्य था कि तिरंगा हनुमान मूर्ति से ऊपर लगाया जाए न कि मूर्ति के बराबर या उस पर आच्छादित हो। इससे मूर्ति की सुंदरता भी बनी रहे और राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान भी पूरी तरह हो। पालिका अध्यक्ष द्वारा तिरंगे की ऊंचाई बढ़ाए जाने के निर्णय के बाद पूरा विवाद स्वतः समाप्त हो गया।

## एक नजर

### नूरपुर ब्लॉक में प्रशिक्षण



**नूरपुर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत विकासखंड सभागार में ग्राम पंचायत विकास योजना, क्षेत्र पंचायत विकास योजना एवं जिला पंचायत विकास योजना निर्माण के विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, खंड विकास अधिकारी डॉ. दिनेश पाल शर्मा, प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम व ममता सैनी द्वारा किया गया। ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने विकास योजना निर्माण के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विकास योजना निर्माण की प्रक्रिया को समझाना था। प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम द्वारा सतत विकास के 17 लक्ष्यों पर चर्चा की गई। सभी लक्ष्यों को 2030 तक प्राप्त करना है। सतत विकास के लक्ष्यों के स्थानीयकरण विषय पर आधारित नौ थीम पर चर्चा की गई।

### शिव सैनिकों ने सौंपा ज्ञापन



**कालागढ़।** कोर्बेट टाइगर रिजर्व से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों में जंगल से निकल आने वाले जंगली जानवरों के कारण किसानों की फसलें बर्बाद हो रही है। शिव सेना जिला अध्यक्ष संजय राणा का कहना है कि जंगली जानवरों से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। रात के समय खेतों में घुसकर ये जानवर पूरी फसल नष्ट कर रहे हैं। उन्होंने जंगली जानवरों द्वारा नष्ट की गई फसलों का यथा शीघ्र सर्वे कर अधिकतम मुआवजा प्रदान करने की मांग की। साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी टावरों के निर्माण की मांग की गई। किसी भी जंगली जानवर के कारण मानव मृत्यु होने पर पचास लाख रुपये का मुआवजा दिए जाने की मांग की गई। इस संबंध में जिम्मेदार नागरिकों को ज्ञापन भेजा गया।

### राजीव कुमार जिलाध्यक्ष नियुक्त



**बिजनौर।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा ने संगठन को अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राजीव कुमार को जनपद का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। राजीव कुमार की इस जिम्मेदारी को लेकर संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। राजीव कुमार ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि वह संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और हिंदुत्व एवं राष्ट्रहित में पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### फायरिंग प्रकरण में किशोर को पकड़ा

**बिजनौर।** 22 दिसम्बर को चक्कर रोड बाइपास स्थित देवी लोक कॉलोनी में गन्ने के खेत में 40-50 अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा आपसी रंजिश को लेकर एक-दूसरे पर धारदार हथियारों से हमला करने एवं जान से मारने की नीयत से फायररिंग की सूचना पुलिस को मिली थी। उपनिरीक्षक संजय कुमार ने शहर कोतवाली में गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें सात क्रिमिनल एक्ट भी लगाई गई थी। विवेचना के दौरान अभियुक्तों के नाम प्रकाश में आने पर दीपक उर्फ पठान पुत्र राजपाल निवासी ग्राम भवानीपुर (मंडावर), पंकज पुत्र घनश्याम निवासी रामपुर बकली एवं दूसरे पक्ष के ऋषभ पुत्र धर्मवीर निवासी ग्राम तीमरपुर व जैद उर्फ कलवा पुत्र नसीम अहमद निवासी ग्राम जंदरपुर सहित अभय पुत्र सुनील निवासी ग्राम धनुवाला को हथियारों सहित गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था। इस मामले में आज एक किशोर को पकड़ा गया है।

### संचारी रोगों से बचाव को निकाली रैली



**नगीना।** एम.एम. इंटर कॉलेज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना की कस्बा कोटरा की कैंप के चतुर्थ दिवस में कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी रामकुमार सिंह गौतम तथा दिवस के विशेष कार्यक्रम संचारी रोग के अतिथि डॉ. माज शमसी, डा. अनमोल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम संयोजक राम कुमार सिंह गौतम ने अतिथियों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। अतिथियों ने इस कार्यक्रम अनुसार संचारी रोग के संदर्भ में ग्राम वासियों को तथा सेवक सेविकाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में आए समस्त मेडिकल स्टाफ ने संचारी रूप के संबंध में बचाव के सभी तरीकों से सेवक सेविकाओं को अवगत कराया। इस कार्यक्रम का निरीक्षण प्रधानाचार्य पंडित दीनदयाल राजकीय इंटर कॉलेज बेनीपुर कोपा कैलाश चंद ने किया। कैंप कार्यालय में किए जा रहे कार्यो का पर्यवेक्षण करके सभी की सराहना की। इस मौके पर ग्राम कोटरा में एक रैली कार्यक्रम के द्वारा संचारी रोगों के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन शहजाद अहमद ने किया तथा विद्यालय के अध्यापक नर सिंह, मोनिस हिलाल, सहायक व सहायिका मिथुन कुमार तथा पूनम रानी ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

### ग्रामीणों को आमंत्रण पत्र दिए

**अफजलगढ़।** सर्व हिन्दू समाज के पदाधिकारियों ने गांव भूतपुरी में घर घर भ्रमण कर लोगों से संपर्क कर विराट हिन्दू सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आमंत्रण पत्र दिए। गांव हाफिजाबाद में 25 जनवरी को होने वाले हिन्दू सम्मेलन की तैयारियां शुरू हो गई है। इसके तहत समिति के पदाधिकारी बुधबार को गांव भूतपुरी पहुंचे और घर-घर पहुंचकर हिन्दू सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की। समिति के कार्यक्रम अध्यक्ष पंडित देवेंद्र दत्त शर्मा ने बताया कि सम्मेलन का आयोजन जात पात को भुलाकर हिन्दुओं के एकजुटता के लिए किया जा रहा है, जिसमें आरएसएस के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। आमंत्रण देने वालों में देवेंद्र शर्मा, धर्मवीर सिंह, सौरभ शर्मा, चंद्रभान सिंह, नितिन कुमार, परवेन्दर सिंह, उदित कुमार, शुशील कुमार, नितिन कुमार आदि पदाधिकारी रहे।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com


## एक नजर

### घायल की उपचार के दौरान मौत



**शेरकोट।** थाना क्षेत्र के ग्राम शहजादपुर निवासी सद्दाम (18 वर्ष) पुत्र हारुन अपने दोस्त समीर पुत्र लड्डन व शब्बू पुत्र अकील के साथ धामपुर स्थित एक कॉलेज से बाइक द्वारा गांव वापस लौट रहा था। ग्राम वाजिदपुर के निकट अनियंत्रित हुई बाईक सड़क पर फिसल गई, जिससे तीनों छात्र घायल हो गये। घायल छात्रों को तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए धामपुर अस्पताल ले जाया गया। सद्दाम की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे इलाज के लिए मुरादाबाद रैफर कर दिया गया। लेकिन वहां इलाज के दौरान सद्दाम की मौत हो गई, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक 5 बहनों का इकलौता भाई था और कक्षा 12 में अध्ययनरत था।

### महामंत्री चंद्रपाल ने इस्तीफा सौंपा

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के गांव कादराबाद निवासी शिव सेना यूबीटी के महामंत्री चंद्रपाल सिंह ने संगठन में चल रही अंतरकलह व आपसी खींचतान के चलते अपना त्याग पत्र जिला अध्यक्ष चौधरी संजय राणा को सौंप दिया। हालांकि उन्होंने इस्तीफे में अंतरकलह के साथ अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का हवाला भी दिया। चंद्रपाल सिंह के अनुसार वह करीब दो वर्ष से शिव सेना यूबीटी में महामंत्री पद पर तैनात थे। वहीं अचानक उनके इस्तीफे से शिव सेना कार्यकर्ताओं उथल पुथल मच गई। इस सम्बंध में जिला अध्यक्ष चौधरी संजय राणा का कहना है उनका संगठन में जिला महामंत्री पद के प्रति निष्क्रियता के चलते इस्तीफा स्वीकार किया गया है।

### अवैध रूप से बनी दुकानों पर नोटिस चस्पा



**रेहड़।** क्षेत्र के गांव मोहिउद्दीनपुर में ग्राम समाज की सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बनी दो दुकानों पर लेखपाल ने नोटिस चस्पा किया है। नोटिस में 15 दिन के भीतर स्वयं अवैध कब्जा हटाने अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। लेखपाल जितेंद्र शर्मा ने बताया कि गांव मोहिउद्दीनपुर निवासी ईलमचंद पुत्र कल्लू सिंह ने 12 जनवरी 26 को तहसील दिवस में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव मोहिउद्दीनपुर में खाता संख्या 129, खसरा नंबर 117, रकबा 0.1260 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में बंजर दर्ज है। इस 0. 1260 हेक्टेयर भूमि में से 0.0200 हेक्टयर भूमि पर गांव निवासी खलील ने अवैध कब्जा कर दो दुकानों का निर्माण कर लिया था। 18 जनवरी 23 को भूमि प्रबंध समिति के सचिव/लेखपाल ने तहसीलदार न्यायिक धामपुर के न्यायालय में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 67 के अंतर्गत खलील के विरुद्ध एक वाद दायर किया था, जिसकी सुनवाई के उपरांत 17 जून 25 को तहसीलदार न्यायिक धामपुर ने खलील से 27600 रुपए क्षतिपूर्ति व राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल का एक दिन का वेतन 2590 रुपए व 1450 रुपए निष्पादन शुल्क वसूल किए जाने के साथ ही उसको भूमि से बेदखल करने का आदेश पारित किया था परंतु शिकायतकर्ता ईलमचंद का आरोप है कि अब तक उचित कार्यवाही नहीं हुई। लेखपाल जितेंद्र शर्मा ने बताया कि अब ईलमचंद द्वारा तहसील दिवस में की गई शिकायत पर ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से बनी दुकानों पर नोटिस चस्पा किया गया है।

### एसआईआर फार्म छः के लिए किया जागरूक



**किरतपुर।** विधायक मनोज पारस द्वारा आयोजित एसआईआर फार्म छः के बारे में लोगों को जागरुक करने के उदेश्य से एक कार्यक्रम बुधवार की दोपहर मुअज्जमपुर रोड स्थित विधायक मनोज पारस के कार्यालय पर आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ सपा नेता सैयद एजाज हुसैन ने कि व संचालन विधान सभा क्षेत्र अध्यक्ष शेख मौहम्मद जाहिद हुसैन ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन व डॉ. रमेश तोमर रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एसआईआर के प्रथम चरण में जो जोश आप लोगों ने दिखाया, वह काबिले तारीफ है। दूसरा चरण शुरू हो चुका है, इसमें अपने वोट बनवाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रहने दी जाएगी। पिछले चरण में विधायक मनोज पारस के विधानसभा क्षेत्र नगीना में पूरे जिले में सबसे अच्छा कार्य किया है। विधायक मनोज पारस ने कहा कि एसआईआर लागू कर के सरकार ने अच्छा काम किया है। इस कार्य से लोगों ने अपने वोट व दस्तावेज मुकम्मल कर लिए हैं। चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने कहा कि फार्म नम्बर छः भरने में यदि कोई दिक्कत किसी को आ रही हो तो वह गांव में ग्राम प्रधान से तथा शहर में सभासद से, चेयरमैन से व विधायक से सम्पर्क कर सकता है। इससे पूर्व सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में अनेक सपा नेता ग्राम प्रधान सभासद व आम लोगों ने भी भाग लिया।

# गेस्ट हाउस में युवक की मौत

### चार महीने पहले तय हुई थी शादी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल परिसर स्थित गेस्ट हाउस में ठहरे राजस्थान निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक का शव गेस्ट हाउस के कमरे में मिलने से मिल परिसर सहित पूरे नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

मृतक की पहचान उत्कर्ष सिसोदिया (30 वर्ष) पुत्र टिकेंद्र सिसोदिया, निवासी वैशाली नगर वार्ड नंबर-22, जयपुर (राजस्थान) के रूप में हुई है। युवक बीते 12 जनवरी से धामपुर शुगर मिल के गेस्ट हाउस में ठहरा हुआ था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्कर्ष सिसोदिया को एक न्यायिक अधिकारी की संस्तुति पर शुगर मिल के गेस्ट हाउस में ठहराया गया था। बताया जा रहा है कि युवक ने गेस्ट हाउस स्टाफ और मिल अधिकारियों से स्पष्ट रूप से अनुरोध किया था कि प्रातः 10 बजे के बाद उसे डिस्टर्ब न किया जाए। इसी कारण बुधवार की सुबह जब नियमित रूप से नाश्ता देने का समय हुआ तो अटेंडेंट करीब सुबह 9 बजकर 45 मिनट पर नाश्ता लेकर कमरे पर पहुंचा। कमरे का दरवाजा खुला देख अटेंडेंट को कुछ असहजता हुई। जब उसने अंदर जाकर देखा तो वह दृश्य देखकर घबरा गया। युवक का शरीर आधा बेड पर और आधा जमीन पर पड़ा हुआ था और उसमें किसी प्रकार की हलचल नहीं दिखाई दे रही थी। अटेंडेंट ने तुरंत इस घटना की जानकारी शुगर मिल के अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही मिल के अधिकारी मौके पर पहुंचे और तत्काल मिल के चिकित्सकों को बुलाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच कर युवक को बचाने का प्रयास किया, लेकिन परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद पूरे मामले की सूचना स्थानीय प्रशासन और पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम स्मृति मिश्रा, क्षेत्राधिकारी अभय पांडे, कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार, तहसीलदार धनराज सिंह सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने गेस्ट हाउस के कमरे का निरीक्षण किया और घटनास्थल की बारीकी से जांच शुरू कर दी। इसके साथ ही फील्ड यूनिट को भी बुलाया गया, जिसने कमरे से आवश्यक साक्ष्य एकत्र कर जांच की प्रक्रिया प्रारंभ की। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, इसलिए हर पहलू से जांच की जा रही है। युवक के कमरे, गेस्ट हाउस के रजिस्टर, सीसीटीवी फुटेज और कर्मचारियों के बयान भी जांच के दायरे में लिए गए हैं। बताया गया है कि मृतक उत्कर्ष सिसोदिया की शादी करीब चार महीने पहले ही बिजनौर जनपद के नगीना क्षेत्र स्थित गांव हैजरपुर निवासी एक युवती से तय हुई थी। युवक की अचानक हुई मौत की सूचना मिलते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन जयपुर से धामपुर के लिए रवाना हो गए हैं।

फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि युवक की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

# फर्जी फर्म बनाकर करोड़ों की जीएसटी चोरी

### चार आरोपी पुलिस गिरफ्त में



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** प्रदेश में टैक्स चोरी रोकने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत राज्य कर विभाग और पुलिस की संयुक्त जांच में करोड़ों रुपये की जीएसटी टैक्स चोरी के मामले मे पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। जबकि दो अन्य आरोपी फरार बताये जाते है

प्राप्त जानकारी के अनुसार डिप्टी कमिश्नर और राज्य कर अधिकारी खंड धामपुर संदीप कुमार वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने कुल छह मुकदमे दर्ज कर मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर की अगुवाई में विशेष जांच टीम (SIT) का गठन किया गया। जांच में यह खुलासा हुआ कि आरोपियों ने फर्जी व्यापार स्थल दिखाकर बिना वास्तविक माल की लेन-देन के बोगस बिल बनवाए और अवैध रूप से इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) पास-ऑन करके सरकारी खजाने को भारी नुकसान पहुँचाया।

साथ ही यह भी सामने आया कि ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिक रूप से कमजोर और मजदूर वर्ग के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का झांसा देकर उनसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बिजली बिल, सिम कार्ड और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज हासिल किए गए। इन दस्तावेजों का उपयोग कर आरोपियों ने कामा ट्रेडर्स, एमए ट्रेडर्स, स्काई एंटरप्राइजेज, सीएम टिम्बर्स और एसडी एंटरप्राइजेज नामक फर्जी GST फर्मे पंजीकृत करवाईं। जांच के अनुसार, एमए ट्रेडर्स फर्म के माध्यम से बिना वास्तविक व्यापार के 1.22 करोड़ रुपये की आउटवर्ड सप्लाई दिखाई गई और लगभग 22 लाख रुपये की फर्जी ITC पास-ऑन की गई। अन्य फर्जी फर्मों के जरिए कई स्तरों पर बोगस बिलिंग कर कुल लगभग 2.24 करोड़ रुपये की GST चोरी का पता चला। बताया जाता है कि 21 जनवरी 2026 को क्राइम ब्रांच व थाना शेरकोट पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में इस मामले के चार मुख्य आरोपी इंद्रजीत, जीशान, मौहम्मद अजमल और वसीम निवासीगण उधम सिंह नगर, उत्तराखंड को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने संगठित तरीके से फर्जी GST फर्मों का नेटवर्क चलाया और बोगस बिल एवं ई-वे बिल बनाकर केवल कागजों पर माल की आवाजाही दिखाई। पुलिस ने बताया कि अन्य आरोपियों की खोज जारी है और सभी संबंधित मामलों में जांच प्रक्रिया जारी है।

# मालगाड़ी का इंजन फेल, कई ट्रेने प्रभावित

## वंदे भारत धामपुर रेलवे स्टेशन पर एक घंटे खड़ी रही, यात्री परेशान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** देहरादून से लखनऊ जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस को धामपुर रेलवे स्टेशन पर करीब सवा घंटे तक खड़ा रहना पड़ा, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यह स्थिति सरकड़ा चकराजमल रेलवे स्टेशन के पास एमटीएस की एक मालगाड़ी का इंजन फेल हो जाने के कारण उत्पन्न हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकड़ा चकराजमल रेलवे स्टेशन के समीप मालगाड़ी का इंजन अचानक खराब हो गया, जिसके चलते चकरा. जमल से पीछे नगीना, नजीबाबाद और हरिद्वार रोड की ओर से आने-जाने वाली सभी ट्रेनों को रोक दिया गया। चूंकि उक्त रेलखंड सिंगल लाइन है, इसलिए इंजन फेल होने के कारण ट्रेनों का संचालन पूरी तरह प्रभावित हो गया। इसी क्रम में देहराद. ून से चलकर नजीबाबाद होते हुए मुरादाबाद के लिए जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस, जिसका धामपुर रेलवे स्टेशन पर कोई निर्धारित ठहराव नहीं है, उसे भी एहतियातन धामपुर स्टेशन पर रोकना पड़ा। ट्रेन के रुकने से यात्रियों में असमंजस और नाराजगी देखी गई। यात्रियों का कहना था कि उन्हें समय पर कोई स्पष्ट सूचना नहीं दी गई, जिससे परेशानी और बढ़ गई।

धामपुर रेलवे स्टेशन पर मौजूद दैनिक यात्रियों ने बताया कि वे काफी देर से ट्रेन के रवाना होने का इंतजार कर रहे थे। कानपुर जाने वाले एक यात्री ने बताया कि वह दोपहर करीब साढ़े तीन बजे से स्टेशन पर खड़ा है और ट्रेन के लंबे समय तक खड़े रहने से उसकी आगे की यात्रा प्रभावित हो रही है। रेलवे सूत्रों के अनुसार मालगाड़ी के इंजन के फेल होने की सूचना मिलते ही वैकल्पिक पावर (इंजन) पीछे से मंगाया गया। इंजन बदलने और लाइन क्लियर होने की प्रक्रिया में समय लगने के कारण वंदे भारत सहित अन्य ट्रेनों को रोके रखना पड़ा। जैसे ही सरकड़ा चकराजमल रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी में नया इंजन लगाया गया और मार्ग सुरक्षित हुआ, उसके बाद धामपुर रेलवे स्टेशन से वंदे भारत एक्सप्रेस को रवाना किया गया।

## एनएचएआई और वन विभाग विवाद

# डीएम ने दिए जांच के आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मेरठ-पौड़ी नेशनल हाईवे निर्माण के दौरान भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों और वन विभाग की टीम के बीच हुई मारपीट का मामला अब गरमा गया है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने इस पूरे प्रकरण का संज्ञान लेते हुए जांच के लिए एक उच्च स्तरीय संयुक्त टीम का गठन किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बीती 20 जनवरी को मेरठ-पौड़ी हाईवे पर गांव जीवनपुरी के पास आरक्षित वन क्षेत्र में निर्माण कार्य चल रहा था। आरोप है कि एनएचएआई के कर्मचारी जेसीबी के जरिए पेड़ों की जड़ें उखाड़ रहे थे। सूचना मिलने पर वन विभाग के एसडीओ ज्ञान सिंह, वन क्षेत्राधिकारी महेश चंद्र गौतम और वन दरोगा योगेंद्र कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। आरोप है कि इस दौरान वन विभाग की टीम और एनएचएआई के इंजीनियर अनूप सिंह के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। वन विभाग की टीम ने इंजीनियर को हिरासत में ले लिया, जिसके बाद दोनों पक्षों में तनाव व्याप्त हो गया। घटना के बाद दोनों ओर से थाना शहर कोतवाली में तहरीर दी गई थी। मामला शासन स्तर तक पहुंचने के बाद डीएम जसजीत कौर ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए अपर जिलाधिकारी और एएसपी सिटी की एक संयुक्त टीम गठित की है। डीएम ने कहा कि पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है। जांच टीम की रिपोर्ट आने के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

इस घटना के बाद से हाईवे निर्माण कार्य और प्रशासनिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब सभी की नजरें जांच टीम की रिपोर्ट पर टिकी हैं।

उधर वन विभाग के अधिकारियों ने भी अपना पक्ष सामने रखा है। इसके मुताबिक सामाजिक वानिकी प्रभाग बिजनौर के उप प्रभागीय वनाधिकारी ज्ञान सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी महेश चंद गौतम, वन दरोगा योगेंद्र अन्य वन कर्मियों के द्वारा नेशनल हाईवे के निर्माण परियोजना की अनुमति की शर्तों के अनुपालन की जांच व परीक्षण का कार्य किया जा रहा था। जांच के दौरान वन कर्मियों द्वारा जीवनपुरी के निकट राज्य पशु बारहसिंगा अभ्यारण्य के अंतर्गत एक व्यक्ति अनूप पुत्र प्रेमपाल निवासी ग्राम कसेरी, थाना कासगंज अपने अन्य साथियों के साथ सैंचुरी क्षेत्र से जेसीबी की सहायता से वृक्षों को जड़ों से उखाड़कर मिट्टी सहित डंपर में भर रहा था। जैसे ही वनकर्मी उनकी ओर बढ़े, तो जेसीबी चालक व उसके अन्य साथी मौके से फरार हो गए। अनूप से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि वह एनएच के एसडीओ आशीष शर्मा के कहने पर चोरी छुपे यह काम कर रहे हैं। उस व्यक्ति ने फोन पर आशीष शर्मा व एनएच के अन्य कर्मियों से बात की, तो उनके द्वारा वन कर्मियों के लिए गाली गलौच का प्रयोग किया गया व मौके पर अज्ञात 20-25 लोगों को बुलाकर बलपूर्वक राजकीय कार्य मे बाधा उत्पन कर कब्जे में लिया गया डम्पर व अन्य वन उपज व माल लेकर जबरदस्ती वहां से फरार हो गए। वन कर्मियों द्वारा अनूप पुत्र प्रेमपाल को पकड़ लिया गया तथा अभियुक्तों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927, वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 व वन संरक्षण अधिनियम 1980 एवं जैव विविधता अधिनियम 2002 की सुसंगत धाराओं में वन अपराध दर्ज किया गया है। अभियुकतों द्वारा सरकारी कार्य कर रहे अधिकारियों व कर्मचारियों के ऊपर जानलेवा हमला, मारपीट, बलपूर्वक संरक्षित क्षेत्र सेंचुरी से प्रतिबंधित प्रजाति के वृक्षों का अवैध पातन व जड़ खुदान कर वन उपज का अवैध अभिवहन कर ले जा रहे मय वन उपज प्रकाष्ट लड़े ट्रक व ड्राइवर को वन कर्मियों से मारपीट कर बंधक बनाकर बलपूर्वक छीनकर वन विभाग भारत सरकार कि वन अनापत्ति व वन्य जीव क्लियरन्स कि शर्तो का उलंघन करके वन विभाग के हिरासत व कब्जे से वन अपराध में प्रयुक्त डम्पर व ड्राइवर छुड़ा ले जाना व शासकीय कार्यों में बाधा पहुंचाने का गंभीर अपराध किया गया है। प्रकरण में विभागीय रेंज वन अपराध संख्या 72/बिजनोर/2025-26 भारतीय वन अधिनियम 1927, वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972, वन संरक्षण अधिनियम 1980 एवं जैव विविधता अधिनियम 2002 की सुसंगत धाराओं में दर्ज किया गया है।

## जानलेवा हमले के चार आरोपी गिरफ्तार, हथियार बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र में जानलेवा हमले के एक गंभीर मामले में पुलिस ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।

02 जनवरी 2026 को वादी धर्मपाल सिंह पुत्र ध्यान सिंह निवासी ग्राम मुक्करपुरी ने थाने में एक लिखित प्रार्थना पत्र दिया था। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया कि ग्राम मुक्करपुरी निवासी कलुआ पुत्र सतवीर सिंह, विजय पुत्र धूम सिंह, विपांश पुत्र विजयपाल एवं भूपेन्द्र सिंह पुत्र श्रीपाल सिंह ने वादी व उसके परिजनों के साथ गाली गलौच करते हुए धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में वादी के भाई व भतीजे को गंभीर चोटें आईं तथा जान से मारने की धमकी भी दी गई। तहरीर के आधार पर मुकदमा 333 बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मामले में धारा 118 (1 बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी एवं क्षेत्राधिकारी धामपुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए चारों नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के कब्जे से एक अदद डंडा तथा एक लोहे की नुकीली पत्ती बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, उप निरीक्षक राजेश कुमार, उप निरीक्षक नरेन्द्र कुमार सरित, प्रवेश कुमार, मनोज कुमार मौजूद रहे।

## एक नजर

### नर्सिंग होम के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**चांदपुर।** मौहल्ला पतियापाड़ा निवासी मौहम्मद अजीम पुत्र शमशाद अहमद ने पुलिस को दिये प्रार्थना पत्र में कहा कि वह 20 जनवरी की रात्रि अपनी पत्नी को डिलीवरी हेतु कफील नर्सिंग होम में भर्ती कराने आया था। वहां पर डॉक्टर द्वारा उसकी पत्नी को रूकने को कहे जाने पर वह वहीं रूक गया और अपनी बाइक यूपी20बी2274 नर्सिंग होम के बाहर ही खड़ी कर दी। सुबह सवेरे जब उसने बाहर आकर देखा तो उसकी बाइक वहां से गायब थी। पीडित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बाइक बरामद करने की गुहार लगाई है।

### शेरबाज पठान ने किया उद्घाटन



**चांदपुर।** चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान ने मौहल्ला कोटला स्थित अलदुबई फैमिली रेस्टोरेंट का फीता काटकर उद्घाटन किया। रेस्टोरेंट स्वामी नसीम अहमद ने कहा कि उनके इस रेस्टोरेंट में चिकन के शौकीनों को बेहत. रीन स्वाद में दुबई जायका मिलेगा। इस मौके पर वार्ड सभासद शारिक हाशमी, वसीम अहमद, शानू अहमद, नसीमुद्दीन मनिहार, नेता मौहम्मद नासिर मलिक, अफजाल ठेकेदार, शेख मैहम्मद आरिफ ने भी षिरकत की।

### गन्ने के खेतों में लगी आग



**नहटौर।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव सेढी निवासी रूपे सिंह आदि किसानों के गन्ने के खेतों में शाम आग लग गई। बताया जाता है कि गन्ने की छिलाई के बाद एक खेत में पत्ती फूंकते समय आग खड़े हुए गन्ने की ओर चली गई, जिससे आग फैल गई। कई किसानों के खेतों तक आग पहुंच गई। मौके पर पहुंचे किसानों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### सड़क सुरक्षा पर व्याख्यान

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. मंजू चौधरी के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा ट्रैफिक रूल और युवा की जिम्मेदारी विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें एआरटीओ उपस्थित रहे। उन्होंने सड़क सुरक्षा के लिए नागरिकों की जिम्मेदारी, प्रशासन द्वारा बनाए गए नियम व उनकी जिम्मेदारी व आज के युवा वर्ग की जिम्मेदारी पर बात की। उन्होंने रोड पर होने वाली दुर्घटनाओं के कारणों पर चर्चा की। उन्होंने राह वीर योजना बारे में भी बताया जिसमें सड़क पर होने वाले एक्सीडेंट में मदद करने पर आम नागरिक को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उसे सरकार द्वारा 25000 रुपए की इनाम धनराशि भी दी जाएगी । उन्होंने गांव और शहरों पर मिलने वाली पगडंडियों और हाईवे पर होने वाले एक्सीडेंट के ऊपर विस्तार से चर्चा की । उन्होंने बताया कि कभी भी नशा करके वाहन नहीं चलाया जाना चाहिए । उन्होंने बताया की ट्रैफिक रूल का पालन सभी नागरिकों को करना चाहिए। जिससे वह स्वयं की तथा अपने सामने आने वाले व्यक्ति, दोनों की जान बचा सकते हैं। उन्होंने बताया कि मानव जीवन बहुत ही कीमती होता है। जिसकी कद्र सभी को करनी चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सड़क सुरक्षा क्लब की समन्वयक श्रीमती शिखा मालवीय, सड़क सुरक्षा क्लब के सदस्य डॉ. दयावती उपाध्याय, श्रीमती आराधना दीक्षित, कुमारी मीनू उपस्थित रही। हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शारदा द्विवेदी व होम साइंस विभाग से श्रीमती पूजा कुमार और डॉक्टर मीनू सिरोही कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रही। इसके अतिरिक्त होम साइंस विभाग से लैब असिस्टेंट श्रीमती इंदु शर्मा, माधव का कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग रहा।

## एक नजर

### हत्यारोपी शीतल गिरफ्तार



**चांदपुर।** वादी बिपेन्द्र बहादुर सिंह पुत्र राघेन्द्र सिंह निवासी ग्राम नकटुआ पोस्ट निहरथा थाना लालगंज जनपद राबरेली द्वारा चांदपुर थाना हाजिर होकर तहरीर दी कि एक महिला शीतल पुत्री अज्ञात निवासी हापुड़ व अन्य अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पैसे के लेनदेन को लेकर वादी के चचेरे भाई हरिओम सिंह पुत्र भोला सिंह की हत्या कर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी महिला शीतल (25 वर्ष) पुत्री शिवचरन निवासी मौहल्ला अम्बेडकर नगर नई मण्डी मुरादपुर रोड थाना कोतवाली देहात जनपद हापुड़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ में शीतल ने बताया कि वह सीएसओ है तथा मृतक हरिओम सिंह के साथ लगभग डेढ वर्ष से चांदपुर मे लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। दिसम्बर 2025 में वह गर्भवती हुई थी। उपचार के दौरान उसका मिसकैरेज हो गया था, जिसको लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया था। 15 जनवरी 2026 को मृतक द्वारा गाली गलौच व मारपीट किये जाने पर वह अपने घर हापुड़ चली गई थी। 18 जनवरी 2026 को वह पुनः चांदपुर लौटी तो उसने फिर अपसी विवाद होने की बात कही। इसी दौरान मृतक हरिओम ने बिजली के केबिल से पंखे पर फांसी लगाने का प्रयास किया, जिस पर शीतल ने जान से मारने की नियत से उसके पैरां में लात मार दी, जिससे वह फंदे पर लटक गया। कुछ समय बाद आरोपी शीतल ने उसको फंदे से उतारकर परिजनों/मित्रों को सूचना दी तथा अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

### चोरी की शराब के साथ दो को पकड़ा

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने शराब कारोबारी केशव दूबे पुत्र रत्नाकर दूबे के यहां से शराब की चोरी करने के मामले में कांशीराम कॉलोनी निवासी अंशपाल उर्फ काकू पुत्र पप्पू पाल एवं झालू के मौहल्ला चौधरियान निवासी अजय पुत्र अमर सिंह को गिरफ्तार किया है।

### शासन तक पहुंचा बहुप्रतीक्षित प्रस्ताव



**स्योहारा।** नगर के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक और सकारात्मक पहल सामने आई है। वर्षों से लंबित बस स्टैंड, सब्जी-फल मंडी, अंडरग्राउंड पार्किंग एवं आधुनिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण का प्रस्ताव अब शासन स्तर तक पहुंच गया है, जिससे नगरवासियों में नई उम्मीद जगी है। इस महत्वपूर्ण पहल के पीछे नगर पालिका चेयरमैन फैसल वारसी की सक्रियता, दूरदर्शिता और निरंतर प्रयास अहम माने जा रहे हैं। नगर के समग्र विकास को लेकर गंभीर चेयरमैन फैसल वारसी द्वारा लगातार शासन-प्रशासन के समक्ष प्रस्ताव रखे जाते रहे हैं ताकि स्योहारा की जनता को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा जा सके और नगर प्रदेश में एक आदर्श नगर के रूप में पहचान बना सके। इसी क्रम में नगीना लोकसभा से सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर मुरादाबाद रोड स्थित प्रस्तावित सरकारी भूमि पर शीघ्र निर्णय और कार्यवाही की मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि लगभग 5 बीघा भूमि बस स्टैंड तथा करीब 12 बीघा भूमि सब्जी-फल मंडी, अंडरग्राउंड पार्किंग एवं शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के लिए पूर्व में ही जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों को प्रस्तावित की जा चुकी है। पत्र में यह भी चिंता जताई गई है कि प्रस्तावित भूमि पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध कब्जे के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे जनहित की इस महत्वपूर्ण योजना में बाधा उत्पन्न हो सकती है। सांसद ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि समय रहते भूमि को कब्जामुक्त कराया जाए ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद या कानून-व्यवस्था की समस्या न खड़ी हो। नगर पालिका चेयरमैन फैसल वारसी ने इस पहल का स्वागत करते हुए सांसद चंद्रशेखर आजाद का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शीघ्र ही इस प्रस्ताव पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा और स्योहारा नगर विकास की नई दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा

# नजीबाबाद में खुलेआम अवैध खनन जारी

### डीएम को सौंपा गया ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नजीबाबाद तहसील क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन खुलेआम जारी है। हैरानी की बात यह है कि डीएम द्वारा जेसीबी से खनन पर रोक के स्पष्ट आदेश जारी किए जाने के बावजूद पोकलैंड और जेसीबी जैसी भारी मशीनों से लगातार मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह पूरा अवैध कारोबार स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से हो रहा है। खनन माफिया बेखौफ होकर दिन-रात मिट्टी का खनन कर रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। हाईवे के किनारे बड़े पैमाने पर कॉलोनियों के लिए भराव किया जा रहा है। नियमों की अनदेखी के साथ-साथ सड़क सुरक्षा और पर्यावरण को भी गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि भारी वाहनों की आवाजाही से सड़कों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। आसपास के खेतों, आबादी व जलस्तर पर भी इसका गंभीर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। इसके बावजूद संबंधित विभागों द्वारा अब तक कोई ठोस और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। अवैध खनन को लेकर भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) द्वारा आज डीएम जसजीत कौर को ज्ञापन सौंपकर पूरे प्रकरण से अवगत कराया गया। ज्ञापन में अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। डीएम ने शीघ्र ही टीम गठित कर जांच कराने तथा उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला मंडल अध्यक्ष भूपेश चौधरी, जिलाध्यक्ष हेमेंद्र धनकड़, प्रदेश प्रवक्ता जावेद राईन, मंडल प्रभारी दलवीर चौधरी, व्यापार मंडल रामोद कुमार, नरेंद्र सिंह, नीरज चौधरी आदि शामिल थे।

अब बड़ा सवाल यह है कि जब डीएम के स्पष्ट आदेश मौजूद हैं, तो फिर अवैध खनन आखिर किस के संरक्षण में चल रहा है। क्या प्रशासन इस मामले में सख्त कदम उठाएगा या फिर खनन माफिया इसी तरह नियमों को ताक पर रखकर मिट्टी का अवैध कारोबार करता रहेगा। यह बड़ा सवाल बना हुआ है।

# पारदर्शिता के साथ तैयार करें लिस्टः डीएम

### निष्पक्ष नामावली से मजबूत होगी देश की लोकतांत्रिक प्रणाली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में एसआईआर के संबंध में बैठक आहूत की गई।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली के अंतर्गत वर्तमान में महत्वपूर्ण प्रक्रिया संचा. लित है। उन्होंने कहा कि नामावलियां जितनी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ बनाई जाएंगी, उतना ही प्रभाव देश की लोकतांत्रिक प्रणाली पर पड़ेगा। उन्होंने सभी सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों सुपरवाइजर्स एवं बीएलओ को निर्देशित किया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली के अंतर्गत 6 जनवरी से 6 फरवरी, 2026 तक दावे और आपत्तियों का कार्य पूर्ण निष्पक्षता पारदर्शिता और दक्षता के साथ संपन्न कराएं तथा कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करने से वंचित न रहे और ना ही कोई अपात्र व्यक्ति निर्वाचन नामावलियों में अपना नाम शामिल कराने में सफल हो सके। उन्होंने निर्देश दिए की दावे और आपत्तियों के कार्य के अलावा विशेष रूप से फॉर्म 6 बनवाने पर विशेष ध्यान आकर्षित किया जाए और 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाला कोई भी युवा एवं युवती अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करने से वंचित न रहने पाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रपत्र 6 भरने के लिए मतदाता का वेरिफिकेशन और मैपिंग का कार्य पूरी सावधानी से करें।

उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि मतदाता जागरूकता के लिए रैलियों का आयोजन करें और स्कूलों में शपथ ग्रहण कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन कराएं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि मतदाता दिवस के दिन सभी बूथों पर सुपरवाइजर्स एवं बीएलओअनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे और पूर्वाहन 11:00 बजे मतदाताओं के साथ शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इसके अलावा सुविधा अनुसार अन्य मतदाता जागरूकता से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित कर सकते हैं।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वानिया सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा, भाजपा से धीर सिंह, सपा से अहमद खिजर, बसपा से मौहम्मद सिद्दीक तथा कांग्रेस पार्टी से अनिल त्यागी मौजूद थे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांदपुर (बिजनौर)

पत्रांकः 943/न.पा.परि. चांदपुर/नि.सू./2026 दिनांकः- 21 जनवरी, 2026

### निविदा सूचना (द्वारा ई-टेण्डर)

समस्त ठेकेदारों/ फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद चांदपुर द्वारा 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत शासनादेश संख्या 8/807/320 (6)/15वां वि.आ./2025-26 दिनांक 18 नवम्बर, 2025 (बुनियादी अनुदान प्रथम किश्त) एवं राज्य वित्त आयोग/ बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से 33 निर्माण के कार्यों को कराने हेतु दिनांक 22.01.2026 से समय प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 11.02.2026 समय 06:00 बजे सायं तक www.etender.up.nic.in पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तें वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 22.01.2026 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 11.02.2026 तक सायं 06-00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 11.02.2026 को सायं 06-00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते हैं। निविदाओं को दिनांक 12.02.2026 को समय 11:00 बजे दिन को खोला जायेगा।

| | |
|---|---|
| Tender Refrance Number | |
| Publish Date and time for RFP | 22.01.2026 को प्रातः 10:00 बजे |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 11.02.2026 को सायं 06:00 बजे तक |
| Date and time of Opening Tender | 12.02.2026 को प्रातः 11:00 बजे से |
| Place of Opening E-Tender | Executive Officer Nagar Palika Parishad Chandpur (Bijnor) |
| E-Tender Security | 10% of Tender Value |
| E-Tender document processing | As per tender list |

नोटः- (1) निविदाकर्ता को निविदा के साथ प्रत्येक कार्य के सापेक्ष पृथक-पृथक 10 प्रतिशत धरोहर राशि राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर./एन.एस.सी./डाकघर की बचत पासबुक अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, चांदपुर के नाम बंधक कराकर निविदा के साथ मूल प्रति से स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य है अथवा नगर पालिका परिषद, चांदपुर के भारतीय स्टेट बैंक शाखा चांदपुर में खाता संख्या 38989775664 (IFSC Code SBIN0001599) में आर.टी.जी.एस. के माध्यम से भी जमा कर सकते है।

(कु. सलमा नूर हमीदी) लेखाकार, अके. | (अजय कुमार) अवर अभियन्ता (सिविल) | (कुनाल रस्तोगी (I.A.S.)) अधिशासी अधिकारी/ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट | (जीनत परवीन) अध्यक्ष



## कार्यालय ग्राम पंचायत सक्तलपुर मिलक, विकासखण्ड जलीलपुर, बिजनौर

पत्रांक-मीमो / पंचायत/मनरेगा/2025-2026

### अल्पकालीक निविदा सूचना

कार्यक्रम अधिकारी महोदय जलीलपुर के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत सक्तलपुर मिलक में मनरेगा/ राज्यवित्त / केन्द्रवित्त अभिषरण योजना की धनराशि से ग्राम पंचायत सक्तलपुर मिलक में मेंन रोड से रूप सिंह के घर तक तथा सुरेन्द्र के घर से शीशराम के घर तक सीसी एवं नाली निर्माण कार्य कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री, बालूरेत, ईंट, सीमेंट, कोरसैन्ड, सरिया, रोड़ी, डस्ट आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2025-2026 में कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से निविदाएं दिनांक 02/02/2026 तक समय पूर्वाह्न 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सायं 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदादाता का व्यापार कर / आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक 30/01/2026 तक प्राप्त किये जा सकतें हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** | **ग्राम पंचायत सचिव**



## नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम MUNTAZIR से बदलकर MUNTAJIR S/o MOHAMMAD YUSUF निवासी ग्राम एवं पोस्ट भागुवाला, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर, पिन कोड- 246749 रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

## सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र गुलबहार अहमद गलत संगत में पड़कर बिगड़ गया है। वह नशे का आदी हो गया है। लोगों से उधार कर्ज लेकर वापस नहीं लौटाता है, जो मुझे लौटाने पड़ते है। वह अब साउथ अफ्रीका चला गया है और आसपास के जो लड़के साउथ अफ्रीका में है, उनसे भी उधार ले रखा है। अब उनके परिवार के लोग पुलिस के माध्यम से रुपयों की वसूली के लिए मुझ पर दबिश दे रहे है। मैं एक वृद्ध व बीमार व्यक्ति हूं और मैंने अपने पुत्र की हरकतों से तंग आकर उसे अपनी संपत्ति से बेदखल कर दिया है और उससे सम्बंध विच्छेद कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य व लेनदेन से मेरा कोई मतलब वास्ता नहीं है। **जफर अली पुत्र मौ. सद्दीक, ग्राम टांडा माईदास, थाना नगीना देहात (बिजनौर)**

## नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम SHIVAM PAWAR से बदलकर SHUBHAM कर लिया है। भविष्य में मुझे SHUBHAM के नाम से जाना व पहचाना जाए। **शुभम पुत्र कमल पवार मौहल्ला पूर्वी तकीयागढ़ी, कस्बा नहटौर, बिजनौर**

## REQUIREMENT

**St. Mary's School**

**Bhikkawala P.O, Afzalgarh, (Bijnor)**

Email- stmarybhikkawala@gmail.com

Interview for Teaching Staff on 31/01/2026 at 10 am.

All Subjects

CTET/TET is Compulsory.

## संबंध विच्छेद सूचना

हम अपनी पुत्री काजल को गलत व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करते हैं। काजल का हमसे व हमारे परिवार से कोई मतलब वास्ता नहीं है। **बीना देवी पत्नी महीपाल सिंह निवासी ग्राम करीमपुर मुबारक, थाना नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर**

# लिंटर के नीचे दबकर मौत

## परिजनों में मचा कोहराम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** लिंटर तोड़ते समय गृह स्वामी की लिंटर के नीचे दबने से गम्भीर रुप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए ले जाते समय मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला इमामबाड़ा निवासी वसीम अहमद (45 वर्ष) पुत्र अब्दुल रशीद अंसारी अपने पुराने मकान को दोबारा बनाने के लिए अपने लिंटर को खुद तोड़ रहा था। अचानक लिंटर भरभरा कर उसके ऊपर गिर गया और मकान स्वामी लिंटर में दब गया। लिंटर गिरने की खबर लगते ही आसपास के लोग मौके पर पंहुचे और उसे लिंटर के नीचे से निकालकर उसे उपचार हेतु धामपुर ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे चार पुत्रियों व एक पुत्र सहित भरे पूरे परिवार को रोता बिलखता छोड़ गया। बताया जाता है कि मृतक सांप आदि जहरीले जीवों के काटने का भी इलाज करता था। वहीं वसीम की मौत से परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है।

## निर्गत नोटिसों की सुनवाई शुरू

**बिजनौर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (SIR) के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में बैठक आहूत की गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह तथा मुख्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। उन्होंने बताया कि माननीय आयोग द्वारा दावे और दावे आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 06.01.2026 से 06.02.2026 तक नियत की गयी है। उक्त अवधि के दौरान ईआरओ / एईआरओ / अतिरिक्त एईआरओ द्वारा 15.01.2026 को निर्गत किये गये नोटिस की सुनवाई आज से प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त दिनांक को सभी नियत किये गये स्थान पर उपस्थित रहकर कम से कम 150 प्रति निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नोटिसों पर सुनवाई करेगे एवं सुनवाई के दौरान माननीय आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार दस्तावेज लेकर मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करना सुनिश्चित करेंगे तथा जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि नोटिस की सुनवाई किये जाने वाले स्थान पर न्यूनतम मूलभूत सुविधा होनी चाहिये। इसके अलावा जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित को निर्देशित किया कि माननीय आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार स्वीप योजना के अन्तर्गत 25 जनवरी को मनाये जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस एवं उससे पूर्व की जाने वाली गतिविधियों से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाये।

## एक नजर

### छात्राओं को किया सम्मानित



**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में मंडल में प्रथम आने पर छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया गया। मण्डल स्तरीय 'हमारी संस्कृति हमारी पहचान' संस्कृति उत्सव 2025-26 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में कन्या इंटर कॉलेज धामपुर की छात्राओं आयशा, गौरी, वंशिका, सिमरन, प्रिया, अंशिका, दीपिका, मनिका ने समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। छात्राओं की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय लौटने पर प्रबंधक शलभ कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार एवं प्रधानाचार्या रेखा देवी द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया एवं स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं सुषमा शर्मा, विनोद शर्मा एवं लाल सिंह धर्मवती उपस्थित रहीं और छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या ने कहा कि छात्राओं की यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति समर्पण का परिणाम है।

### सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई



**धामपुर।** आरएसएम महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता एवं मानव श्रंखला बनायी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अनुशासी प्रो. एस.एल. पाल ने की। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों की सोच, व्यवहार एवं संस्कृति को परिवर्तित करना है। जिससे दुर्घटनाओं में कमी आए एवं जान-माल की सुरक्षा हो सके। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.राजेश कुमार ने बताया कि यह अभियान नागरिकों की जिम्मेदारी है। इसमें विद्यार्थियों को शामिल कर जागरूकता उत्पन्न करना है। इस कार्यक्रम की थीम 'परवाह करेंगे, सुरक्षित रहेंगे'। कार्यक्रम में डॉ. एस.एस. कटियार, प्रो. रामकुमार सिंह, मदनपाल सिंह, डॉ. हिमांशु त्रिपाठी, डॉ. विवेक यादव, देवेश पाठक, गोपाल कृष्ण तिवारी, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. विनय दुआ, धनीराम, डॉ. भूदेव सिंह आदि शिक्षक तथा अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**नजीबाबाद।** ग्राम पंचायत गुनियापुर के प्राथमिक विद्यालय मे ग्राम प्रधान रविंद्र सिंह सहरावत ने देहरादून के प्रसिद्ध कैलाश हास्पिटल के सौजन्य से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कैलाश हास्पिटल से आए डा. नितिन, डा. यज्ञा, डा. अंकित आदि उपस्थित रहे। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डा. यज्ञा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. राम अवतार व जनरल फिजिशियन डा. नितिन द्वारा क्षेत्र के लगभग 200 ग्रामीणों का विभिन्न रोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करा कर लाभ दिलाया व नि:शुल्क दवाई उपलब्ध करायी गई। शिविर आयोजन में कैलाश हास्पिटल देहरादून की तरफ से अभिषेक त्यागी, अभिनाश शर्मा, हेमंत त्यागी, अभिषेक रावत, नेहा आदि का सहयोग रहा। साथ ही भारतीय हिन्दु परिषद अखंड भारत सनातन आर्मी से प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार प्रताप ने इस सराहनीय कार्य के लिए समस्त डॉक्टरों टीम व ग्राम प्रधान रविंद्र सहरावत का धन्यवाद करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### सड़कों का मरम्मत कार्य शुरू

**नगीना।** नगर का भ्रमण करके नगीना सांसद ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके जल्द से जल्द समाधान के आश्वासन दिए। इस दौरान उन्हें जल बोर्ड द्वारा नई पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़कों की ठीक प्रकार से मरम्मत न होने की कई शिकायतें प्राप्त हुईं। सांसद ने शिकायतों का संज्ञान लेकर नगर अध्यक्ष असलम सिद्दीकी को समाधान हेतु कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। असलम सिद्दीकी द्वारा इस संबंध में जल निगम के अधिकारियों से वार्ता की गई, जिसके पश्चात नगर में हर ओर नगर पालिका व जल बोर्ड द्वारा मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है।

### विकास कार्यों में धांधली की जांच



**नहटौर।** ग्राम पंचायत बैरमाबाद गढ़ी निवासी नसीम अहमद, नासिर अहमद, मकसूद, मौ. हमीम, मौ. अशरफ तथा सुहैल अलताफ ने जिलाधिकारी को शिकायत भेजते हुए ग्राम प्रधान द्वारा गांव में कराए गए विकास कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी। आज जिलाधिकारी द्वारा क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सौरभ कुमार के नेतृत्व में गठित टीम के सुमित कुमार, आकाश कुमार, जेई नरेंद्र कुमार तथा पंचायत सचिव रवनील कुमार ने गांव पहुंचकर शिकायतों की जांच की। ग्राम प्रधान अखरीदा का कहना है कि गांव में सभी कार्य निर्धारित मानकों और उच्च गुणवत्ता के साथ कराए गए हैं। जांच टीम के समक्ष सभी तथ्य मजबूती से रखे गए हैं। उन्हें विश्वास है कि जांच रिपोर्ट में विकास कार्यों की पारदर्शिता स्पष्ट हो जाएगी। जांच अधिकारी सौरभ कुमार ने बताया कि शिकायतों की जांच कर ली गई है। रिपोर्ट जल्द ही जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी।

### मारपीट व जान से मारने की धमकी

**शेरकोट।** आशा देवी पत्नी थम्मन सिंह निवासी ग्राम इलावास थाना नहटौर ने पिछले कुछ दिनों से अपनी बेटी के घर मौहल्ला समना सराय में रह रही थीं। आरोप है कि 19 जनवरी 2026 की शाम लगभग पांच बजे उनकी बेटी के जेठ बाबू पुत्र रामस्वरूप तथा उनके पुत्र अंकित, दीपक और अभिषेक पुत्र स्वरूपचन्द्र ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता का आरोप है कि विवाद के दौरान उसके सोने के कुंडल भी गायब हो गए। इस मामले में थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। जांच पूर्ण होने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एकमात्र नामांकन से मुकेश चौहान का निर्विरोध शाखा प्रतिनिधि बनना तय

## 27 जनवरी को होगी घोषणा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** उ.प्र. सहकारी ग्राम विकास बैंक लि. नगीना शाखा प्रति. निधि के लिए हो रहे चुनाव में भाजपा के मुकेश चौहान ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ ब्लॉक कोतवाली जाकर अपना नामांकन कराया। नामांकन के अंतिम समय 20 जनवरी शाम 5 बजे तक किसी और प्रत्याशी ने अपना नामांकन दाखिल नहीं किया। इस प्रकार मुकेश निर्विरोध चुने जाएंगे, जिनकी घोषणा 27 जनवरी को की जाएगी।

उ.प्र. सहकारी विकास बैंक लि. शाखा नगीना के प्रतिनिधि पद के लिए 27 जनवरी को चुनाव होना है। 20 जनवरी को निर्वाचन अधिकारी पीडब्ल्यूडी जेई रविंद्र कुमार व शाखा प्रबंधक विद्या शंकर पाल कि देख-रेख में विकासखंड कोतवाली के सभागार में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई। नगीना अंबेडकर नगर निवासी भाजपा के मुकेश कुमार पुत्र स्व. कृपाल सिंह चौहान सैकड़ों समर्थकों के साथ विकासखंड कोतवाली पहुंचे और अपना नामांकन कराया। नामांकन भरने का पहला और आखिरी दिन था। दूसरा नामांकन होने के इंतजार में निर्वाचन अधिकारी और शाखा प्रबंधक अपनी टीम के साथ शाम 5 बजे तक मौजूद रहे लेकिन शाखा प्रतिनिधि पद के लिए कोई भी दूसरा नामांकन करने कोई नहीं पहुंचा। इस प्रकार एकमात्र नामांकन केवल मुकेश चौहान का ही हो सका। इस तरह मुकेश कुमार चौहान को शाखा प्रतिनिधि के लिए निर्विरोध मान लिया गया है।

उधर शाखा प्रबंधक विद्या शंकर पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड शाखा प्रतिनिधि पद के लिए 27 जनवरी को मतदान होना है, जिसमें 7680 मतदाता अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाते। लेकिन एक ही पर्चा दाखिल होने से अब मतदान करने की संभावनाएं खत्म हो गई हैं। मुकेश चौहान जिनका एकमात्र नामांकन पत्र भरा गया है, उन्हीं के नाम की घोषणा आधिकारिक रूप से 27 जनवरी को की जाएगी।

उधर क्षेत्रीय भाजपा मंत्री अनूप वाल्मीकि, कृष्ण बलदेव सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष पति सौरभ मित्तल, लवी मित्तल, नीरज विश्नोई, प्रमोद कुमार, अरविंद गहलोत आदि ने मुकेश चौहान को शाखा प्रतिनिधि के लिए निर्विरोध चुने जाने पर खुशी जताई। इस मौके पर सैकड़ों भाजपाई मौजूद रहे।

# प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला ओटीडी सेल एवं पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे एनुअल सर्वे का यूनिकारपोरेटेड सेक्टर एंटरप्राइजेज से संबंधित बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने कहा कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक रियल एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाना प्रदेश के मुख्यमंत्री की संकल्पना का प्रतिनिधित्व करता है। राज्य सरकार ने 2027 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य बना रखा है, क्योंकि प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है, जिसके क्रम में राज्य के अंतर्गत संचालित समस्त आर्थिक गतिविधियों का राज्य आय में योगदान को बढ़ाना और उक्त योगदान का राज्य आय में सही आकलन करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य घरेलू उत्पादन के अनुमान के लिए राज्य की आर्थिक गतिविधियों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित मेथाडोलॉजी के आधार पर प्राइमरी, सेकेंडरी एवं टेरिटरी सेक्टर में विभाजित किया गया है। इन समस्त खण्डों के योगदान की गणना इकाईयों के उत्पादन, मूल्य वेजेस एवं एम्प्लॉयमेंट आदि के आंकड़ों के अनुसार की जाती है। उन्होंने कृषि, विद्युत, उद्यान, परिवहन सहित अन्य विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि 2 दिन के भीतर विभागीय आंकड़ों का मिलन संबंधित पोर्टल पर करना सुनिश्चित करें ताकि जिले की प्रगति किसी भी रूप में प्रभावित न होने पाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की यदि आंकड़ों का मिलान जिला स्तर पर संभव नहीं हो तो उनके द्वारा विभागीय उच्च अधिकारियों को उक्त संबंध में पत्र लिखवाना सुनिश्चित करें ताकि आंकड़ों को सही रूप में पोर्टल पर अपलोड किया जा सके।

जिलाधिकारी द्वारा पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे एनुअल सर्वे का यूनिकारपोरेटेड सेक्टर एंटरप्राइजेज से संबंधित बैठक से संबंधित बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि रोजगार तथा बेरोजगारी की स्थिति को मापने के लिए सांख्यिकी एवं कार्यक्रम अभियान मंत्रालय के तहत आयोजित सर्वेक्षण कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें ताकि अधिक नियमित समय अंतराल पर श्रम बाल डाटा की उपलब्धता के महत्व को ध्यान में रखते हुए इस सर्वे कार्य को शुरू किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुश्री लक्ष्मी देवी एवं धर्मवीर सिंह सहित अन्य सभी संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# मुस्लिम भाईचारा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह

## पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** कपड़ा बाजार में मुस्लिम भाईचारा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सुधीर कुमार को मुस्लिम भाईचारा कमेटी का जिला संयोजक / जिलाध्यक्ष बिजनौर नियुक्त किया गया। पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आजाद समाज पार्टी काशीराम के तत्वावधान में नहटौर विधानसभा उपाध्यक्ष विरेन्द्र बोध के संचालन में मुस्लिम भाईचारा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन व पार्टी को मजबूत करने व महापुरुषों की विचारधारा के बारे में बताया गया। आसपा नेता प्रताप सिंह ने पार्टी की नीतियों के बारे में बताते हुए कहा कि पार्टी गरीबों, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों के हितों के लिए हमेशा खड़ी हुई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरिफ मलिक (प्रदेश सचिव व मण्डल प्रभारी मुस्लिम भाईचारा), विशिष्ट अतिथि प्रताप सिह आसपा नेता, रमेश कुमार गंधर्व (प्रदेश सचिव मण्डल प्रभारी) मुरादाबाद, बाबू सराफरत अली (प्रदेश सचिव मण्डल प्रभारी) मुरादाबाद, नरेश फौजी (मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष मुस्लिम भाईचारा), ओमपाल बालियान (सासंद प्रति. निधि नूरपुर), एडवोकेट सचिन चौधरी (मण्डल अध्यक्ष युवा मोर्चा मुरादाबाद) शीतल आजाद, हरज्ञान प्रजापति (मण्डल प्रभारी) भाईचारा कमेटी, शाकिर प्रधान, सतेन्द्र चौधरी (जिला उपाध्यक्ष), शाकिर प्रधान, बहार आलम (विधान सभा अध्यक्ष) नहटौर, जीतू सिंह (संगठन मंत्री) युवा मोर्चा, सतपाल सिंह (जिला सचिव) नहटौर, शारुख कफील (नगर अध्यक्ष) नहटौर, फैजान चौधरी युवा विधान सभा अध्यक्ष) नहटौर, इकबाल अहमद (नगर अध्यक्ष किसान मोर्चा) नहटौर जावेद जाट, कृष्ण कुमार विधानसभा चांदपुर किसान मोर्चा, शमी अहमद (नगर उपाध्यक्ष), शकील मलिक (विधान सभा सचिव), सुबहान अंसारी, अजय कुमार नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा, रवि कुमार, अशरफ अली, दीपक कुमार, निवेन्द्र कुमार, मा. रामगोपाल विधान सभा सचिव, डा. रितिक कुमार (सैक्टर अध्यक्ष), डा. निखिल (सैक्टर अध्यक्ष), डा. रवि कुमार सचिव, शुभम कुमार (सैक्टर अध्यक्ष), सुभाष प्रधान सचिव, अमित कुमार सचिव वी.टी. सी., दिवेश कुमार, सागर कुमार, विशाल कुमार, दुष्यन्त कुमार आदि मौजूद रहे।

# गन्ना किस्मों की पहचान को लेकर वृहद प्रशिक्षण कार्यशाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** बिलाई चीनी मिल परिसर में चीनी आयुक्त के निर्देशन में विभागीय अधिकारियों एवं मिल स्टाफ के लिए गन्ना किस्मों की पहचान को लेकर वृहद प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण सत्र में संयुक्त गन्ना सर्वे कार्मिक, प्रबंधक व सहायक प्रबंधक (गन्ना), चीनी मिल गन्ना पर्यवेक्षक, राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक तथा गन्ना समिति के कार्मिकों सहित 100 से अधिक लोगों ने सहभागिता की।

गन्ना शोध केंद्र मुजफ्फरनगर के संयुक्त निदेशक वैज्ञानिक डॉ. जेपी सिंह और कृषि विज्ञान केंद्र नगीना की डॉ. शिवांगी ने 15 से अधिक अगेती एवं सामान्य गन्ना किस्मों-जैसे कोशा 13235, 17231, 18231, 0118, 14201, 16202, 98014, 15023, सीओ.जे-85, कोशा 0238 व 05011खका सजीव प्रदर्शन कर पहचान के प्रमुख लक्षण बताए। बिलाई ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अमित पांडेय ने कार्मिकों से फील्ड में खड़े गन्ने व बीज हेतु सुरक्षित प्लॉटों की सही पहचान कर बीज प्रमाणीकरण पर जोर दिया।

# कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में वैद्य विमर्श का सफल आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में शैक्षणिक गुणवत्ता एवं केडेमिक विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक दिवसीय सीएमई कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में कॉलेज के समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. श्यामतीर्थ सिद्ध पुरुष शुक्रताल मुजफ्फरनगर संस्थान के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, ने दीप प्रज्वलन से किया एवं धन्वन्तरी वन्दना बीएएमएस प्रथम के विद्यार्थी सलोनी, कृति, श्रुति एवं नमन ने की। सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए आयुर्वेद के क्षेत्र के सम्बन्धित विषयों पर कृष्णा आयुर्वेदिक कालेज के निदेशक वैद्य संदीप ने अपने विचार साझा किये।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मुम्बई से आए प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सतीश सोनू उपस्थित रहे। वहीं डॉ. श्यामतीर्थ सिद्ध पुरुष शुक्रताल मुख्य अतिथि के विशेष रूप में मौजूद रहे। दोनों अतिथियों ने अपने संबोधन में सीएमई के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गुग्गुल कल्प के निर्माण एवं चिकित्सीय उपयोग का विस्तार से वर्णन करते हुए आयुर्वेदिक शिक्षा, शोध एवं निरंतर अध्ययन की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का सूत्र संचालन डॉ. मुदित चौहान ने किया।

इस सीएमई में कॉलेज के सभी शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया तथा विद्यार्थियों ने भी पूरे उत्साह के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

सीएमई में बिजनौर के प्रख्यात चिकित्सक डॉ॰ अशोक चौधरी ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ. अमोल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने मुख्य अतिथियों, सभी वक्ताओं, शिक्षकों, आयोजकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. अजीत, डॉ. इमरान, डॉ. गौरव, डॉ. तमन्ना आदि मौजूद रहे।

## भूलेख खतौनी अंशत्रुटि सुधार के लिए तहसीलवार रोस्टर बनाने के निर्देश

**बिजनौर।** जिलाधिकारी ने परिषद के आदेश के क्रम में एवं उनके पत्र के माध्यम से भूलेख खतौनी अंशत्रुटि सुधार के लिए 10. 01.2026 से 15.03.2026 तक तहसीलवार रोस्टर बनाने के लिए समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है। जनपद के प्रत्येक राजस्व ग्रामो की खतौनियों के पुनरीक्षण एवं उनमें दर्ज खातेदारो/ सहखातेदारों के गाटों में अंश निर्धारण किये जाने के लिए लेखपाल प्रत्येक राजस्व ग्राम में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बैठक आयोजित कर खतौनी पढ़कर सत्यापन करेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि उक्त कार्य के साथ-साथ फार्मर रजिस्ट्री के रजिस्ट्रेशन से छूटे कृषकों की फार्मर आई.डी. बनाये जाने का कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए। उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपनी अपनी तहसील के उपजिलाधिकारी से समन्वय कर तहसील के ग्रामों में उपरोक्त कार्य का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुये फार्मर रजिस्ट्री आई.डी. का कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

## कई जनपदों में रविदास जयंती के आयोजनों को लेकर अनुमति न मिलने पर

# सांसद ने सीएम को पत्र भेजकर दर्ज कराई आपत्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती के आयोजनों को लेकर अनुमति न मिलने की खबरों के बीच सियासी और सामाजिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। इस पूरे मामले को लेकर नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश को अलग-अलग पत्र भेजकर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई है।

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी भारतीय समाज के महान संत, समाज सुधारक और सामाजिक न्याय के प्रतीक रहे हैं। उन्होंने अपने पूरे जीवन में जाति-भेद, छुआछूत और सामाजिक अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करते हुए समानता, मानव गरिमा और भाईचारे का संदेश दिया। उनकी विचारधारा भारतीय संविधान की मूल भावना-समता, बंधुत्व और न्याय से सीधे तौर पर जुड़ी हुई है।



पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि उत्तर प्रदेश के कई जिलों से संत गुरु रविदास जी की जयंती के आयोजन एवं शोभायात्राओं को प्रशासन द्वारा अनुमति न दिए जाने की सूचनाएं सामने आ रही हैं। सांसद ने इसे न केवल गुरु रविदास जी के अनुयायियों की धार्मिक भावनाओं से जुड़ा विषय बताया, बल्कि संविधान, लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा आघात करार दिया है।

सांसद ने आरोप लगाया कि इस प्रकार की घटनाएं प्रशासनिक मनमानी को दर्शाती हैं और यह संकेत देती हैं कि शासन-प्रशासन के कुछ स्तरों पर संवैधानिक जिम्मेदारियों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गुरु रविदास जी की जयंती मनाने से रोकना बहुजन समाज का अपमान है और यह लोकतांत्रिक व संवैधानिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है।

अपने पत्र में सांसद ने सरकार से कई मांगें रखी हैं। इनमें राज्य के प्रत्येक जिले में संत गुरु रविदास जयंती मनाने की पूर्ण स्वतंत्रता सुनिश्चित करने, आयोजनों में बाधा उत्पन्न करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने, जिन जिलों में अनुमति नहीं दी जा रही वहां जिला प्रशासन से स्पष्टीकरण लेने तथा सभी प्रशासनिक इकाइयों को सहयोग करने के स्पष्ट निर्देश जारी करने की मांग शामिल है।

इसके साथ ही सांसद चंद्रशेखर आजाद ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश को भी एक अलग पत्र भेजा है। इस पत्र में उन्होंने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत 1 फरवरी 2026 को विशेष अभियान तिथि निर्धारित की गई है, जबकि इसी दिन संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती भी मनाई जाती है। सांसद ने इसे करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत पवित्र और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण दिन बताते हुए कहा कि इस दिन बीएलओ द्वारा विशेष अभियान चलाया जाना व्यावहारिक और सामाजिक रूप से उचित नहीं है, जिससे मतदाता सहभागिता प्रभावित हो सकती है।

उन्होंने निर्वाचन आयोग से आग्रह किया है कि 1 फरवरी 2026 को निर्धारित विशेष अभियान को निरस्त कर किसी वैकल्पिक तिथि पर आयोजित किया जाए, ताकि धार्मिक आस्था और लोकतांत्रिक प्रक्रिया दोनों का सम्मान बना रहे।

पत्रों के अंत में सांसद ने चेतावनी दी है कि यदि इन मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो बहुजन समाज इसे सामाजिक न्याय, संत परंपरा और संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ साजिश मानेगा और लोकतांत्रिक व संवैधानिक दायरे में रहकर आंदोलन के लिए बाध्य होगा। उन्होंने सरकार से अपेक्षा जताई है कि मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल ठोस कार्रवाई की जाए।

# जातिवाद छोड़कर हिंदू हों एकजुट: अनिल

शाह टाइम्स ब्यूरो

0आरएसएस के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर हिंदू सम्मेलन का कैलादेवी धाम पर हुआ आयोजन

0सामान खरीदने से पूर्व उसमें गड़बड़ी की जांच करने पर ज़ोर

0अस्तित्व मिटाने वाले धोखेबाज़ों से दूर रहने का आह्वान

**सम्भल।** आरएसएस के शताब्दी पूर्ण होने पर आयोजित किए गए हिंदू महा सम्मेलन में हिंदुओं को एकजुट रहने की अपील करते हुए धोखेबाजों से सचेत रहने तथा भारतीय संस्कृति को बनाए रखने की अपील की गई। आश्रम के महंत श्रृषिराज गिरी महाराज तथा मेरठ प्रांत के मुख्य संघ प्रचारक ने अपने विचार प्रस्तुत किए गए।

कैलादेवी धाम पर बुधवार को आयोजित किए गए हिंदू महासम्मेलन सम्मेलन में मेरठ प्रांत के संघ प्रचारक मुख्य वक्ता अनिल व आश्रम के महंत श्रृषि राज गिरी महाराज ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान मेरठ संघ प्रचारक मुख्य वक्ता अनिल ने कहा कि हमें अपनी भारतीय संस्कृति का प्रचार करते हुए सभी को एकजुट रहना होगा। जहां उन्होंने सभी आपसी जातियों को छोड़कर हिंदू होते हुए एकजुट रहने की अपील की। आश्रम के महंत अंतर्राष्ट्रीय हरिहर सेना के संरक्षक श्रृषि राज गिरी महाराज ने कहा कि सम्भल में जहां हिंदुओं की संख्या 15 प्रतिशत रह गई है, वहीं मंदिर बनने के बाद हम 85 प्रतिशत होंगे। उन्होंने कहा कि सभी हिंदू समाज ऐसे धोखेबाजों से दूर रहें जिन्होंने हमारे अस्तित्व को मिटाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि आरएसएस के शताब्दी पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज यह महासम्मेलन हिंदुओं को एकजुट करने की लिए एकत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐंसे धोखेबाजों से हम कोई भी सामान खरीदने से पहले यह भी निश्चित करने की कहीं उसने कुछ उसमें भी तो गड़बड़ नहीं किया है। उन्होंने कहा कि आप सभी अपनी बहन बेटियों को भी संस्कार देते हुए ऐसे लोगों से दूर रहने के लिए प्रेरित करें साथ ही उन्हें अपने दिल से निकाल दें और सभी हिंदू एक जुट रहें। कार्यक्रम के दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सम्मेलन में जनपद के अलावा अन्य जनपदों से भी हिंदू संगठन के लोग एकत्रित हुए तथा जनपद के भी दर्जनों गांव से लोग एकत्रित हुए। जिसमें विभाग के संघ चालक अरविंद अरोड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू, विभाग प्रचारक शरद कुमार, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़गवंशी, ब्लॉक प्रमुख पति हृदेश यादव, भाजपा नेता राजेश सिंघल पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, भुवनेश आदि उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम का संचालन नेकपाल सिंह तथा अध्यक्षता गोकुल वाल्मीकि ने की।





सम्भल- कैलादेवी धाम पर हिंदू सम्मेलन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देती बच्चियां, सम्मेलन में मौजूद लोग वक्ताओं के विचारों को सुनते।

## जिले के प्रभारी मंत्री प्रशिक्षण में होंगे शामिल

**बबराला।** नागरिक सुरक्षा और होम गार्ड मंत्री धर्मवीर प्रजापति बगीचा वेंकट हाल में चल रहे नागरिक सुरक्षा नरौरा के सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में आज सम्मिलित होकर वार्डेन/स्वयंसेवकों को संबोधित करेंगे।

# कर करेत्तर समीक्षा बैठक में की गई चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कर करेत्तर/न्यायालय राजस्व, चकबंदी वाद एवं चकबंदी विभाग के कार्यों की समीक्षा आदि राजस्व संबंधी सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा एवं प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

कलक्ट्रैट सभागार में आयोजित बैठक में सीएम डैशबोर्ड पर स्टाम्प निबंधन, आबकारी,वाहन कर वानिकी, खनन ,जीएसटी, विद्युत आदि के लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति को लेकर जानकारी ली। जबकि व्यापार कर की आर सी वसूली, स्टाम्प देय,खनन आदि की आरसी वसूली को लेकर जानकारी लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने कम आर सी वसूली को लेकर नाराजगी व्यक्त की एवं निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत आरसी वसूली का कार्य किया जाए। अपर जिलाधिकारी ने एमओयू मॉनिटरिंग, जीबीसी, डिजि शक्ति, मंडी आय औषधि विक्रय लाईसेंस, अमृत, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, पीएम स्वनिधि योजना, सम्पत्ति नामांतरण, ट्रेड सर्टिफिकेट जारी करना, इ- खसरा, एंटी भूमाफिया, कुर्रा बटवारा, नामांतरण (धारा-116) , पैमाइश (धारा 24) को लेकर चर्चा की की तथा सम्बंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# ब्लैक आउट से डरें नहीं जागरूकता के लिए हो रहा मॉक ड्रिल

शाह टाइम्स ब्यूरो

0नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जयंती 23 जनवरी को जिले में होगा मॉक ड्रिल

**सम्भल।** हवाई हमले से क्षेत्र के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान, आवास, सड़क तथा जनपद वासियों को सुरक्षित रखने एवं उनके स्थानों की विद्युत (बिजली) बन्द रखना प्रकाश प्रतिबन्ध (ब्लैक आउट) मॉक ड्रिल आयोजित किया जायेगा।

उत्तर प्रदेश दिवस 2026 पर 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस पर सायं 06:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, बहजोई में ब्लैक आउट मॉक ड्रिल आयोजित की जायेगी, जिसमें बचाव सम्बन्धी आपात कालीन विधियों का अभ्यास/प्रदर्शन होगा। इसलिए आस-पास के समस्त प्रतिष्ठान तथा कार्यालय एवं क्षेत्र की जनता से अपील है कि दिनांक 23 जनवरी, 2026 को सायं 06:00 बजे अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों की लाईटों एवं इन्वर्टर को पूर्ण रूप से बन्द कर दें, जिससे बाहर प्रकाश दिखाई ना दें। नीतू रानी प्रभारी उप नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा ने बताया कि ब्लैक आउट में सभी लाईटों को बन्द कर दें। सायरन बजने पर शांतिपूर्वक अपने घरों/सुरक्षित स्थान पर रहें। बाहर कोई माचिस, लाईट व टॉर्च एवं मोबाईल का प्रयोग न करें।जबकि यदि कहीं पर कोई लाईट निकल रही हो तो वहाँ पर काला कागज चिपकायें। घर से कोई भी लाईट बाहर न निकलने पाये। ध्धयान से चले, भागें नहीं एवं धूम्रपान न करें। उन्होने बताया कि यह केवल एक मॉक ड्रिल है जो जागरूकता फैलाने के लिए की जा रही है।जिससे सहयोग देते हुए भविष्य में हवाई हमले (युद्ध) जैसी विषम परिस्थितियों में होने वाले ब्लैक आउट के प्रति जागरूक रहें। इसके अलावा हवाई हमले का रेड सिग्नल 02 मिनट तक ऊँची-नीची आवाज में सायरन बजाया जाता है तथा खतरा टलने की सूचना 02 मिनट तक सायरन को एक ही आवाज मे बजाकर दी जाती है।

# बाल विवाह रोकने को न झुकने वाली उपासना की गई सम्मानित

0निजि कार्यालय पर खोली पीडीए पाठशाला

शाह टाइम्स,ब्यूरो



सम्भल-बाल विवाह का विरोध करने वाली उपासना को सम्मानित करते।

**सम्भल।** बाल विवाह को ठुकराकर इसे रोकने के लिए स्तम्भ बनी बालिका को बाल अपराध गोष्ठी में सम्मानित किया गया।

बहजोई स्थित पुलिस लाइन सभागार में बुधवार को बाल अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में परिवार के दबाव के बावजूद बाल विवाह को ठुकराकर इसे रोकने के लिए अपनी आवाज को मजबूती से उठाने वाली उपासना को क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक तिवारी ने सम्मानित किया।प्रयत्न संस्था जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह विरोधी अभियान से प्रेरित होकर उपासना ने यह साहसिक कदम उठाया। संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने इस मामले को जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण के समक्ष रखा और उपासना को समाज के सामने एक आदर्श के रूप में प्रस्तुत करने को कहा। बता दें कि उपासना के परिजनों ने उसके बाल विवाह न करने के फैसले पर फिलहाल उसके साथ संबंध तोड़ दिए हैं, लेकिन उपासना ने अपनी शिक्षा और स्वतंत्रता के लिए इस दबाव को झुकने नहीं दिया। यह देश में ऐसा पहला मामला बताया जा रहा है जहां बेटी की इतनी मजबूत इच्छाशक्ति के कारण परिवार ने संबंध तोड़े, फिर भी उसने बाल विवाह स्वीकार नहीं किया। क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी ने उपासना की इस बहादुरी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी बेटियां समाज में परिवर्तन की मशाल हैं। प्रयत्न संस्था और प्रशासनिक अधिकारियों के प्रयासों से उपासना जैसी लड़कियां आगे आ रही हैं, जो बाल विवाह जैसी कुरीति को जड़ से खत्म करने में मदद करेंगी। जबकि प्रयत्न संस्था द्वारा किशोरी को किताबें एवं स्कूल बैग भेंट किया। और दीपक तिवारी द्वारा मैडल पहनाया गया। यह घटना न केवल सम्भल बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा स्रोत है, जहां बाल विवाह रोकने के अभियान तेजी से चल रहे हैं और युवा पीढ़ी खुद अपनी आवाज बुलंद कर रही है। उपासना की कहानी हर उस बेटी के लिए संदेश है जो अपने अधिकारों के लिए लड़ना चाहती है।इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण, गौरव गुप्ता, मेघपाल, आजम खान, सिराज अहमद आदि मौजूद रहे।

## बेहतर सुविधा को प्रदेश में शुरू की गई बेड एंड ब्रक फास्ट नीति

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बी एण्ड बी) एवं होमस्टे नीति के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला पर्यटन अधिकारी प्रदीप टम्टा द्वारा ने होम स्टेट नीति के बारे में जिलाधिकारी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में आने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को उच्च स्तरीय एवं सुरक्षात्मक आवासीय सुविधा उपलब्धा कराएं जाने, सेवा मानकों में सुधार और आवास विकल्पों में वृद्धि कर पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने, राज्य की अर्थव्यवस्था के बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ आय और रोजगार के नए अवसर उत्पन्न किए जाने के उद्देश्य से उ.प्र. शासन द्वारा उत्तर प्रदेश बेड एण्ड ब्रेकफास्ट बी एण्ड बी) एवं होमस्टे नीति-2025 जारी की गई है।उन्होंने बताया कि प्रदेश में स्थापित अनुमन्य होमस्टे एवं बी एण्ड बी इकाइयों को इस नीति में नियमानुसार संचालन किये जाने की व्यवस्था का सरलीकरण किये जाने के लिए होमस्टे एवं बी एण्ड बी नीति-2025 तैयार की गई है तथा इसके साथ साथ नए होमस्टे एवं बी एण्ड बी इकाइयों को वित्तीय प्रोत्साहन एवं अनुदान की व्यवस्था है।

# हिंसा के मास्टर माइंड शारिक साठा की करोड़ों की सम्पत्ति कुर्क

शाह टाइम्स ब्यूरो

0बड़ी संख्या में पुलिस बल रहा मौजूद

**सम्भल।** विगत वर्ष हिंसा के मास्टर माइंड होने के आरोपी की पुलिस ने डुगडुगी बजाकर सम्पत्ति को कुर्क कर लिया। इस दौरान एएसपी और भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

विगत वर्ष 24 नवम्बर 24 को शाही जामा मस्जिद का दूसरी बार सुबह सवेरे वकील कमिश्नर के मौका मुआयना करने के दौरान हिंसा भड़क गयी थी। हिंसा में गोलीबारी और पथराव व आगजनी से हालात काफी संवेदनशील हो गए थे। जबकि गोलियां लगने से पांच की मौत हो गयी थी। कई घायल हुए थे। इनमें कुछ पुलिस कर्मी भी चोटिल हुए थे। हिंसा के जांच के दौरान दुबई में बैठे शारिक साठा हिंसा का मास्टर माइंड होना सामने आया था। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि हिंसा के मास्टरमाइंड शारिका साठा 2020 में फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल करके दुबई भाग गया था। उस व्यक्ति की कई राज्यों की पुलिस को तलाश है, उसके खिलाफ अलग-अलग राज्यों में 69 केस दर्ज हैं। वह 24 नवंबर को हुई संभल हिंसा का मास्टरमाइंड है। उसकी गिरफ्तारी के काफी प्रयास किए गए लेकिन पुलिस उसे अब तक गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। इसलिए न्यायालय से दो मामलों में इसके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई के लिए आग्रह किया गया था। अदालत के आदेश पर शारिक साठा के विरूद्ध उसकी सम्पत्तियों को कुर्क करने की कार्रवाई की गई। शारिक साठा जिस मकान में अपनी पत्नी के साथ रहता था उसे कुर्क किया गया है, बाकी जहां इसके रिश्तेदार रह रहे हैं उन भागों को छोड़ दिया गया है और अब इसके खिलाफ पर्मानेंट वारंट जारी हो गया है। कुर्की की कार्रवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक समेत सी ओ असमोली और भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## एक नज़र इधर भी



बबराला-आग से बचाव का प्रशिक्षण देते।

## आग से बचाव का दिया प्रशिक्षण

**बबराला।** भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा प्रायोजित नागरिक सुरक्षा कोर नरोरा के वार्डेन और स्वयं सेवकों का सात दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण के तीसरे- दिन अग्नि शमन अधिकारी शदन पटेल द्वारा प्रशिक्षण ले रहे वार्डेन को अग्नि के बारे में बताया गया कि आग चार की होती है। ए टाइप, जैसे ठोस पदार्थों, लकड़ी, कागज, और कपड़े बी टाइप जलन शील तरल पदार्थ पेट्रोल, डीजल, और पेंट सी टाइप अति जलन शील पदार्थ जैसे ब्युटेंन और मीथेंन से लगने बाली आग ड़ी टाइप दहन शील धातुओं जैसे मैग्नीशियम, एल्यूमीनियम और पोटेशियम से लगने वाली आग के अलावा कई अन्य महत्व पूर्ण जानकारी दी गयी। फायर स्टेशन के प्रभारी द्वारा गैस सिलंडर से लगने वाली आग का प्रैक्टिकल करके सभी प्रशिक्षण ले रहे वार्डेन को आग बुझाना सीखाया गया। चीफ वार्डेन योगेन्द्र सिंह यादव द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर उप नियंत्रक अनुराधा सिंह ने सभी को अनुशासन के साथ प्रशिक्षण सही प्रकार से प्राप्त करने को प्रेरित किया। इस अवसर पर देवदत्त, अनिल जितेंद्र शर्मा, सोमवीर सिंह, पूनम रानी, सुखबीर सिंह रहे।

## भाकियू असली का 17वें दिन भी जारी रहा धरना

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** भारतीय किसान यूनियन असली अराजनैतिक का धरना आन्दोलन 17 वें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर पंचायत मे बोलते हुए राष्ट्रीय प्रमुख सचिव श्रृषिपाल सिंह यादव ने कहा कि 31 जनवरी को होने वाली राष्ट्रीय महापंचायत मे आन्दोलन का स्वरुप बदला जायेगा। जन समस्याओ के प्रति जो अधिकारी व कर्मचारी संवेदनशील नही है उनका खुलकर विरोध किया जायेगा। आवारा गोवश पर बोलते हुए कहा कि भाजपा की सरकार मे भी गाय सुरक्षित नही है।

# खाद्य सुरक्षा पंजीकरण के बिन संचालित होटल बंद कराया

शाह टाइम्स ब्यूरो

0डीएम के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रवर्तन दल ने किया निरीक्षण

**सम्भल।** खाद्य सुरक्षा विभाग के प्रवर्तन दल द्वारा जनपद के खाद्य प्रतिष्ठानों के किए जा रहे नियमित निरीक्षण में मांस दुकानों का निरीक्षण दो प्रतिष्ठानों को तत्काल बंद कराया गया।

जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग के प्रवर्तन दल द्वारा बहजोई स्थित मीट दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 'कादरी चिकन शॉप' एवं 'आजाद चिकेन शॉप' में साफ सफाई मानक के अनुसार ना पाए जाने एवं संचालन खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006, नियम व विनियम-2011 की अनुसूची-4 में निहित प्राविधानों के अनुसार नहीं पाया गया। जिन्हे नोटिस निर्गत किया गया। इसके अलावा 'नौशाद पुत्र निजामुद्दीन' एवं' शमा ए करीम होटल' बहजोई द्वारा मौके पर 'खाद्य लाइसेंस/ पंजीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया। प्रवर्तन दल ने दोनों प्रतिष्ठान का संचालन तत्काल बंद कराया कराया।एवं खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। टीम में मानवेन्द्र सिंह सहायक आयुक्त खाद्य के नेतृत्व में राजीव कुमार, राजेश कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

## चन्द्रभान की निर्विरोध जीत पर स्वागत

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** नगर गुन्नौर की उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड के शाखा प्रतिनिधि पद के लिए चंद्रभान सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। गुन्नौर ब्लॉक कार्यालय में नामांकन प्रक्रिया पूरी की गई। जिसमें भारतीय जनता पार्टी की ओर से गुन्नौर निवासी चंद्रभान सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। चुनाव अधिकारी रविन्द्र विक्रम ने बताया कि मंगलवार सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन प्रक्रिया चली। निर्धारित समय में तीन नामांकन पत्र प्राप्त हुआ। जिनमें दो जांच में निरस्त हो गए। इसलिए चंद्रभान सिंह का निर्विरोध निर्वाचन हो गए। दस्तावेजों की जांच में दो नामांकन निरस्त हो गए। इसके बाद आगे की औपचारिक कार्रवाई पूरी की गयी। उनको निर्वाचित घोषित किया। कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने चंद्रभान सिंह को निर्विरोध निर्वाचित होने पर बधाई दी।

# सरस्वती विद्यालय की छात्रा नंदनी का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

0लोकगीत समूह में विद्यालय को मिला द्वितीय स्थान

शाह टाइम्स,संवाददाता



बबराला- लोकगीत व एकल नृत्य प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय के लिए चयनित बच्चे।

**बबराला।** संस्कृति विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश पर्व-हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत संस्कृति उत्सव का मंडल स्तर की प्रतियोगिता मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज मुरादाबाद में आयोजित हुई। जिसमें सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बबराला की छात्र नंदिनी ने एकल लोकनृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त करके राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित हुई है। लोकगीत समूह में विद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त जिसमें निशि, निशा, शिवानी, मोहिनी,प्रिया माहेश्वरी और नंदिनी कुशवाह छात्राओं ने बन्नी लोकगीत प्रस्तुत किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी ने छात्र नन्दनी की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन को बधाई दी और लोकगीत समूह की सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गुरु एक मार्गदर्शक होता है और यही मार्गदर्शन शिक्षिका नेहा यादव ने किया। इस उपलब्धि के लिए उन्हें धन्यवाद और आभार प्रकट किया कि दो दिनों में इस प्रतियोगिता के लिए छात्राओं के साथ तैयारियां की। उड़ान फाउंडेशन की संचालिका ममता राजपूत को आभार व्यक्त किया, जिन्होंने कम समय में छात्राओं को सही दिशा प्रदान की। मंडल स्तर प्रतियोगिता में सम्भल की विजय से प्रफुल्लित जिलाधिकारी राजेन्द्र पैंसिया ने छात्राओं से मुलाकात की उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान प्रधानाचार्य अल्पना चौधरी,उड़ान ग्रुप संचालिका ममता राजपूत,नेहा यादव व छात्राएं मौजूद रहीं।

# आत्म रक्षा के लिए प्रशिक्षित की गई छात्रायें

शाह टाइम्स,ब्यूरो



सम्भल- आत्म रक्षा के गुर सीखती छात्राये।

**सम्भल।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म रक्षा प्रशिक्षण के तहत छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला कर सकें। चंदौसी के सरोजिनी नायडू, नेहरू कंपोजिट तथा विनोबा भावे जूनियर हाई स्कूल की छात्राओं को प्रशिक्षक सुरेश कुमार व पूर्वी, शिवानी, संतराम व ब्रिजेश ने छात्रओं को फ्रंट किक, बेसिक किक, फेस पंच की ट्रेनिंग दी, सुरेश कुमार ने बताया कि छात्राएं पहले दिन से ही आत्मरक्षा सीखने में काफी रुचि ले रही हैंस जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले के जूनियर हाई स्कूल व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा स आज से छात्रओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार और महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, घरलू हिंसा, छात्रवृति आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया जाएगा। ताकि बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी हो सके।

# पुलिस ने वांछित को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** अपराधों की रोकथाम को धर पकड़ अभियान के तहत पुलिस ने वांछितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनका चालान कर दिया।

बबराला थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा वांछित चल रहे आरोपी इनामुल पुत्र रहमत इलाही निवासी मौ. मिया सराय बागवाली मस्जिद थाना सम्भल जिला निवासी सम्भल को मीरमपुर बंधा तिराहा बबराला से गिरफ्तार किया गया। थाना बबराला क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर निवासी जीतपाल पुत्र डालचन्द्र द्वारा सूचना दी गयी कि दिनांक 09.जनवरी 2026 की रात्रि करीब 02.30 बजे उसकी 01 भैंस को अज्ञात चोरो द्वारा एक महिन्द्रा पिकअप गाडी में लादकर ले गये थे। सूचना पर तत्काल थाना बबराला पर मामला दर्ज कर टीम गठित की गयी थी। जिसमें गांव के आने जाने वाले रास्ती पर लगे सीसीटीवी कैमरो का अवलोकन किया गया था। जिससे उक्त गाडी पिकअप की पहचान की गयी।13 जनवरी.2026 को उक्त घटना का सफल अनावरण करते हुए आरोपी चरन सिंह पुत्र देवेन्द्र सिंह नि. ग्राम बमनपुरी थाना कैलादेवी जनपद सम्भल, नीरज पुत्र कृपाल सिंह नि. ग्राम फैजपुर थाना रजपुरा जनपद सम्भल को चन्दौसी रोड से नूरपुर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया था। जबकि घटना में प्रयुक्त की गयी महिन्द्रा पिकअप व चोरी गयी भैंस की बिक्री से प्राप्त धन को बरामद किया गया था। मुकदमें मे दौरान विवेचना राजेश निवासी बमनपुरी थाना कैलादेवी, देवेन्द्र उर्फ गर्रा निवासी फैजपुर थाना रजपुरा पप्पू निवासी निरयावली थाना रजपुरा, इनामुल पुत्र रहमत इलाही निवासी मौ. मियां सराय बागवाली मस्जिद थाना सम्भल जिला निवासी सम्भल के नाम प्रकाश में आये थे। पुलिस ने वांछितों को गिरफ्तार कर लिया। उनका चालान कर दिया गया।


**सम्बंध-विच्छेद**

मैने व मेरे परिवार ने अपने पुत्र मौ. सलीम व उसकी पत्नी तरन्नुम को उनके गलत आचरण व गलत कृत्यों के कारण पूरी तरह दिनांक 21.01.26 से सम्बंध विच्छेद कर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब वह अपने समस्त कृत्यों, क्रियाकलापों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। उनके किसी कृत्य का मेरा व मेरे परिवार से कोई ताल्लुक वास्ता नहीं होगा।

**वाजिद हुसैन पुत्र अब्दुल खालिक**
नि. मौ. दीपा सराय थाना नखासा
जनपद सम्भल।



**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण जानकारी**

**दिल्ली–वाराणसी–दिल्ली के बीच विशेष रेलगाड़ी का संचालन**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए उत्तर रेलवे द्वारा दिल्ली–वाराणसी–दिल्ली के बीच एक विशेष रेलगाड़ी संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

**04024/04023 दिल्ली जं.-वाराणसी-दिल्ली जं. सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस (4 फेरे)**

| रेलगाड़ी सं. 04024 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04023 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 19:25 | दिल्ली जं. | 08:50 | -- |
| 20:08 | 20:10 | गाजियाबाद | 08:00 | 08:02 |
| 22:30 | 22:38 | मुरादाबाद | 05:17 | 05:25 |
| 03:30 | 03:40 | लखनऊ | 00:20 | 00:30 |
| 04:55 | 04:57 | रायबरेली जं. | 21:58 | 22:00 |
| 06:35 | 06:40 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ | 20:20 | 20:25 |
| 09:40 | ---- | वाराणसी | ---- | 18:35 |

चलने के दिन: **04024 दिल्ली जं.** से दिनांक 23.01.2026 एवं 25.01.2026 को और **04023 वाराणसी** से दिनांक 24.01.2026 एवं 26.01.2026 को।

**स्थान** : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**रेगगाड़ी संख्या 04081/04082 नई दिल्ली–श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा–नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि में मौजूदा समय–सारणी, ठहराव एवं स्थान के साथ विस्तार**

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | फ्रीक्वेंसी | अतिरिक्त फेरों की तिथि | फेरे |
|---|---|---|---|---|---|
| 04081 | नई दिल्ली | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | प्रतिदिन | 23.01.26 से 26.01.26 | 04 |
| 04082 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | नई दिल्ली | प्रतिदिन | 24.01.26 से 27.01.26 | 04 |

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलवे पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

223/26

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे** सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ई-कचरा गलाने वाले कारखाने और भट्टियों पर प्रशासन का छापा, आठ कारखाने सील



**मुरादाबाद।** जनपद में अवैध रूप से ई-कचरा गलाकर प्रदूषण फैलाने वाले कारखानों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। मुगलपुरा क्षेत्र के बरबालान इलाके में संचालित ई-कचरा गलाने वाली फैक्ट्रियों पर सिटी मजिस्ट्रेट विनय पांडे के नेतृत्व में छापेमारी की गई, जिसमें आठ अवैध कारखानों को सील कर दिया गया।इस कार्रवाई में असिस्टेंट कमिश्नर राज्य कर विभाग और प्रदूषण नियंत्रण विभाग के अवर अभियंता सहित संयुक्त टीम शामिल रही। छापेमारी के दौरान जब फैक्ट्री संचालकों से लाइसेंस और आवश्यक अनुमति पत्र मांगे गए तो कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसके बाद टीम ने तत्काल प्रभाव से फैक्ट्रियों को सील करने की कार्रवाई की। गौरतलब है कि मुरादाबाद में लंबे समय से बड़े पैमाने पर ई-कचरा जलाने का अवैध कारोबार चल रहा है। देहात क्षेत्र, मुगलपुरा, नागफनी और मझोला के जन्नत बाग जैसे इलाकों में शाम होते ही अवैध भट्ठियां जल उठती हैं, जिससे जहरीला धुआं फैलता है। इससे आसपास रहने वाले लोगों को सांस लेने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सिटी मजिस्ट्रेट विनय पांडे ने बताया कि ऐसी अवैध भट्ठियों और इकाइयों को चिन्हित करने का अभियान लगातार जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी प्रशासन की कार्रवाई जारी रहेगी।

# ऊर्जा संरक्षण के लिए जागरूकता रैली और बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन

**कांठ (शाह टाइम्स)।** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के आज छठे दिन छात्र इकाई के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह के दिशा निर्देशन में ग्राम मौढ़ी हजरतपुर तथा छात्रा इकाई की स्वयंसेविकाओं ने कार्यक्रम अधिकारी ऊषा सिंह के दिशा निर्देशन में ग्राम गुलड़िया में ऊर्जा संरक्षण के संदर्भ में जागरूकता रैली का आयोजन किया तथा घर-घर जाकर ऊर्जा संरक्षण के बारे में लोगों को जानकारी दी। इसके पश्चात दिन के दूसरे सत्र में बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सचिन रस्तोगी (एसडीओ विद्युत विभाग) द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुआ। छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ-साथ ऊर्जा संरक्षण पर अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए बौद्धिक संगोष्ठी में सचिन रस्तोगी




ने ऊर्जा संरक्षण पर कहा कि ऊर्जा की बचत आज हमारी पहली प्राथमिकता है; क्योंकि इसी से हमारी आगामी पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित है। अत: हमें ऊर्जा संरक्षण में सहयोग करना चाहिए।

प्रधानाचार्य मदन सिंह ने कहा कि राष्ट्र हित के लिए ऊर्जा संरक्षण जरूरी है; अत: बिजली पानी आदि के संरक्षण को प्राथमिकता दें एवं दूसरों को भी ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रेरित करें।अंत में प्रधानाचार्य मदन सिंह एवं स्वयंसेवकों ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह, एसडीओ सचिन रस्तोगी राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, ऊषा सिंह, निशिकांत पाठक, अतवीर सिंह त्यागी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे। संचालन कक्षा 12 की छात्रा आयुषी बिश्नोई, मानवी बिश्नोई,चार्बी चौहान,भूमिका चौहान ने किया।

## एक नजर

### नारी सशक्तिकरण व बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ टॉपिक पर राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत विस्तार से बताया गया

**कुंदरकी।** बुधवार को मदन स्वरूप इंटर कॉलेज हरियाना में नारी सशक्तिकरण एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ टॉपिक पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सेविकाओं को वीरपाल सिंह द्वारा विस्तार से बताया गया इसमें बताया कि बेटियों का समाज में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है तथा जो लोग भ्रूण हत्या आदि तथा सिंह ने बताया कि नारियों को सभी सरकारी योजनाओं में आरक्षण सरकार द्वारा दिया गया तथा और अन्य योजनाओं के बारे में भी बताया और यह भी बताया कि यह 22 जनवरी 2015 से माननीय प्रधानमंत्री जी नरेंद्र मोदी द्वारा इसे हरियाणा प्रांत से लागू किया गया तथा इसमें बताया कि लिंगानुपात में भी अंतर है और भी अन्य बातें विस्तार से बताएं तथा हमारे प्रधानाचार्य रहे हैं।

अजय प्रकाश शर्मा जी ने भी कुछ नारी सशक्तिकरण के बारे में बताया इसमें सुमन कुमारी सुमन सरिता कुमारी सरिता गुलाम आफरीन अतुल कुमार आदि स्वयं सेवक सेविकाओं ने भी अपने विचार रखें तथा श्री आनंद कुमार डॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह डॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह अमित कुमार श्री राहुल सिंह बागेश्वर सिंह आदि का सहयोग रहा तथा कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्याम वीर सिंह द्वारा किया गया।

### राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत में डिजिटल लिटरेसी विषय पर जनप्रतिनिधियों के दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया




**मूंढापांडे।** ब्लॉक मूंढापांडे के सभागार में ग्राम पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के डिजिटल लिटरेसी विषय पर आयोजित किए गए दो दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम दिवस प्रशिक्षण का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत देवैश कन्हैया के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया प्रशिक्षण में जनप्रतिनिधियों को मोबाइल कंप्यूटर इंटरनेट एवं विभागीय पोर्टल से संबंधित जानकारी दी गई उन्हें डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग कैसे किया जाए इसकी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई प्रशिक्षण में सीनियर फैकल्टी डॉ नवनीत शेखर , प्रशिक्षक शिवानी राजपूत, सुमन ,अमित कुमार के द्वारा सत्र लिए गए प्रशिक्षण में साइबर स्कैम, सोशल मीडिया उपयोग विभागीय पोर्टल आदि विषयों पर जानकारी दी गई।

### अनिल कुमार यादव का प्राथमिक विद्यालय माननगर में गुलाब के पौधे भेंट कर किया स्वागत



कांठ(शाह टाइम्स) सहयोगात्मक सुपरविजन के लिए माननगर स्कूल में पहुंचे जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रवक्ता अनिल यादव का स्कूल की प्रधानाध्यापिका और बच्चों ने गुलाब के पौधे भेंट कर स्वागत किया। अनिल यादव ने स्कूल की सुंदर व आकर्षक भौतिक परिवेश की प्रशंसा की और कहा कि यहां के बच्चों का अनुशासन और वेशभूषा से वह प्रभावित हुए हैं। इको क्लब के अंतर्गत विद्यालय में बनी आरोग्य वाटिका की भी उन्होंने तारीफ की और कहा कि उन्हें भी पेड़ पौधों से काफी लगाव है। प्रधानाध्यापिका भुवनेश कुमारी ने विद्यालय की अमृत वाटिका से गुलाब के पौधे डायट प्रवक्ता अनिल यादव को भेंट किए। उन्होंने भुवनेश कुमारी प्रधानाध्यापिका का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि इस स्कूल के बच्चों का अनुशासन किसी भी प्राइवेट स्कूल के अनुशासन एवं मापदंडों से कम नहीं है।

### स्वदेशी संकल्प आत्मनिर्भरता के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

**कांठ (शाह टाइम्स)** हार्वर्ड कान्वेंट स्कूल गढी में आज स्वदेशी संकल्प आत्मनिर्भरता को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग क्विज कंपटीशन पत्र लेखन जैसी अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं प्रधानाचार्य रेनू बिश्नोई ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें अपने देश के प्रति अपनी स्वदेशी भावनाओं को निरंतर बनाए रखना चाहिए स्वदेशी पोस्टर मेकिंग की भावनाओं से हमें प्रेरित होकर अपने देश का कर्तव्य निष्ठ ईमानदार एवं कर्त्तव्य परायण नागरिक बनना चाहिए। इसके साथ ही हमें देश के हित में बनाए जाने वाली टेक्नोलॉजी का सदुपयोग भी देश हित में करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा।



# एसआईआर का नोटिस तामील कराने को बीएलओ ने किया ढाई सौ किलोमीटर का सफर

**कांठ( शाह टाइम्स )** कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी के साथ काम करने की चाहत जिसमें होती है वह बड़ी से बड़ी बधाओ को भी पार करते हुए अपने काम को अंजाम देते हैं। ऐसा ही एक मामला आज सामने आया बूथ संख्या 64 के बीएलओ मास्टर अकरम अली को करीब तीन दर्जन नोटिस मतदाताओं को दिए जाने के लिए प्राप्त हुए। बाकी नोटिस तो उन्होंने देर रात को ही बांट दिए लेकिन एक नोटिस फरजाना पत्नी समीर अहमद को उनके बाहर रहने पर वह नहीं दे पाए। बताया गया कि फरजाना का पति समीर अहमद पिलखुआ में रहकर मजदूरी कर रहा है बीएलओ ने समीर का पता निकाला और अपनी निजी व्यवस्था करते हुए उसे नोटिस तामील कराने के लिए पिलखुवा पहुंच गए उन्होंने समीर को नोटिस तामील कराया और बताया कि 27 जनवरी को नायव तहसीलदार की कोर्ट में आकर वह इस संबंध में अपनी आपत्ति और दावा प्रस्तुत कर सकता है। जिसने भी बीएलओ की इस भावना को देखा वह आश्चर्य चकित रह गया।



# अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में टीएमयू फार्मेसी कॉलेज के दो छात्रों ने पुरस्कार जीते

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टीएमयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी कॉलेज के स्टुडेंट्स रोशनी कुमारी ने दो दिनी अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस फार्मा-इनोवेट समिट- 2025 में बेस्ट पोस्टर प्रेजेंटर का खिताब जीता, जबकि संदेश सराफ ने ओरल प्रेजेंटेशन में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। ये अवॉर्ड गलगोटिया के फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रम शर्मा ने दिए। रोशनी कुमारी ने सिजीजियम क्यूमिनी (जामुन) के बीजों की मधुमेह-रोधी गतिविधि विषय पर उत्कृष्ट शोध पोस्टर की प्रस्तुति दी। संदेश ने ऑस्टियोआर्थराइटिस प्रबंधन के लिए प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों का औषधीय मूल्यांकन: प्राचीन ज्ञान से आधुनिक कार्यप्रणालियों तक के लिए ओरल प्रेजेंटेशन दिया। गलगोटिया यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का मुख्य विषय फ्रॉम मॉलीक्यूल टू मेडिसिन: ड्रग डवलपमेंट, ड्रग डिलीवरी एंड लाइफसेविंग थेरेपीज था। कॉन्फ्रेंस में फार्मेसी कॉलेज के 22 स्टुडेंट्स ने प्रतिभाग किया। अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में सात देशों के प्रमुख शोधकर्ताओं ने विशेष व्याख्यान, पोस्टर प्रस्तुति, ओरल प्रेजेंटेशन आदि के जरिए आधुनिक फार्मास्यूटिकल रिसर्च के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। इस सम्मेलन में स्टुडेंट्स ने जाना कि कैसे शैक्षिक संस्थान, फार्मा उद्योग और नियामक संस्थाएं मिलकर वैज्ञानिक खोजों को जीवनरक्षक उपचारों में तेजी और प्रभावशीलता के साथ परिवर्तित करती हैं। प्रतिभागियों ने बेस्ट प्रैक्टिसिज का आदान-प्रदान के संग-संग दवा विकास और डिलीवरी के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों के स्केलेबल, वैज्ञानिक और व्यावहा. रिक समाधान पहचाने। इस बहुआयामी अनुभव ने छात्रों में वैज्ञानिक-दृष्टिकोण, शोध क्षमता और नवाचार की समझ को और अधिक सशक्त किया। टीएमयू की ओर से डॉ. पुष्पेंद्र शुक्ला और श्रीमती उर्वशी सक्सेना ने साइंटिफिक इवैल्युएटर की भूमिका निभाई।



● तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के टीएमयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी कॉलेज के बीफार्म के दो स्टुडेंट्स- रोशनी कुमारी ने सिजीजियम क्यूमिनी (जामुन) के बीजों की मधुमेह-रोधी गतिविधि विषय पर उत्कृष्ट शोध पोस्टर की दी प्रस्तुति, तो संदेश सराफ ने ऑस्टियोआर्थराइटिस प्रबंधन के लिए प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों का औषधीय मूल्यांकन पर दिया ओरल प्रजेंटेशन

# पुण्यतिथि पर धर्मशाला में कमरा निर्माण को दिए 3 लाख

**कांठ (शाह टाइम्स)।** वैश्य बिश्नोई सभा कांठ के अध्यक्ष अनिल कुमार बिश्नोई की धर्मपत्नी उर्मिला देवी का पिछले वर्ष निधन हो गया था आज उनकी पहली बरसी पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो लोगों ने उर्मिला देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अनिल कुमार ने धर्मशाला में कमरा निर्माण हेतु 3 लाख की नगद राशि कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार विश्नोई को सौंपी।

उन्होंने कहा कि ऐसे अवसर पर सामाजिक कार्यों में खर्च किए जाने वाले धन से दूसरे लोगों को भी लाभ पहुंचता है। इस मौके पर



अनिल बिश्नोई के बड़े बेटे डॉ पंकज बिश्नोई (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन), अनुज कुमार विश्नोई, प्रियंका बिश्नोई, विनीता बिश्नोई, भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश माहेश्वरी, वैश्य सभा के अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी, नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ मौ.यूसुफ, भाजपा के जिला महामंत्री राजन विश्नोई, सहकारी गन्नाविकास समिति के अध्यक्ष कुंवर सुरेंद्र सिंह, भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई, व्यापार मंडल के अध्यक्ष निरुपम बिश्नोई, तहसील बार एसोसिएशन के महासचिव एडवोकेट दीपक बिश्नोई, सरदार रविंद्र सिंह गांधी, श्री गुरुद्वारा सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार कुलवंत सिंह, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महेश चंद्र गुप्ता, आनंद कुमार बिश्नोई, विकास शर्मा आदि मौजूद रहे।

# दावे और आपत्ति को लेकर आज तहसील में पहुंचे लोग, लगी बड़ी-बड़ी लाइन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** एस आई आर में मैपिंग से बाहर हुए लोगों को निर्वाचन आयोग के निर्देश पर नोटिस थमा दिए गए नोटिस मिलते ही लोगों में हड़कंप मच गया और निश्चित तारीख पर आज शुरू हुए दावे और आपत्ति को लेकर लोग अपनी-अपनी अदालतों में पहुंच गए। उप जिला अधिकारी संत दास पवार ने बताया की विधान सभा क्षेत्र में करीब 22 हजार लोगों को नोटिस थमाए गए हैं जिनकी दावे और आपत्ती लेने के लिए 11एआरओ को तैनात किया गया है चार एआरओ कांठ तहसील और चार को पाकबड़ा जीआईसी कॉलेज में बैठाया गया है। जबकि दो ब्लॉक छजलैट और एक नगर पंचायत अगवानपुर में बैठकर दावे और आपत्ति लेकर निस्तारण करने का काम करेंगे। आज इस कार्य का पहला दिन था तहसील परिसर में तहसीलदार दो नायव तहसीलदार एक और अन्य चार एआरओ द्वारा दावे आपत्ति प्राप्त की गई और सही प्रपत्र दिए जाने वालों के नाम मतदाता लिस्ट में जोड़े गए। लेकिन इस काम को कराने आए लोगों की आज भारी भीड़ तहसील में देखी गई।



# अपर मंडल रेल प्रबंधक के मार्गदर्शन में हिंदी कार्यशाला का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** रेलवे मंडल मुख्यालय मुरादाबाद में राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल की गई। अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक/परिचालन पारितोष गौतम के मार्गदर्शन में बुधवार को वाणिज्य शाखा तथा कार्मिक शाखा के कर्मचारियों के लिए एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में दोनों शाखाओं के कुल 17 कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यशाला में सहायक कार्मिक अधिकारी सह राजभाषा अधिकारी ज्ञान प्रकाश सिंह चौहान एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक अंकित शर्मा ने कर्मचारियों को राजभाषा अधिनियम 1963, राजभाषा नियम 1976 तथा भारतीय रेलवे में लागू राजभाषा से संबंधित विभिन्न पुरस्कार योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

वक्ताओं ने राजभाषा हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे कार्यालयीन कार्यों में अधिकाधिक प्रयोग करने पर जोर दिया।उन्होंने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वह अपने दैनिक कार्यालयीन कार्य, पत्राचार, नोटशीट एवं अभिलेखों का अधिकतम उपयोग हिंदी में करें, जिससे राजभाषा नीति का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। कार्यशाला के दौरान कर्मचारियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने हिंदी में कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।




# एसआईआर को लेकर केसरी कुंज सैक्टर की बैठक हुई आयोजित

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला के आवाहन पर एसआईआर से संबंधित विषयों को लेकर रामगंगा विहार मंडल के केसरी कुंज सैक्टर की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में राजीव गुप्ता देहात विधानसभा प्रवासी शामिल रहे।मुख्य वक्ता राजीव गुप्ता ने एसआईआर पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश में गायब और नये मतदाताओं के लिए चुनाव आयोग ने एक विशेष अभियान चलाया है जिसमें पूर्व में 18 जनवरी को अभियान चलाया जिसमें सभी बूथों पर बीएलओ मौजूद रहे।

उन्होंने आगे कहा कि आगे भी 31 जनवरी और 1फरवरी को सभी बीएलओ अपने अपने बूथ पर मौजूद रहेंगे इसमें वो मतदाता भी अपना दावे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं जो घर पर अनुपस्थित मिलने पर मतदाता मसौदा सूची से बाहर कर दिये गये ।दावे आपत्ति दर्ज करने एवं नये वोट बनवाने का यह हमारे पास सुनहरा और खास अवसर है हमें बिना समय गवाए हुए घर घर संपर्क कर बने वोट और जो वोट नए बनने है उनकी जानकारी लेनी है नए वोट बनवाने के लिए हमें वोटर फॉर्म वितरित कर साथ के साथ फॉर्म भरवाकर बूथ पर बीएलओ को को जमा करने हैं फार्म जमा की रसीद लेनी है ताकि हमारे पास प्रूफ रहे कि बीएलओ को वोटर फार्म जमा कर दिया गया है जो नए वोट हम बनवा रहे है उनकी रजिस्टर में एंट्री करें ताकि जब नई वोटर लिस्ट आए तब हम उन वोटो पर को ट्रेस कर सके कि हमारी मेहनत कहा तक सफल हुई है ।बैठक में पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा भी फार्म 6 भरकर अपना वोट बनवा लें ताकि मार्च माह में आने वाली वोटर लिस्ट में उनका नाम शामिल हो जाये।बैठक में पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा देहात विधानसभा प्रवासी राजीव गुप्ता मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति सैक्टर संयोजक विजेंद्र सिंह मंडल महामंत्री मयंक कश्यप मंडल उपाध्यक्ष विजय वर्मा ओ पी चौधरी विशाल अग्रवाल आदि शामिल रहे।



## कार्यालय ग्राम पंचायत सिरसवा हरचन्द
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 21.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सिरसवां हरचन्द विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 21.01.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 04.02.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत (रू. लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वृजनन्दन शर्मा के घर से निवाड़ रोड तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 90 मी0 | 320334.42 | 100 | 2% | 2 माह |
| 2 | अनिल के घेर से नामे अली के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 102 मी0 | 346103.33 | 100 | 2% | 2 माह |
| 3 | प्राथमिक स्कूल से रामभरोसे के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 50 मी0 | 171741.16 | 100 | 2% | 2 माह |
| 4 | जगदीश की जगह से सोमपाल के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 30 मी0 | 156876.72 | 100 | 2% | 2 माह |

**प्रतिबंध/शर्ते:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सिरसवां हरचन्द**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

## एक नजर

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बालिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**चन्दौसी।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म रक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत बुधवार को चन्दौसी के सरोजिनी नायडू, नेहरू कंपोजिट तथा विनोबा भावे जूनियर हाई स्कूल की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला कर सकें, प्रशिक्षक सुरेश कुमार व पूर्वी, शिवानी, संत.



राम व ब्रिजेश ने छात्राओं को फ्रंट किक, बेसिक किक, फेस पंच की ट्रेनिंग दी। सुरेश कुमार ने बताया कि छात्राएं पहले दिन से ही आत्मरक्षा सीखने में काफी रुचि ले रही हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्रभूषण ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले के जूनियर हाईस्कूल व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। आज से छात्राओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार और महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, घरेलू हिंसा, छात्रवृति आदि चलाई जा रही, विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया जाएगा। ताकि बालिक. ाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी हो सके।

### पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में बैठक आयोजित



**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक चन्दौसी परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ0 रुकमपाल सिंह की देखरेख में गौशाला रोड पिंक चौकी चन्दौसी में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउं. सलरों द्वारा किया गया जहां कुल 14 पत्रावली सुनकर 03 पत्रावली का निस्तारण किया गया तथा 01 परिवार को मिलाया गया और 03 पत्रावली पर आवेदक द्वारा बल न देने के कारण व अन्य कारण से बंद की गई। इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, पूनम अरोड़ा, सब इंस्पेक्टर महेश गंगवार, हेड कांस्टेबल रुचि आदि लोग उपस्थित रहे।

### वार्डन व स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का छठा दिन



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** एम आई टी संस्थान के सभागार में वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे सत्र के छठे दिन प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत इतनी शक्ति हमें देना दाता प्रार्थना से हुई। श्री आर के शर्मा, डिप्टी सी एम ओ ने पहले सेशन में ष्मानव शरीर की संरचना आदि के बारे में बताया। श्री सतीश कुमार सहायक उपनियंत्रक (व0वे0) ने दूसरे सेशन में सामूहिक दुर्घटना के मामले में ट्राईएज पर चर्चा की। छठे दिन के अंतिम सेशन में सतीश कुमार ने प्राथमिक उपचारकर्ता के कर्तव्य आदि को समझाया। उपनियंत्रक श्री नीरज चक ने सभी वक्ताओं/व्याख्यान विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया। 23 जनवरी को आयोजित ब्लैक आउट मॉकड्रिल के क्रम में अभ्यास किया गया। कार्यक्रम में पंकज सक्सेना डिप्टी चीफ वार्डन, नागरिक सुरक्षा कार्यालय से चमन कुमार शर्मा, तुषार अग्रवाल, मास्टर ट्रेनर अखिल अग्रवाल, विवेक कुमार यादव, डिविजन वार्डन मो खालिद, अशोक कुमार गुप्ता, शरीफ अहमद, वसीम अंसारी, वसीम अख्तर, डॉ शफीक अहमद, अनुज गुप्ता, सुभाष जैन, नरेश शर्मा आदि ने उपस्थित रह कर सहयोग प्रदान किया।

### मुरादाबाद में साहित्य, संगीत और रंगमंच का महाकुंभ: सजेगा उदीषा महोत्सव

**मुरादाबाद।** शहर की साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय फलक पर प्रतिष्ठित करने के लिए से 22 से 26 जनवरी 2026 तक मुरादाबाद में एक भव्य साहित्यख्रसंस्कृति महोत्सव उदीषा का आयोजन किया जा रहा है। पाँच दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में साहित्य, शायरी, संगीत, रंगमंच, सिनेमा, लोकख्रसंस्कृति और समकालीन सामा. जिक विमर्श से जुड़े देश के प्रतिष्ठित रचनाकार, कलाकार और विचारक सहभागिता करेंगे। बुद्धि विहार के गांधी मैदान में आयोजित हो रहे इस महोत्सव में एक साथ विभिन्न मंचों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संगीत, रंगमंच और स्टार नाइट से भव्य शुभारंभ महोत्सव की शुरुआत पहले दिन "मुरादाबाद के संगीत घराने" विषयक सत्र से होगी। इस सत्र में उस्ताद गुलाम अब्बास खान और सुनंदा शर्मा अपने अनुभव और संगीत की परंपरा साझा करेंगे। इसके बाद अभिनेता आशुतोष राणा रंगमंच और फिल्मों की भाषा-संस्कृति पर संवाद करेंगे। शाम को स्टार नाइट कॉन्सर्ट में प्रसिद्ध गायक सुखविंदर सिंह अपने सुरों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। दूसरे दिन 23 जनवरी को सुबह थिएटर सत्र में यथाक्रम समूह प्रस्तुति देंगे। इसके बाद रामलीला और स्टोरी टेलिंग सत्र का आयोजन होगा। दोपहर में "हमारे जौन एलिया" सत्र में मुंतजिर फिरोजाबादी अपने विचार साझा करेंगे। इसके बाद "सांस्कृतिक प्रदूषण: समस्या एवं समाधान" विषय पर डॉ. सूर्यमणि रघुवंशी, सुधीर गुप्ता, राजीव चौहान और मीनाक्षी ठाकुर चर्चा करेंगे। फिर मुरादाबाद की गीत यात्रा: विरासत से वर्तमान सत्र में डॉ. प्रेमवती उपाध्याय, योगेंद्र वर्मा व्योम और मयंक शर्मा शहर की सांस्कृतिक धरोहर को दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। इसके पश्चात वसीम बरेलवी "जहाँ रहेगा वहीं रोशनी लुटाएगा" सत्र में अपने शेरों और गजलों के माध्यम से जीवन और भावनाओं की गहराई समझाएंगे। आलोकनामा सत्र में आलोक श्रीवास्तव उपस्थित रहेंगे। हिंद का सितारा: भोजपुरी समाज और संस्कृति सत्र में मनोज तिवारी इस परंपरा की महत्ता को और प्रबल करेंगे। शास्त्रीय गायन सत्र में पं. साजन मिश्र श्रोताओं को संगीत की अनुभवगाथा से रूबरू कराएंगे। वहीं स्टार नाइट में मनोज तिवारी संगीत प्रेमियों को झूमने पर मजबूर करेंगे। तीसरे दिन 24 जनवरी की शुरुआत सृजनात्मक लेखन सत्र से होगी। इस सत्र में डॉ. मधु पंत और रश्मि मार्गदर्शन करेंगी। इसके बाद रस, रिवायत और रसोई सत्र में सदफ हुसैन और ईशान शर्मा श्रोताओं को सांस्कृतिक और साहित्यिक यात्रा पर ले जाएंगे। मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा के दौरान विशेषज्ञ दर्शकों को विचारों और सुझावों से लाभान्वित करेंगे। इसी क्रम में आकाशवाणी और एफएम की बदलती दुनिया, मुरादाबाद में उर्दू गजल: कल, आज और कल, और डिजिटल युग में बाल साहित्य विषयक सत्र भी आयोजित होंगे। माटी, बोली और मानुष सत्र में कई जानी-मानी हस्तियां हिस्सा लेंगी।

सोशल मीडिया और पत्रकारिता पर सत्र में सौरभ द्विवेदी अपने अनुभव साझा करेंगे, जबकि चेतन भगत जेन जी की कहानियों के माध्यम से युवाओं के मन की हलचल को समझाएंगे।

# टैंकर की टक्कर से दो महिलाओं की मौत, युवक गंभीर रूप से घायल

**कांठ( शाह टाइम्स )** थाना क्षेत्र के गांव साहूपुर में नफीस अहमद का परिवार रहता है। मंगलवार को मुरादाबाद जिले के मझौला थाना क्षेत्र के मोहल्ला करूला के रहने वाले उनके दामाद हैदर अली, बेटी गुलिस्ता खातून और गुलफशा खातून बिजनौर जिले के नूरपुर में अपनी रिश्तेदारी में मुलाकात करने गए थे। यहां हैदर अली की रिश्तेदारी में दावत भी थी।

लिहाजा तीनों को वहां से निकलने में देर हो गई। मंगलवार रात लगभग नौ बजे तीनों एक बाइक पर सवार होकर मुरादाबाद वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक कुमखिया थाना क्षेत्र में गांव आलमपुरी के पास पहुंची तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार टैंकर के



चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार हैदर अली, गुलिस्ता खातून और गुलफशा खातून हवा में उछलकर दूर जा गिरीं। हादसे में तीनों गंभीर घायल हो गए। वहीं, आरोपी चालक कैंटर को लेकर भाग निकला। हादसे के मौके पर जमा स्थानीय लोगों ने हंगामा शुरू ने दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने गुलफशा और गुलिस्ता को मृत घोषित कर दिया जबकि प्राथमिक उपचार देने के बाद हैदर अली को मुरादाबाद हायर सेंटर रेफर कर दिया, जहां उसकी हालत भी गंभीर बनी हुई है। मामले में मृतका गुलिस्ता खातून और गुलफशा खातून के पिता नफीस अहमद ने नौगावां सादात थाने में तहरीर दी थी। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि मामले में टैंकर के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

आरोपी चालक को जल्दी ही गिरफ्तार किया जाएगा।

## भोजपुर में शांति भंग करने के आरोप में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया

**भोजपुर।** बुधवार को पुलिस ने गांव मोहम्बतपुर भगवन्तपुर निवासी रफी पुत्र रफीक और जाबिर हसन पुत्र रफीक व शाहिद पुत्र अब्दुल अजीज निवासी गांव रानी नागल को शांति भंग करने के आरोप में हिरासत में लेकर चालान कर दिया। पुलिस के अनुसार, ये तीनों व्यक्ति शांति भंग करने की गतिविधियों में शामिल थे, जिसके कारण पुलिस ने इन्हें हिरासत में लिया है। पुलिस ने इनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की है और इन्हें चालान कर दिया है। इस घटना के बाद से गांव में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। पुलिस का कहना है कि वे शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे और गांव में शांति बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना पुलिस को दें।

### घर से जेवर और 80 लाख की नगदी चोरी

**गाजियाबाद।** कविनगर थानाक्षेत्र के कैलाशपुरम द्वितीय में एक घर से करीब 80 लाख रुपये नगद और सोने-चांदी के जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने अपने किरायेदार और उसके परिजनों पर चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। केस दर्ज कर जांच की जा रही है। एनडीआरएफ रोड गोविंदपुरम स्थित कैलाशपुरम द्वितीय निवासी प्रदीप कुमार सक्सेना ने कविनगर थाने में शिकायत की कि उन्होंने प्रॉपर्टी खरीदने के लिए बड़ी रकम एकत्र की थी। यह रकम उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और मित्रों से नकद रूप में जुटाई थी। कुल मिलाकर करीब 80 लाख रुपये नगद के साथ कुछ कीमती सोने और चांदी के जेवरात उन्होंने अपने मकान में रखी सेफ में सुरक्षित रखे थे।

## दहेज में पांच लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर विवाहिता से मारपीट, तीन तलाक देकर घर से निकाला

**ठाकुरद्वारा।** दहेज लोभी ससुराल वालों ने दहेज मे पाँच लाख रुपये की माँग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ मारपीट कर तीन तलाक देकर घर से बाहर निकाल दिया ।किसी तरह वह अपने माता पिता के घर पहुंची । वाद मे पुलिस को तहरीर देकर दहेज लोभी ससुरालियो के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की । पुलिस ने पति सास ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी।

थाना भोजपुर के गांव बहेड़ी ब्रह्मनान निवासी एक विवा. हिता ने अपने पति और ससुराल वालो पर दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट करने, तीन तलाक देकर घर से निकालने और जान से मारने की धमकी देनी शुरू कर दी । पीड़िता के अनुसार, लगभग तीन वर्ष पूर्व उसकी शादी ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ख्वाजपुर धनतला निवासी अकबर अली से हुई थी। शादी के समय उसके माता-पिता ने सामर्थ्य के अनुसार घरेलू सामान के साथ वाहन के लिए दो लाख रुपये नकद दिए थे। महिला का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति अकबर अली, ननद, देवर और ससुर दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे। वे उसे कम दहेज लाने का ताना देने लगे और आए दिन गाली-गलौज व मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। ससुराल पक्ष लगातार मायके से पांच लाख रुपये और लाने का दबाव बना रहा था। पीड़िता ने बताया कि उसका पति दूसरी शादी करने की धमकी देता था और उसे घर से निकालने की बात कहता था। ससुराल वालों ने उसे कई बार घर से निकाल दिया, लेकिन हर बार पंचायत और परि. जनों के हस्तक्षेप से उसे वापस ससुराल भेजा गया। महिला का आरोप है कि जब उसने दोबारा दहेज लाने से इनकार किया तो ससुराल वालों ने लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा। इसके बाद पति अकबर अली ने घर के भीतर तीन बार "तलाक, तलाक, तलाक" कहकर उसे पहने हुए कपड़ों में घर से बाहर निकाल दिया।

आरोप है कि ससुराल वालों ने उसके जेवर भी छीन लिए और चेतावनी दी कि यदि वह दोबारा घर लौटी तो उसे जान से मार दिया जाएगा। भोजपुर थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## बीसी प्वाइंट का ताला तोड़कर 1.20 लाख रुपये चोरी, पीड़ित ने कोतवाली में दी तहरीर

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली पुलिस की लाख कोशिश के बाद भी नगर व देहात क्षेत्र में चोरी की घटना नही रूक रही है। बीती रात पुलिस गश्त की कमी के कारण अज्ञात चोरों कोतवाली ठाकुरद्वारा क्षेत्र में अज्ञात चोरों द्वारा बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट (बीसी) प्वाइंट का ताला तोड़कर नकदी चोरी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर चोरी की घटना से अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव करनावाला खालसा निवासी बृजेश कुमार पुत्र यशपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा रामनगर खागूवाला के अंतर्गत बीसी प्वाइंट का संचालन करता है। पीड़ित के अनुसार, वह रोज की तरह अपना बीसी प्वाइंट बंद कर बीते मंगलवार की सायं घर चला गया था। आरोप है कि अज्ञात चोरों ने रात के समय उसके बीसी प्वाइंट का ताला तोड़ दिया और अंदर रखी करीब 1 लाख 20 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। सुबह जब वह अपने बीसी प्वाइंट पर पहुंचा तो ताला टूटा हुआ मिला और अंदर से नकदी गायब थी।

पीड़ित का कहना है कि चोरी की यह घटना उसकी मेहनत की कमाई से जुड़ी है, जिससे उसे भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। उसने कोतवाली पुलिस से अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चोरी की घटना का खुलासा करने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी मनोज परमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हो गई है।

मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### दो भाइयों को पीटकर किया घायल

**बिलारी।** नगर के हरोरा मोड पर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे दो भाइयों को मारपीट करके बुरी तरह से घायल कर दिया। जिस कारण उनके हाथ पैरों में चोटें आई। मामले को लेकर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करने को तहरीर दी है। वहीं घायल का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुआ ।जहां से उन्हें जिला अस्पताल को रेफर कर दिया गया। पहाड़पुर गांव निवासी जोगेंद्र सिंह के दो बेटे तरुण और अतुल एक बाइक पर सवार होकर करीब 3 बजे हरोरा मोड़ स्थित एक बैंकट हॉल में शादी समारोह में शामिल होने आए थे। इसी बीच यहां पर कार में सवार पांच लोगों ने उनकी बाइक को टक्कर मारकर घायल कर दिया। दोनों भाइयों का आरोप था कि आरोपियों से पहले भी उनका झगड़ा हुआ था। जिसमें फैसला भी हुआ।

इस मामले को लेकर चांदपुर गणेश के शिवा पुत्र खिलेंद्र, विचोला कुंदरकी निवासी सुमित, खोकड़ा गांव निवासी अजय व दो अज्ञात लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया। पुलिस ने बताया कि मामला मारपीट का न होकर बल्कि दुर्घटना का है। तहरीर के बाद मामले की जांच की जा रही है।

## नगर पालिका परिषद में जनसुनवाई, पालिका अध्यक्ष ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश

**बिलारी।** नगर पालिका परिषद बिलारी के सभागार में पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान नगरवासियों ने अपनी विभिन्न समस्याएं पालिका अध्यक्ष के समक्ष रखीं, जिन्हें गंभीरता से सुना गया और संबंधित विभागों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में प्रमुख रूप से मकान के नक्शों की स्वीकृति, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित प्रपत्रों, तथा अन्य प्रशासनिक मामलों पर आवेदन प्रस्तुत किए गए। पालिका अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा के भीतर पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा जल निगम द्वारा नगर क्षेत्र में डाली जा रही पाइप लाइनों को लेकर भी चर्चा की गई। इस संबंध में पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिन सड़कों पर पहले पाइप लाइन डाली जा चुकी है, उनकी मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत पूरी नहीं हो जाती, तब तक अन्य सड़कों पर नई पाइप लाइन डालने का कार्य शुरू न किया जाए। जनसुनवाई के दौरान सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क मरम्मत सहित नगर की अन्य समस्याओं पर भी चर्चा की गई और



उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पालिका अध्यक्ष ने भरोसा दिलाया कि नगरवासियों की समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी समाधान किया जाएगा। जनसुनवाई में सभासद ब्रजरतन, सभासद आमिल सिद्दीकी, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष केके गुप्ता, जेई जलकल गौरव, बड़े बाबू शाहिद, शुभम, मोअज्जम, दीपक इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## गर्भवती महिला से मारपीट, पेट पर मारी लात, जान से मारने की धमकी, दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पानूवाला में पांच माह की गर्भवती महिला के साथ मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने दो लोगों पर लात-घूंसों से पीटने और पेट पर लात मारने का आरोप लगाया है। घटना के बाद पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देखकर कानूनी कार्यवाही की मांग की पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कोतवाली क्षेत्र के गांव पानू वाला निवासी अर्शी परवीन पत्नी मोहसिन ने पुलिस को दी तहरीर में कहां की वह वर्तमान में पांच माह की गर्भवती है। घटना मंगलवार 20 जनवरी 2026 को दोपहर करीब 12.30 बजे की है, जब वह अपनी ननद गुलवहार के ब्यूटी पार्लर के बाहर खड़ी होकर अपने छोटे पुत्र को सड़क पर आती-जाती गाड़ियां दिखाकर चुप करा रही थी। आरोप है कि उसी दौरान गांव के ही याकूब और खुर्शीद पुत्र शरीफ अहमद वहां पहुंचे और उसके पति मोहसिन को जेल भिजवाने की बात कहते हुए उसे धमकाने लगे। पीड़िता द्वारा विरोध करने पर दोनों आरोपी आग-बबूला हो गए और उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि याकूब ने गर्भवती महिला के पेट पर लात मारी, जिससे वह दर्द से चीख पड़ी। पीड़िता की ननद गुलवहार जब बीच-बचाव के लिए पहुंची तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने चेता. वनी दी कि यदि किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई की गई तो दोनों को जान से मार दिया जाएगा। घटना के बाद पीड़िता ने अपने और गर्भस्थ शिशु की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है। पीड़िता द्वारा पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## सऊदी अरब में नौकरी का झांसा देकर युवक से 2.60 लाख की ठगी, मामा-भांजे समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** सऊदी अरब में अच्छी नौकरी दिलाने का लालच देकर एक युवक से 2.60 लाख रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर एसएसपी के आदेश के बाद कोतवाली पुलिस ने मामा-भांजे समेत तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रतूपुरा निवासी मोनिश अली ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव के ही मुजफ्फर अली और मुजाहिद ने उससे संपर्क कर कहा कि उनका भांजा महताब अली, निवासी संगम विहार, दिल्ली, बेरोजगार युवकों को सऊदी अरब में अच्छे वेतन पर नौकरी दिलाने का काम करता है। आरोपियों ने उसे 64 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन पर सऊदी अरब भेजने का आश्वासन दिया। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों की बातों में आकर उसने 12 मई 2024 को महताब अली को गांव बुलाया। महताब अली ने सऊदी अरब भेजने के लिए कुल 2.60 लाख रुपये खर्च होने की बात कही। इस पर मोनिश अली ने जून 2024 से जुलाई 2024 के बीच अलग-अलग किस्तों में महताब अली के खाते में कुल 2.60 लाख रुपये जमा करा दिए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## एसआईआर मामलों की सुनवाई, एसडीएम ने दावों व अभिलेखों की गहन समीक्षा की

**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के अंतर्गत उपजिलाधिकारी (एसडीएम) बिलारी की न्यायालय में संबंधित मामलों की सुनवाई संपन्न हुई। सुनवाई के दौरान उन मतदाताओं के प्रकरणों पर विचार किया गया, जिनकी एसआईआर प्रक्रिया निर्धारित समयसीमा में पूर्ण नहीं हो पाने के कारण उन्हें नोटिस जारी किए गए थे। नोटिस प्राप्त करने वाले मतदाता निर्धारित तिथि पर न्यायालय में उपस्थित हुए और उन्होंने अपने-अपने दावे विधिवत रूप से प्रस्तुत किए। इस दौरान मतदाताओं ने मैपिंग से संबंधित आवश्यक प्रपत्र, पहचान से जुड़े दस्तावेज, निवास प्रमाण तथा अन्य सहायक अभिलेख भी न्यायालय के समक्ष दाखिल किए। न्यायालय में प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों की क्रमवार जांच की गई और प्रत्येक मामले को अलग-अलग सुना गया। एसडीएम बिलारी ने सभी दावों और प्रस्तुत अभिलेखों का गहन अवलोकन करते हुए उनकी वैधानिकता की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सही रूप से दर्ज किए जा सकें। एसडीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि एसआईआर प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है और किसी भी पात्र मतदाता के अधिकारों का हनन नहीं होने दिया जाएगा।

# मुरादाबाद में पुलिस पर लूट और अपहरण करने का लगाया आरोप

■ एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के फीलखाना क्षेत्र में स्थित एक मेडिकल स्टोर पर पुलिस कर्मियों द्वारा लूट और अपहरण का मामला सामने आया है। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि 9 जनवरी की रात करीब 8:30 बजे कुछ पुलिस वाले मेडिकल स्टोर में घुस आए और सीसीटीवी कैमरा तोड़ दिया।

उन्होंने खुद को पुलिस और ड्रग विभाग के अधिकारी बताया और मेडिकल स्टोर की जांच करने लगे। पीड़ित के भाई ने जब आईडी मांगी और आदेश दिखाने को कहा तो




पुलिस वालों ने गालियां देना शुरू कर दिया और मोबाइल छीन लिया। उन्होंने मेडिकल स्टोर से 1,50,000 रुपये और दिन की बिक्री के 10,000 रुपये लूट लिए और कुछ दवाएं भी ले गए। पीड़ित के भाई ने विरोध किया तो उसे जबरन कार में बैठाकर अपहरण कर लिया गया।

पीड़ित ने बताया कि उसने पुलिस वालों को 40,000 रुपये देकर अपने भाई को छुड़ाया। पुलिस वालों ने उसे धमकी दी कि अगर उसने शिकायत की तो उसे मेडिकल से उठाकर जान से मार देंगे। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस मामले में पुलिस विभाग के अधिकारियों ने जांच के आदेश दिए हैं। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कार्यालय नगर पंचायत ढकिया-मुरादाबाद

पत्रांक: 464/न0प0ढकिया/2025-26 **दिनॉक:** 21.01.2026

## अन्तिम प्रकाशन

उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 2, सन 1916) की धारा 131 (3) व धारा 298 (1) की सूची 1 के शीर्षक ए/क (भवन) सपठित धारा 294 की शक्तियो का प्रयोग करके नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद के द्वारा अपनी सीमान्तर्गत निवासित व्यक्तियो की सुविधाओं में अभिदृद्धि, उनके अनुरक्षण और उनके स्तर में वृद्धि के उद्देश्य से नगर पंचायत ढकिया मुरादाबाद कार्यालय के पत्र संख्या-128/न0पं0 ढकिया-2025-26 दिनांक 15.07.2025 द्वारा दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण एवं शाह टाइम्स के दिनांक 17 जुलाई, 2025 के अंक में भवन निर्माण के कार्य को विनियमित एवं नियंत्रित करने हेतु उपविधि 2025 बनाने हेतु सूचना प्रकाशित करायी गयी थी, जिसके द्वारा प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अंदर सुझाव एवं आपत्ति मांगी गयी थी चूंकि कोई अपत्तिया सुझाव निर्धारित समय के भीतर प्राप्त नही हुई है उक्त के अनुपालन में अवगत कराना है। बोर्ड बैठक दिनांक-29.12.2025 पेंज नम्बर-13, के प्रस्ताव संख्या-02, के द्वारा नगर पंचायत ढकिया की सीमा के अन्दर विज्ञापन/प्रचार किये जाने हेतु उपविधि-2025, के अन्तिम प्रकाशन किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी है, अतैव नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद अपनी सीमान्तर्गत निवासित व्यक्तियों की सुविधाओं में अभिवृद्धि, उनके अनुरक्षण और उनके स्तर में वृद्धि के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-2 सन 1916 की धारा 131 (3) व धारा 298 (1) की सूची 1 के शीर्षक ए / क (भवन) सपठित धारा 294 के अधीन निम्नालिखित नियमावली बनाती है जो कि प्रकाशन की दिनांक से अथवा प्रख्यापित किये जाने की दिनांक (जो भी बाद में हो) से प्रवृत्त / प्रभावी होगी।

## नगर पंचायत ढकिया, मुरादाबाद में भवन निर्माण के कार्य को विनियमित एवं नियंत्रित करने सम्बन्धी उपविधियाँ-2025

नगर पंचायत ढकिया, जनपद-मुरादाबाद के द्वारा अपनी सीमान्तर्गत निवासित व्यक्तियों की सुविधाओं में अभिवृद्धि, उनके अनुरक्षण और उनके स्तर में वृद्धि के उद्देश्य से संयुक्त प्रान्त नगरपालिका अधिनियम, 1916 (सं० प्रा० अधिनियम संख्या 2 सन् 1916) की धारा 298 (1) की सूची 1 के शीर्षक 'ए'/'क' (भवन) सपठित धारा 294 के अधीन निर्मित भवन निर्माण के कार्यों को विनियमित तथा नियंत्रित करने सम्बन्धित निम्न वर्णित उपविधियों को नगर पंचायत ढकिया, के द्वारा धारा 298 '2' नगर पालिका अधिनियम 1916 के अर्न्तगत् लागू किया जाता है, जोकि प्रकाशन की दिनांक से अथवा प्रख्यापित किये जाने की दिनांक, (जो भी बाद में हो) से प्रवत्त होगी / प्रभावी होगी।

## उपविधियां

1- (1) यह उपविधि नगर पंचायत ढकिया , जनपद मुरादाबाद में "भवन निर्माण के कार्य को विनियमित तथा नियंत्रित करने सम्बन्धी उपविधि कहलायेगी।

(2) यह सम्पूर्ण नगर पंचायत ढकिया जनपद मुरादाबाद क्षेत्र में प्रवृत्त होंगी।

(3) यह उपविधि 01 अक्टूबर 2025 अथवा प्रख्यापित किये जाने की दिनांक ( जो भी बाद में हो) से प्रवृत्त होगी।

2- **परिभाषायें**- विषय या प्रसंग में कोई बात प्रतिकूल न होने पर इस नियमावली मे-

(1) ''भवन'' का तात्पर्य किसी मकान, उपगृह, अस्तवज, झादक (शेड) झोंपड़ी या अन्य बाड़ा या ढ़ाचे से है, चाहें वह पक्की ईंट लकड़ी मिट्टी, धातु या चाहें किसी भी अन्य पदार्थ से बना हो, चाहें उसका उपयोग मनुष्यों के रहने के लिये अथवा अन्यथा किया गया हो, और उसके अर्न्तगत् कोई बरामदा चबूतरा मकान की कुर्सी, देहली, दीवार जिसमें किसी उद्यान या कृषि भूमि जो किसी भवन से अनुलग्न ना हो की चारदीवारी से भिन्न किसी अहाते की दीवार सम्मिलित है, किन्तु इसके अर्न्तगत् कोई तम्बू या अन्य कोई ऐसी परिवहनीय अस्थाई आश्रय स्थल नहीं है।

(2) ''अधिनियम'' से तात्पर्य नगरपालिका अधिनियम-1916 से है।

(3) ''उपविधि'' का तात्पर्य अधिनियम के द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके बनाई गई उपविधि से है।

(4) ''नक्शा नवीस/मानचित्रकार''का अभिप्राय नगर पंचायत ढकिया के अनुज्ञा/लाईसैन्स प्राप्त मानचित्रकार/नक्शानवीस से है।

(5) ''व्यवसायिक निर्माण'' से तात्पर्य उस निर्माण से है, जो कि व्यापार, उद्योग आदि के कार्य के लिए निर्मित किया गया हो, जिनमें दुकानें, व्यापारिक गोदाम, बैंक, सिनेमा, थियेटर, स्केटिंग हॉल, बारात घर, नर्सिंग होम, व्यवसायिक कॉम्पलेक्स, क्लब एवं शोरूम आदि हैं।

(6) औधोगिक निर्माण, से तात्पर्य ऐसे निर्माण से है जो कि किसी वस्तु,उपकरण,आदि के निर्माण एवं समुच्चयन (assemble) के लिए किया गया हो परन्तु इसमें हलवाई, रेस्टोरेन्ट आदि शामिल नही है।

(7) ''जन उपयोगी सेवा के निर्माण'' से तात्पर्य ऐसे निर्माण जो कि जनकल्याण हेतू किये जायें से है, जिसमें धार्मिक स्थल, धर्मशाला, वृद्धाश्रम, विधवाश्रम, अनाथालय व गरीबी रेखा से नीचे यापन करने वाले व्यक्तियों के लिये निर्मित आवास से है।

(8) ''शासकीय सम्पत्ति'' से तात्पर्य उस सम्पत्ति से है, जिसका निर्माण उत्तर प्रदेश शासन अथवा केन्द्र सरकार के द्वारा अपने धन से नगर पंचायत **ढकिया** की सीमा में किया गया हो, जिसमें अस्पताल, थाना व अन्य सरकारी विभागों के कार्यालय के भवन से है ,परन्तु केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार के उपक्रमों की सम्पत्ति शामिल नही है।

(9) ''निवास गृह'' से तात्पर्य ऐसे भवनों से है, जिसका उपयोग तीर्थ यात्रियों के ठहरने के लिये अथवा यात्रियों के आवास के लिये निर्मित हो, से है।

(10) ''अधिसूचना'' से तात्पर्य सरकारी गजट में प्रकाशित अधिसूचना से है।

(11) ''विहित अधिकारी'' का तात्पर्य ऐसे अधिकारी से है, जिसे राज्य सरकार ने सरकारी गजट में अधिसूचना के द्वारा नियुक्त किया हो।''

(12) ''नगर पंचायत का अधिकारी'' से तात्पर्य नगर पंचायत ढकिया के चेयरपर्सन एवं अधिशासी अधिकारी अथवा प्रभारी अधिकारी से है।''

**स्पष्टीकरण**-ऐसे शब्दों और पदों को जो इस उपविधि में परिभाषित नहीं हैं किन्तु अधिनियम में प्रयुक्त है, वही अर्थ होंगे जो नगरपालिका अधिनियम 1916 में उनके लिये दिये गये हैं।

3- **विभिन्न भवनों के निर्माण के लिये नक्शा/मानचित्र स्वीकृत करने के लिये शुल्क निम्न प्रकार देय होगा-**

(1) आवासीय भवन दशा में- आवसीय भवन के निर्माण के मानचित्र की स्वीकृति हेतू प्रत्येक मन्जिल के आच्छादित क्षेत्रफल पर शुल्क निम्न प्रकार देय होगा -

| | | |
|---|---|---|
| (क) | 50 वर्गमीटर तक | 1000/-रू, |
| (ख) | 50 से अधिक और 100 वर्गमीटर तक | 2000/-रू, |
| (ग) | 100 से अधिक और 150 वर्गमीटर तक | 3000/-रू, |
| (ड) | 150 से अधिक और 200 वर्गमीटर तक | 4000/-रू, |
| (च) | 200 से अधिक और 300 वर्गमीटर तक | 5000/-रू, |
| (छ) | 300 वर्गमीटर तक से अधिक अतिरिक्त प्रत्येक 50 वर्गमीटर या उसके भाग के लिये | 500/-रू, |

(2). व्यवसायिक भवन की दशा में-व्यवसायिक भवन निर्माण दुकानों, व्यापारिक, गोदाम, बैंक, सिनेमा, थियेटर, स्केटिंग हॉल, बारात घर, नर्सिंग होम, व्यवसायिक कॉम्पलेक्स, क्लब एवं शोरूम आदि उपरोक्त प्रकार के भवन) के मानचित्र की स्वीकृति हेतु प्रत्येक मन्जिल के आच्छादित क्षेत्रफल पर शुल्क निम्न प्रकार देय होगा -

| | |
|---|---|
| (क) 20 वर्गमीटर तक | 2000/-रू., |
| (ख) 20 वर्गमीटर से अधिक और 50 वर्गमीटर तक | 3500/-रू., |
| (ग) प्रत्येक अतिरिक्त 10 वर्गमीटर या उसके भाग तक | 1000/-रू., |

**स्पष्टीकरण** - संयुक्त आवासीय तथा व्यवसायिक भवन को व्यवसायिक भवन माना जायेगा।

(3) औद्योगिक भवन की दशा में- आद्योगिक भवन के निर्माण के मानचित्र की स्वीकृति हेतु प्रत्येक मन्जिल के आच्छादित क्षेत्रफल पर शुल्क निम्न प्रकार देय होगा -

| | |
|---|---|
| (क) 150 वर्गमीटर के लिये | 4000/-रू., |
| (ख) प्रत्येक अतिरिक्त 100 वर्गमीटर या उसके भाग के लिए | 1000/-रू |

(4) निजी शैक्षिक उपयोग के भवन की दशा में-निजी शैक्षिक, उपयोग के भवन के मानचित्र की स्वीकृति हेतु प्रत्येक मन्जिल आच्छादित क्षेत्रफल पर शुल्क निम्न प्रकार देय होगा -

| | |
|---|---|
| (क) 100 वर्गमीटर के लिये | 1000/-रू. |
| (ख) प्रत्येक अतिरिक्त 50 वर्गमीटर अथवा उसके भाग के लिए | 500/-रू. |

(5) केवल किसी चाहरदीवारी की दशा में-प्रत्येक प्रकार की किसी भी चाहरदीवार (Boundary Wall) के मानचित्र की स्वीकृति हेतु शुल्क निम्न प्रकार देय होगा-

| | |
|---|---|
| (क) प्रथम 100 वर्ग मीटर के लिए | 1000/-रू. |
| (ख) प्रत्येक अतिरिक्त 50 वर्ग मीटर या उसके भाग के लिये | 500/-रू |

4- **परन्तु अग्रेतर यह है, कि किसी भी प्रकार के भवन निर्माण के मानचित्र की स्वीकृति निम्नवर्णित शर्तो के साथ दी जायेगी -**

(1) भूतल सहित तीन मंजिला अथवा 12 मीटर से अधिक ऊंचाई के समस्त भवन/मंजिल, तल अथवा बहुमंजिला भवन भूकम्परोधी तथा शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप निर्मित किया जायेगा। (शासनादेश संख्या-1410/9-2-2001-7(12)/01 न0वि0अनु0-2, दिनांक 30 अगस्त, 2001 के अनुसार)

(2) प्रत्येक प्रकार के भवन में एक या अधिक (आवश्यकतानुसार) शौचालय होना आवश्यक है।

(3) 300 वर्गमीटर या उससे अधिक क्षेत्रफल के भूखण्ड वाले भवन के लिये जल-संचयन (Water Harvesting) प्रणाली का होना अनिवार्य होगा।

(4) वह व्यक्ति जिसके स्वामित्व/प्रबन्ध या नियन्त्रण में कोई बाजार, स्कूल, थियेटर, सिनेमा, सार्वजनिक अभिगम आदि या औद्योगिक भवन (फैक्ट्री आदि) हो, वह उनमें उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम 1916(2) की धारा 268 के अन्तर्गत पर्याप्त शौचालयों और मूत्रालयों की उचित व्यवस्था और दैनिक सफाई सुनिश्चित करायेगा।

(5) ऐसे समस्त भवनों जिनके लिए अग्निशमन /दमकल (Fire Brigade) विभाग द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण-पत्र अपेक्षित हो, उनके निर्माण की स्वीकृति से पूर्व अग्निशमन का अनापत्ति प्रमाण-पत्र आवश्यक होगा।

(6) पूर्व से निर्मित/स्थापित धार्मिक भवन उदाहरणार्थ मन्दिर, मस्जिद, गुरूद्वारा एवं गिरजाघर आदि से 200 मीटर अर्द्धव्यास क्षेत्र में किसी नये धार्मिक भवन का निर्माण नहीं किया जायेगा, परन्तु उपरोक्त दूरी के सापेक्ष यदि शासन द्वारा कोई दूरी निर्धारित की जाती है, तो वह मान्य होगी।

(7) उपरोक्त धार्मिक भवन निर्माण की स्वीकृति से पूर्व शासन/प्रशासन की अनुमति अनिवार्य होगी।

5- **प्लान (मानचित्र) की स्वीकृति के लिये प्रक्रिया-**

(1) भवन के निर्माण, पुर्ननिर्माण या परिवर्धन/परिवर्तन आदि सम्बन्धित समस्त प्लान (मानचित्र) (तीन प्रतियों में) प्रार्थना-पत्र सहित अधिशासी अधिकारी अथवा अध्यक्ष नगर पंचायत को प्रस्तुत किये जायेंगे, जिसके साथ स्वामित्व के कागजात एवं समस्त विशिष्टियों का शपथपत्र (नोटेरी प्रमाणित) भी दिया जायेगा।

(2) मानचित्र की स्वीकृति से पूर्व सम्बन्धित वार्ड के राजस्व मौहर्रिर / टैक्स कलैक्टर, निर्माण लिपिक /अधिकृत लिपिक एवं सम्बन्धित लेखपाल (यदि आवश्यक हो) अथवा अन्य सक्षम कर्मचारी / अधिकारी जिसे नगर पंचायत उचित समझे , की आख्या प्राप्त की जायेगी, तत्पश्चात् मानचित्र को अधिशासी अधिकारी अथवा अध्यक्ष के द्वारा नगर पंचायत के अवर अभियन्ता के पास उनके विभाग से सम्बन्धित विषयों पर सूक्ष्म जांच कर मत देने हेतु भेजा जायेंगा।

(3) यदि किसी मानचित्र स्वीकृत कराने वाले व्यक्ति के द्वारा प्रस्तुत स्वामित्व के अभिलेख में कोई संषय अध्यक्ष अथवा अधिशासी अधिकारी को प्रतीत होता है तब उसके लिये नगर पंचायत के अधिवक्ता अथवा जिला शासकीय अधिवक्ता अन्य कोई समक्ष प्राधिकारी जिसे नगर पंचायत उचित समझे, से विधिक राय भी प्राप्त की जा सकेगी जिसका व्यय मानचित्र स्वीकृत कराने वाले व्यक्ति को नगर पंचायत कार्यालय में जमा करना होगा।

(4) नगर पंचायत के द्वारा प्लान (मानचित्र) की स्वीकृति केवल तभी प्रदान की जायेगी-

(क) जब नगर पंचायत के अवर अभियन्ता द्वारा जाचोंपरान्त मत सहित अनापत्ति प्रमाण-पत्र दे दिया गया हो,

(ख) भूमि के स्वत्व (title of land) की पुष्टि हो गई हो,

(ग) यदि मामले में नगर पंचायत अधिवक्ता अथवा जिला शासकीय अधिवक्ता से विधिक राय प्राप्त की गई हो और राय प्रतिकूल ना हो,

(घ) नगर पंचायत को इस बात से समाधान हो गया हो कि प्रार्थी/स्वामी ने विहित विशिष्टियों के अनुसार भवन निर्माण किये जाने के लिये पर्याप्त गारण्टी दे दी है।

(4) मानचित्र स्वीकृत किये जाने का आदेश अधिशासी अधिकारी की संस्तुति से नगर पंचायत चेयरपर्सन/ प्रभारी अधिकारी के द्वारा इन शर्तों के साथ पारित किया जायेगा कि यदि भवन स्वामी के द्वारा प्रचलित किसी भी नियम/उपनियम / शासनादेश का उल्लघंन किया जाता है अथवा सम्बन्धित भूमि में सरकारी/नगर पंचायत की भूमि /अन्य किसी व्यक्ति की भूमि शामिल होती है तब ऐसी स्थिति में मानचित्र स्वत: निरस्त माना जायेगा। मानचित्र पर मानचित्र स्वीकृत करने वाले अधिकारी के रूप में अधिशासी अधिकारी एवं चेयरपर्सन /प्रभारी अधिकारी (जैसी भी स्थिति हो )के हस्ताक्षर होगें जिसकी एक प्रति नगर पंचायत कार्यालय में मूल आदेश के साथ सुरक्षित रखी जायेगी तथा मानचित्र की दो प्रतियॉ एंव मानचित्र स्वीकृत करने का पत्र जो कि अधिशासी अधिकारी के द्वारा अपने हस्ताक्षरों से जारी किया जायेगा भवन स्वामी को दिया जायेगा।

6- नगर पंचायत की सीमा में किसी भी आवासीय/व्यवसायिक कॉलोनी का निर्माण बिना नगर पंचायत की स्वीकृति के नहीं होगा तथा प्रत्येक कॉलोनी के मानचित्र की स्वीकृति के लिये कुल भूमि का 50/-रू. प्रतिवर्गमीटर की दर से शुल्क बाह्य विकास शुल्क के रूप में देय होगा तथा उक्त कॉलोनी के निर्माण की स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो के अधीन होगी -

(1) कॉलोनी की सड़कें कम से कम 7.5 मीटर चौडी होंगी तथा उक्त सड़क की लम्बाई 100 मीटर से अधिक नहीं होगी, यदि 100 मीटर से अधिक कॉलोनी की सडक की लम्बाई होती है तब सडक की चौडाई कम से कम 9 मीटर चौडी होगी, तथा मुख्य सडक से एप्रोच रोड कम से कम 12 मीटर होगी तथा यथासम्भव सडकें समकोण पर मिलाई जायेगी।

(2) कॉलोनी में पानी की निकासी आदि के लिये नाला / नाली मानक के अनुसार अनिवार्य रूप से निर्माण कराने की जिम्मेदारी कॉलोनी स्वीकृत करवाने वाले व्यक्ति/फर्म/कम्पनी की होगी।

(3) कॉलोनी में मानक के अनुसार पक्की सडकों के अनिवार्य रूप से निर्माण की जिम्मेदारी भी कॉलोनी स्वीकृत करवाने वाले व्यक्ति/फर्म/कम्पनी की होगी।

(4) कॉलोनी में पेड़ों आदि की व्यवस्था भी अनिवार्य रूप से कॉलोनी स्वीकृत करवाने वाले व्यक्ति/फर्म/कम्पनी को ही करनी होगी।

(5) कॉलोनी में 15 प्रतिशत भूमि पर पार्क आदि का निर्माण करना होगा, यथासम्भव सड़के समकोण पर मिलाई जायेंगी।

(6) कॉलोनी में जलापूर्ति के लिये पाईप लाईन व प्रकाश व बिजली की व्यवस्था भी कॉलोनी स्वीकृत करवाने वाले व्यक्ति/फर्म/कम्पनी को ही अनिवार्य रूप से करनी होगी।

(7) कॉलोनी स्वीकृत करवाने वाले व्यक्ति/फर्म/कम्पनी को ही कॉलोनी का पूर्ण निर्माण करने के पश्चात् पूर्णता प्रमाणपत्र नगर पंचायत से प्राप्त करना होगा तथा उसके पश्चात् उक्त कॉलोनी नगर पंचायत प्रबन्धन में हो जायेगी तथा उसके पश्चात् कॉलोनी से गृहकर/जलकर आदि अन्य कर प्राप्त करने का अधिकार नगर पंचायत को होगा, तथा उसके पश्चात् कॉलोनी में सुविधाओं के रखरखाव की जिम्मेदारी नगर पंचायत की होगी।

(8) अगर व्यक्ति/फर्म/कम्पनी अपने द्वारा निर्मित कॉलोनी के रख रखाव की जिम्मेदारी स्वयं करना चाहती है अथवा आर0डब्लयू0,ए0 बनाकर करना चाहती है तब उसके लिये उसे नगर पंचायत से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेना होगा और नगर पंचायत की कोई जिम्मेदारी कॉलोनी के अन्दर किसी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने अथवा निर्माण कराने की नही होगी। परन्तु नगर पंचायत इस उपविधि के अनुसार लगाये जाने वाले गृहकर/जलकर / अन्य कर को लगाने की अधिकारी होगी जिसकी दर इस सम्बन्ध में निर्मित उपविधि के अनुसार लगाये जाने वाले ग्रहकर/जलकर/अन्य कर का आधा होगी।

(9) जहॉ पर निर्माण सम्बन्धित नियम स्पष्ट नहीं हैं, वहॉ पर नेशनल बिल्डिंग कोड (एन.बी.सी.) के प्रावधान लागू होगें।

(10) कॉलोनी में आवासीय/व्यवसायिक भूखण्ड को क्रय करने वाले व्यक्ति को अपने द्वारा किये जाने वाले निर्माण का मानचित्र नगर पंचायत से नियमानुसार स्वीकृत करवाना होगा जिसके सम्बन्ध में भवन मानचित्र से सम्बन्धित नियम/शर्तें लागू होंगी।

7- **मानचित्र स्वीकृति की अवधि** -

(1 मानचित्र उस समय प्रचलित नियमों के अनुसार केवल एक वर्ष के लिये वैध होगा, तथा उस समयावधि के अर्न्तगत भू स्वामी को भवन का निर्माण प्रारम्भ करना होगा,

(2) यदि भवन स्वामी उपनियम 5(1) के अनुसार अवधि बीतने से पूर्व भवन का निर्माण प्रारम्भ नहीं करता है तो अवधि समाप्त की दिनांक से तीन माह तक 100/-रू. प्रतिमाह का शुल्क अदा करके मानचित्र को वैध करवाना होगा तथा उसके पश्चात् प्रत्येक माह के लिये 50/-रू. शुल्क अदा करे मानचित्र को वैध करवाया जा सकता है, जो कि अधिकतम 3 वर्षों तक के लिये किया जा सकता है इसके पश्चात् पुन: नये मानचित्र की प्रक्रिया अपनानी होगी तथा पूर्व में अदा शुल्क की कोई राशि नये मानचित्र में समायोजित नहीं की जा सकेगी, और ना ही वह राशि वापिस ही की जायेगी,

(3) निर्धारित समयावधि समाप्त हो जाने के पश्चात् यदि भवन स्वामी के द्वारा स्वीकृत मानचित्र के आधार पर मानचित्र को पुन: वैध करवाये बिना निर्माण किया जाता है, तब वह निर्माण अवैध निर्माण माना जायेगा तथा उसके सम्बन्ध में वही प्रक्रिया अपनाई जायेगी जो कि अवैध निर्माण के सम्बन्ध में अपनाई जाती है।

(4) भवन स्वामी के द्वारा किये गये उक्त अपराध को समझौता शुल्क जमा करवाकर नियमानुसार शमन किया जा सकता है।

(5) कोई भी भवन निर्माण व्यवसायिक/आवासीय भवन की दशा में मानचित्र के अनुसार मानचित्र स्वीकृत कराने के अधिकतम 3 वर्षो में पूर्ण कराना आवश्यक होगा।

(6) कॉलोनी का मानचित्र स्वीकृत कराने की दशा में कॉलोनी में मानचित्र के अनुसार निर्माण मानचित्र स्वीकृत कराने के अधिकतम 5 वर्षो में किया जाना आवश्यक होगा।

8- **नगर पंचायत के द्वारा स्वीकृत मानचित्र का संशोधन** -

(1) नगर पंचायत के द्वारा स्वीकृत किसी मानचित्र के संशोधन के लिये प्रार्थनापत्र प्रस्तावित संशोधित मानचित्र के साथ मानचित्र स्वीकृति के लिये दिये गये नियमों के अनुसार नगर पंचायत में प्रस्तुत किया जा सकता है।

(2) मानचित्र के संशोधन के लिये स्वीकृति दिये जाने से पूर्व केवल इस बाबत जॉच की जानी होगी कि वह संशोधन किसी उपविधि अथवा नियम के विरूद्ध तो नहीं करवाया जा रहा है, इसके अतिरिक्त पुन: किसी अन्य ऐसी जॉच अथवा आख्या की कोई आवश्यकता मानचित्र के संशोधन के लिये नहीं होगी जो कि पूर्व में ही मूल मानचित्र के लिये प्राप्त की जा चुकी हो।

(3) मानचित्र के संशोधन के आवेदन पर पूर्व शुल्क की राशि का 1/2 देय होगा।

9- **मानचित्र स्वीकृति के लिये विभिन्न नियम**-

(1)उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916(2) की धारा 212-क द्वारा प्रदत्त शक्ति के अधीन नियत दूरी तक नगर पंचायत क्षेत्र के बाहर ऐसी शर्तों और परिसीमा के अधीन जो विहित की जाये, किसी भवन, मार्ग या नाली के निर्माण को नियन्त्रित तथा विनियमित कर सकेंगी।

(2) उपरोक्त उपनियम/भवन निर्माण के सम्बन्ध में उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 में शासन द्वारा यदि कोई संशोधन किया जाता है, अथवा शासनादेश निर्गत किया जाता है, तो ऐसा संशोधन/शासनादेश इस भवन निर्माण उपनियम में यथासमय सम्मिलित/प्रभावी माना जायेगा।

(3) नगर पंचायत की स्वीकृति के लिये प्रस्तुत प्रत्येक प्रकार के निर्माण का मानचित्र नगर पंचायत के द्वारा लाईसैन्स प्राप्त नक्शानवीस के द्वारा ही हस्ताक्षरित होगा।

(4) आवासीय भवनों के निर्माण के लिये निर्माण में कुल 20 प्रतिशत क्षेत्रफल आगे व पीछे की तरफ खाली छोड़ना अनिवार्य होगा।

(5) व्यवसायिक भवनों को अपने भवन में पार्किग की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

(6) मानचित्र स्वीकृत होने के पश्चात् यदि भूमि का स्वामित्व नगर पंचायत अथवा अन्य किसी राज्य/केन्द्रीय सरका /अन्य किसी राज्य/केन्द्र सरकार में पाया जाता है, तब मानचित्र स्वत: ही निरस्त माना जायेगा, और उस मानचित्र के आधार पर कोई अधिकार व्यक्ति को प्राप्त नहीं होंगे।

10- **मानचित्र स्वीकृत करवाये बिना निर्माण करने की दशा में प्रक्रिया**-

(1) अगर कोई व्यक्ति बिना मानचित्र स्वीकृत करवाये किसी भी प्रकार का निर्माण करता है, तब उस निर्माण को अवैध निर्माण माना जायेगा तथा उस अवैध निर्माण को हटवाने का पूर्ण अधिकार नगर पंचायत को प्राप्त होगा।

(2) परन्तु यदि ऐसा निर्माण अगर नियमों के अनुसार निर्मित है, तब वह व्यक्ति अपना मानचित्र लाईसैन्सधारी मानचित्रकार/नक्शानवीस से बनवाकर तथा उपविधियों में नियत शुल्क अदा करके अपना मानचित्र स्वीकृत करवाने के लिये नगर पंचायत में प्रस्तुत कर सकेगा और नगर पंचायत ऐसे मानचित्र को आवासीय भवन के लिये समझौता शुल्क रू0 3000 लेकर निर्माण को नियमित कर सकेगा, लेकिन व्यवसायिक निर्माण के लिये समझौता शुल्क 5,000/-रू. होगा, लेकिन किसी धार्मिक स्थल, धर्मशाला आदि निर्माणों के लिये समझौता शुल्क नगर पंचायत की टैक्स कमेटी अपने विवेक के अनुसार निर्धारित करेगा।

(3) यदि ऐसा कोई निर्माण उपनियमों के अनुसार निर्मित नहीं है, तब ऐसे निर्माण को नियमित नहीं किया जा सकेगा, और ना ही ऐसे किसी मामले में समझौता ही किया जा सकेगा, तथा ऐसे निर्माण को नगर पंचायत ढकिया से हटाये जाने की अपेक्षा कर सकेगी अथवा नगर पंचायत के द्वारा स्वंय हटवाया जा सकेगा, तथा ऐसे अवैध निर्माण को हटाने के लिये जो व्यय होगा उसे भी भवन स्वामी से ही नियमानुसार वसूल किया जा सकेगा और नगर पालिका अधिनियम -1916 के अर्न्तगत् दिये गये प्रावधानों के अर्न्तगत् चालान आदि की कार्यवाही भी ऐसे भवन स्वामी के विरूद्ध नियमानुसार की जा सकेगी।

11. यदि 200 वर्गमीटर या उससे कम क्षेत्रफल के भूखण्ड वाले भवन के लिये मानचित्र स्वीकृत कराने का आवेदन प्रस्तुत करते समय यदि मानचित्र जल संचयन (water harvesting) प्रणाली लगाने का प्रावधान मानचित्र में होता है तब ऐसी स्थिति में मानचित्र स्वीकृत करने के शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी परन्तु यदि भवन निर्माण पूर्ण होने के पश्चात निरीक्षण में यदि मानचित्र के अनुसार जल संचयन (water harvesting) प्रणाली भवन में लगी नही पाई जाती है तब ऐसी स्थिति में मानचित्र स्वीकृत करने के शुल्क के 5 गुने के बराबर धनराशि भवन स्वामी से वसूल करने का अधिकार नगर पंचायत को होगा।

12. यह कि उक्त उपविधियों में आवश्यक संशोधन नगर पंचायत के बोर्ड के प्रस्ताव द्वारा किया जा सकेगा।

**आवेदन-पत्र यथास्थिति निम्नलिखित सूचनाओं और दस्तावेजों के साथ जमा किया जायेगा-**

13. मानचित्रों के चार सेट नियत शुल्क अदा कर प्रस्तुत किये जायेगें।
14. जमा किये जाने वाले मानचित्रों में ''की प्लान'' साईट प्लान'' तलपट मानचित्र और सर्विसेज प्लान भी शामिल होगें।
15. समस्त मानचित्र अनुज्ञापित व्यक्ति द्वारा तैयार किये जायेगे और उनके द्वारा नाम, अनुज्ञाप्ति संख्या दर्शाते हुए हस्ताक्षर किये जायेगे इसके अतिरिक्त भू-भवन स्वामी के हस्ताक्षर भी होगें।
16. पंजीकृत बैमाने की छायाप्रति।
17. आधार कार्ड की छाया प्रति
18. आवेदक/आवेदिका के फोटो।
19. शमन मानचित्र हेतु निर्मित भवन का फोटो ग्राफ।

**भू-गृह (बेसमेन्ट)-**

20. बेसमेन्ट को रिहायसी उपयोग में नही लाया जायेगा तथा बेसमेन्ट में शौचालय या रसोईघर का निर्माण अनुमन्य नही होगा।
21. आन्तरिक खुले स्थल (कोर्टयार्ड) तथा शाफ्ट के नीचे बेसमेन्ट का निर्माण अनुमन्य होगा।
22. बेसमेन्ट का निर्माण बगल की सम्पत्तियों की स्ट्रक्चरल सेफ्टी सुनिश्चत करते हुए भू-खण्ड की सभी सीमाओं से न्यूनतम 6 फुट छोडने के बाद ही अनुमन्य होगा।

**बेसमेन्ट का प्रयोजन निम्नानुसार होगा।**

(क) घरेलू सामान, अज्वलनशील पद्वार्थ या अन्य सामान का भण्डारण।

(ख) आवासीय भवन से भिन्न भवनों में डार्करूम, कोषकक्ष, बैक सेलर आदि।

(ग) वातानुकूलन उपकरण एवं अन्य मषीनें जो भवन की अनिवार्य सुरक्षा के लिए लगाई जाये।

(घ) पार्किग स्थल और गैराज।

(ड) पुस्कालयों के अज्जवलनशील भण्डार कक्ष (स्टैकिंग रूम)।

23. बेसमेन्ट का प्रयोग भाग, फर्श से बीम तक न्यून्तम 7 फुट तथा अधिकतम 15 फुट तथा अधिकतम 15 फुट ऊँचा होगा।
24. बेसमेन्ट में पर्याप्त संवातन सुनिश्चत किया जायेगा।
25. बेसमेन्ट की सीलिंग संलग्न रोड लेवल से न्युनतम 3 फुट तथा अधिकतम 4 फुट ऊपर होगी।
26. सतह का पानी बेसमेन्ट में प्रवेश न करने पाये इस हेतु व्यवस्था करनी होगी।

**अपराधों का शमन उपविधि**

27. मानचित्र में भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के अनुसार अवैध निर्माण दर्शाये जायेगे ''फ्रंन्ट'' साईड'' एवं पीछे के सैट बैक में अनाधिकृत निर्माण शमनीय होगा।
28. शमन शुल्क अवैध निर्माण के लिए निर्धारित शुल्क द्वारा लिया जायेगा।
29. रूपये 10.00 प्रतिवर्ग फुट शमन शुल्क आवासीय भवन में आच्छाादित क्षेत्रफल पर लिया जायेगा।
30. रूपये 10.00 प्रतिवर्ग फुट शमन शुल्क व्यावसायिक भवन में आच्छाादित क्षेत्रफल पर लिया जायेगा।
31. नगर पंचायत ढकिया की सीमा से 2 मील की दूरी तक विविध निर्माण कार्यो यथा- भवन निर्माण, सड़क निर्माण , नाली /नाला निर्माण, जल निकास आदि को नियन्त्रित /विनियमित करने की शक्ति नगर पालिका अधिनियम -1916 की धारा 212क के अन्तर्गत नगर पंचायत बोर्ड में निहित होगी।
32. नगर पालिका बोर्ड में निहित अथवा उसके प्रबन्धन में निहित सम्पत्तियों पर यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से कब्जा करता है , कब्जा होने के समय से कब्जा मुक्त होने तक की अवधि का वित्तीय मूल्यांकन कराकर विधिक कार्यवाही करने एंव दण्ड अध्यारोपित करने की शक्ति नगर पंचायत बोर्ड में निहित होगी।
33. नगर पंचायत ढकिया की सीमा से लगे हुए क्षेत्र की सड़क/नाला/नाले आदि को यदि कोई व्यक्ति/कॉलोनी नाईजर /संस्था नगर पंचायत ढकिया की सीमा के अन्तर्गत सड़क / नाली / नाले आदि जोड़ना चाहता है , तो नगर पालिका अधिनियम - 1916 की धारा 202, 203, 204 एंव 205 के अन्तर्गत लिखित में आवेदन नगर पंचायत को प्रस्तुत करेगा जिस पर नगर पंचायत बोर्ड द्वारा निर्धारित की गई विभिन्न शर्तो के अधीन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर पंचायत बोर्ड में निहित होगा।
34. यदि कोई व्यक्ति/कालोनीलाईजर / फर्म/संस्था आदि बिना अनुमति के नगर पंचायत क्षेत्र में सड़क, भवन, नाली/नाला आदि का निर्माण करता पाया जाता है , तो नगर पालिका अधिनियम- 1916 की धारा 207 एंव 208 के अन्तर्गत नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए उक्त निर्माण को ध्वस्त करने के उपरान्त जुर्माना वसूलने की शक्ति नगर पंचायत बोर्ड में निहित होगी।
35. किसी भी मार्ग को सार्वजनिक मार्ग के रूप में नगर पालिका अनिधिनियम- 1916 की धारा 221 के अन्तर्गत अंगीकार किया जा सकेगा।

**दण्ड**

यदि कोई भी व्यक्ति उपविधि का उल्लंघन करता है, तो उसके विरूद्व नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

36- उपरोक्त उपविधियों में वर्णित नियमों के विपरीत कोई नियम/निर्देश शासन के द्वारा शासनादेश के माध्यम से जारी किया जाता है तब उक्त उपविधियों के प्रभाव में रहते हुये भी शासनादेश उपविधियों पर प्रभावी होगा और उक्त शासनादेश के विपरीत उपविधि होने की स्थिति में शासनादेश में दिये गये नियमों के आधार पर कार्यवाही की जायेगी।

**(रामेश्वर दयाल)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत ढकिया**
**मुरादाबाद**

**(मुजम्मिल हुसैन)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत ढकिया**
**मुरादाबाद**

# जीआरपी की बड़ी कार्रवाई, शातिर मोबाइल चोर गिरफ्तार, चोरी के पांच मोबाइल बरामद




**मुरादाबाद।** थाना जीआरपी ने अपराध नियंत्रण की दिशा में सराहनीय कार्य करते हुए एक शातिर मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया है।रेलवे स्टेशन परिसर में संयुक्त गश्त और प्लेटफॉर्म चेकिंग के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से विभिन्न कंपनियों के पांच चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 60 हजार रुपये बताई गई है।यह कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे के आदेश, पुलिस उपमहानि. रीक्षक रेलवे के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक रेलवे के पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे मुरादाबाद अनिल कुमार वर्मा एवं प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार वशिष्ठ के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मंजीत सिंह तोमर अपनी टीम के साथ प्लेटफॉर्म गश्त पर थे, तभी संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान आरिफ पुत्र मोहम्मद उमर, निवासी 24 फुटा रोड मैनाठेर, थाना मझोला, जिला मुरादाबाद के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना जीआरपी मुरादाबाद में मुकदमा दर्ज किया गया है।पकड़े गए आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह नशे का आदी है और नशे की जरूरत पूरी करने के लिए ट्रेनों में यात्रियों को निशाना बनाकर मोबाइल व अन्य कीमती सामान चोरी करता था। बरामद मोबाइल पिछले कई महीनों में अलग-अलग ट्रेनों से चोरी किए गए थे।पुलिस के अनुसार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास पहले से रहा है और उसके खिलाफ विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। जीआरपी का मानना है कि उसकी गिरफ्तारी से रेलवे क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में कमी आएगी।

# पॉक्सो एक्ट में दोषी को 12 वर्ष का कारावास

## लगातार चल रहा है न्याय का हंटर, 23 हजार का जुर्माना लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अपराध करोगे तो बच नहीं पाओगे, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध अपराध करने वालों के खिलाफ किसी भी स्तर पर नरमी न बरती जाए। इसी के तहत महिला एवं बालिका संबंधी मामलों में न्यायालय भी अब कड़ा और प्रभावी रुख अपनाते हुए सख्त फैसले सुना रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सम्भल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह द्वारा नाबालिग से जुड़े एक गंभीर मामले में अहम निर्णय सुनाया गया। बता दें कि इस मामले में अभियुक्त विकास उर्फ सूखा उर्फ सुखराम पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम इकौना थाना कैलादेवी जिला सम्भल के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों एवं गवाहों के बयानों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त विकास उर्फ सूखा उर्फ सुखराम को दोषी करार दिया। न्यायालय ने अपने आदेश में



कहा कि नाबालिगों के विरुद्ध किए गए अपराध अत्यंत गंभीर और समाज को झकझोरने वाले हैं, ऐसे मामलों में कठोर दंड दिया जाना आवश्यक है ताकि अपराधियों में कानून का भय बना रहे। न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धारा 363 के अंतर्गत तीन वर्ष का कारावास एवं तीन हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया व पॉक्सो एक्ट की धारा 4 के अंतर्गत 12 वर्ष का कारावास एवं बीस हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। इस मुकदमे की प्रभावी पैरवी विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) नरेन्द्र कुमार यादव द्वारा की गई, जिनकी सशक्त दलीलों और ठोस प्रस्तुतिकरण के चलते अभियोजन पक्ष अपना पक्ष मजबूती से न्यायालय के समक्ष रखने में सफल रहा। पॉक्सो कोर्ट के इस सख्त फैसले को महिलाओं एवं बालिक. ाओं की सुरक्षा की दिशा में एक मजबूत और निर्णायक कदम माना जा रहा है, जिससे समाज में यह स्पष्ट संदेश गया है कि नाबालिगों के विरुद्ध अपराध करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही सजा कराये जाने में कोर्ट मोहर्रिर रामकुमार सिंह व पैरोकार सचिन कुमार का भी योगदान रहा।

## एक नजर

### सड़क किनारे खड़े ग्रामीण से पिता-पुत्रों ने की मारपीट एफआईआर दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** सड़क किनारे खड़े ग्रामीण से पिता पुत्रों ने मारपीट कर दी पुलिस ने तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है थाना कांठ क्षेत्र के गांव मधपुरी निवासी मोहम्मद हसन पुत्र यूनुस का आरोप है कि 20 जनवरी की सुबह करीब 10:00 बजे वह अपने घर से जरूरी काम के लिए निकला वह सड़क पार करने के लिए खड़ा हुआ था तभी मुरादाबाद की ओर से आई रोडवेज बस से गांव का तस्लीम पुत्र छिद्दा उतरा और उससे गाली गलौज करने लगा इसका विरोध किया तो उसने लात घूसों से मारपीट करनी शुरू कर दी वहां पर तस्लीम के लड़के दानिश में इब्ने हसन भी आए और गाली गलौज कर उन्होंने भी जमकर पीटा। भीड़ इकट्ठा हुई तो तीनो लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गए पीडित थाने पहुंचा और तहरीर दी पुलिस ने तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### वकीलों की हड़ताल लगातार जारी नहीं हो पा रहा न्यायिक कार्य



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** वकीलों की हड़ताल लगातार जारी है जिसकी वजह से न्यायिक कार्य नहीं हो पा रहा है वादकारी तहसील आते हैं और मायूस होकर वापस चले जाते हैं बतादें की करीब 12 दिन पहले प्राइवेट कर्मचारी से एक अधिवक्ता की हाथापाई हुई थी इसके बाद अधिवक्ताओं ने हड़ताल कर दी। मामला शांत न होने पर यह हड़ताल आज भी लगातार जारी है वादकारी अपने काम के लिए तहसील पहुंचते हैं और मायूस होकर वापस लौट रहे हैं। कई ऐसे काम है जो अधिवक्ता द्वारा ही कराए जाते हैं वह काम भी सारे के सारे रुक गए हैं जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आज भी अधिवक्ताओं ने तहसीलदार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया है इस मौके पर संजीव बिश्नोई यशवीर सिंह दीपक बिश्नोई मोहम्मद अयूब डॉक्टर विनीत नैन सुगम पवार हिमांशु बिश्नोई सतपाल सिंह कोमल सिंह लोकेश चौधरी सुनील कुमार बृजेश कुमार भू प्रकाश सिंह सहित काफी अधिवक्ता मौजूद रहे।


# नगरपालिका अध्यक्षा ने किया शक्तिनगर में डेकोरेटिव लाइटों का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बुधवार को नगरपालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय द्वारा नगर के शक्तिनगर क्षेत्र में लगाई गई डेकोरेटिव लाइटों का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के दौरान अध्यक्षा ने स्विच दबाकर लाइटें चालू कीं, जिससे पूरा क्षेत्र रोशनी से जगमगा उठा और नई साज-सज्जा के साथ शक्तिनगर ने आकर्षक स्वरूप ग्रहण किया। यह उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष पूर्व उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा द्वारा शक्तिनगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटवाकर सड़कों का चौड़ीकरण कराया गया था।

सड़क चौड़ीकरण के बाद शक्तिनगर से लेकर जनपद न्यायालय तक की सड़कें एक नए और आधुनिक स्वरूप में सामने आईं। हालांकि प्रारंभिक समय में क्षेत्रवासियों को कुछ असुविधाओं का सामना करना पड़ा, लेकिन बाद में लाखों रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य पूरा कराए जाने से आवागमन सुगम हो गया। सड़क के एक ओर सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से डेकोरेटिव लाइटें भी लगवाई गईं, जिनका बुधवार





को औपचारिक उद्घाटन किया गया। जैसे ही लाइटें प्रज्वलित हुईं, मौके पर आतिशबाजी की गई और क्षेत्रवासियों ने खुशी जाहिर की। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्षा के साथ वार्ड संख्या 06 की सभासद रीना कुमारी, अमन गुप्ता, क्षितिज गुप्ता, सभासद उमेश सैनी, राजेश चौहान, बृजवाला, रचना वार्ष्णेय, प्रभाकर गुप्ता, शैलेश वार्ष्णेय, रूपम, अमित दिवाकर, सचिन रस्तोगी, अनमोल, मोहित दिवाकर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। नगरपालिका अध्यक्षा ने कहा कि नगर के सौंदर्यीकरण और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए आगे भी इसी प्रकार के विकास कार्य कराए जाएंगे, ताकि शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और आकर्षक बनाया जा सके।

# सीजेएम के स्थानांतरण पर अधिवक्ताओं का रोष

## जनपद न्यायालय गेट पर जमकर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जनपद न्यायालय में पदासीन मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) विभांशु सुधीर का उच्च न्यायालय प्रयागराज द्वारा जनपद न्यायालय सुल्तानपुर स्थानांतरण किए जाने को लेकर बुधवार को अधिवक्ताओं में भारी रोष देखने को मिला। बताया जा रहा है कि यह मामला संभल हिंसा से जुड़ा है, जिसमें हिंसा के दौरान मौत की घटना भी हुई थी। उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के लगभग एक सप्ताह बाद सीजेएम विभांशु सुधीर का स्थानांतरण संभल से सुल्तानपुर कर दिया गया। इस स्थानांतरण को लेकर जनपद न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने तीव्र विरोध दर्ज कराया। बड़ी संख्या में अधिवक्ता जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी के मुख्य द्वार पर एकत्र हुए और स्थानांतरण के विरोध में जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने पुलिस के खिलाफ भी नारे लगाए और 'सीजेएम साहब को वापस लाओ' जैसे नारे बुलंद किए। पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने कहा कि सीजेएम का स्थानांतरण पुलिस के दबाव में किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि न्यायप्रिय सीजेएम द्वारा पुलिस के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए गए थे, लेकिन जनपद के एसपी द्वारा न्यायालय के आदेशों का पालन नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि यह सीधा-सीधा न्यायालय की अवमानना का मामला है। वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन यादव ने भी इस स्थानांतरण का विरोध करते हुए कहा कि अधिवक्ता समाज इस दबाव में किए गए स्थानांतरण को स्वीकार नहीं करेगा। सीजेएम विभांशु सुधीर एक न्यायप्रिय और निष्पक्ष अधिकारी हैं। अधिवक्ताओं ने एक स्वर में मांग की कि सीजेएम विभांशु सुधीर का स्थानांतरण तत्काल रद्द किया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### परिवर्तन 'दी चेंज' संस्था ने शिक्षा प्लस प्रोग्राम के तहत 1534 लाभार्थियों को वितरित किए साक्षरता प्रमाण पत्र



**मुरादाबाद।** परिवर्तन "दी चेंज" संस्था द्वारा शिव नाडर फाउंडेशन के शिक्षा प्रकल्प के अंतर्गत संचालित शिक्षा प्लस प्रोग्राम के तहत मंगलवार को 1534 लाभार्थियों को साक्षरता प्रमाण पत्र वितरित किए गए। यह कार्यक्रम जनपद मुरादाबाद के मुरादाबाद ब्लॉक एवं छजलैट ब्लॉक में चार माह के कोर्स के अंतर्गत संचालित किया गया, जिसमें निरक्षर लोगों को साक्षर बनाया गया।बुधवार को आयोजित प्रमाण पत्र वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी उपस्थित रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में शिव नाडर फाउंडेशन के शिक्षा प्रोजेक्ट डायरेक्टर रोबिन सरकार, अडल्ट लिटरेसी हेड विजय आनंद, डॉ. हरवंश दीक्षित (डीन, लॉ कॉलेज, तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय एवं सलाहकार, असम सरकार), डॉ. विशेष गुप्ता और सरदार गुरविंदर सिंह मौजूद रहे।अतिथियों ने सभी लाभान्वित लर्नर्स को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उन्हें आगे भी शिक्षा से जुड़कर अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष कपिल कुमार ने शिक्षा प्लस प्रोग्राम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि संस्था वर्तमान में 15 वर्ष से अधिक आयु के 2550 निरक्षर लोगों को साक्षर बनाने के लिए जनपद के विभिन्न गांवों में प्रतिदिन कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष संस्था को 5000 लर्नर्स को साक्षर बनाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव आमोद चौहान, ग्राम प्रधान सुनह पाल, मंजीत, सुखीराम, सेवाराम, अजय कुमार सहित संस्था के पदाधिकारी, स्वयंसेवक एवं जनशिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# महानगर में आज से होगा उदीषा- 2026 साहित्य महोत्सव का भव्य आगाज, तैयारियां पूरी

**मुरादाबाद।** महानगर में साहित्य, संस्कृति और कला प्रेमियों के लिए आज से एक ऐतिहासिक आयोजन की शुरुआत हो रही है। शहर में पहली बार उदीषा-2026 साहित्य महोत्सव का भव्य आयोजन 22 जनवरी से 26 जनवरी तक दिल्ली रोड स्थित बुद्ध विहार के गांधी मैदान में किया जा रहा है। पांच दिवसीय इस महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया है।इस साहित्य उत्सव में पुस्तक मेले के साथ भारतीय संस्कृति, कला, संस्कृत और धार्मिक परंपराओं की मनोहारी झलक देखने को मिलेगी। देशभर से आए प्रकाशक और लेखक यहां अपनी पुस्तकों के माध्यम से पाठकों से संवाद करेंगे। इसके साथ ही कवि सम्मेलन, मुशायरा और विचार संवाद सत्र साहित्य प्रेमियों को बौद्धिक समृद्धि प्रदान करेंगे।उत्सव की खास बात यह



है कि इसमें प्रसिद्ध गायक सुखविंदर सिंह अपनी शानदार गायकी से समां बांधेंगे, वहीं हास्य कवि कुमार विश्वास अपनी ओजस्वी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। इसके अलावा बॉलीवुड के जाने-माने फिल्म मेकर मधुर भंडारकर और अभिनेता आशुतोष राणा सहित कई नामी हस्तियां भी कार्यक्रम में शिर. कत करेंगी।आयोजन को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पूरे परिसर में 80 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, साथ ही पुलिस और प्रशासन की कड़ी निगरानी रहेगी। आयोजकों का कहना है कि यह साहित्य उत्सव मुरादाबाद को सांस्कृतिक मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाएगा

और शहरवासियों के लिए एक यादगार अनुभव साबित होगा।

# जनपद के सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए शिव सैनिकों ने किया प्रदर्शन, भेजा ज्ञापन

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद में विभिन्न सरकारी विभागों में बढ़ते भ्रष्टाचार, आम जनता की सुनवाई न होने और कर्मचारियों द्वारा उत्पीड़न के आरोपों को लेकर शिवसेना ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजा है। शिवसेना का आरोप है कि जिले में आम जनमानस की समस्याओं को विभागीय अधिकारी गंभीरता से नहीं सुन रहे हैं, जिससे लोगों को मानसिक और आर्थिक शोषण का सामना करना पड़ रहा है।ज्ञापन में कहा गया है कि जिला अस्पताल, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, समाज कल्याण विभाग, नगर निगम, खनन विभाग, जिला कारागार, डूडा विभाग और तहसीलों में भ्रष्टाचार व्यापक रूप से फैला हुआ है। आम लोग प्रार्थना पत्र देने के बावजूद न्याय नहीं पा रहे हैं। शिवसेना का यह भी आरोप है कि शिकायतों के बावजूद न तो विभागीय अधिकारियों पर कोई कार्रवाई की जा रही है और न ही उच्च अधिकारी और



जनप्रतिनिधि आम जनता की बात सुन रहे हैं।शिवसेना नेताओं का कहना है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा भी अधिकारियों की शिकायत प्रमुख सचिवों और प्रभारी मंत्रियों तक की गई, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। यहां तक कि सरकारी मोबाइल नंबर तक नहीं उठाए जा रहे हैं, जिसकी शिकायतें समाचार पत्रों में भी प्रकाशित हो चुकी हैं।शिवसेना ने बताया कि 12 जनवरी को प्रभारी मंत्री के मुरादाबाद आगमन के दौरान ज्ञापन देने का प्रयास किया गया, लेकिन रोके जाने पर शिवसैनिकों को प्रदर्शन करना पड़ा। भ्रष्टाचार उजागर होने के बाद भी जांच न बैठने और कार्रवाई न होने से संगठन में भारी आक्रोश है।शिवसेना ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि भ्रष्टाचार पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, अन्यथा शिवसेना जन आंदोलन करने को बाध्य होगी।

### स्ट्रीट डॉग्स को लेकर नगर निगम की सख्त कार्रवाई, नगर आयुक्त ने दी यह खास जानकारी

**मुरादाबाद।** शहर में स्ट्रीट डॉग्स के बढ़ते आतंक और उनसे हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नगर निगम ने प्रभावी कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने स्पष्ट किया है कि इस संबंध में



उच्चतम न्यायालय की सभी गाइडलाइन्स का पूरी सख्ती से पालन किया जा रहा है और किसी भी प्रकार की मनमानी कार्रवाई नहीं की जा रही है।नगर आयुक्त ने बताया कि मुरादाबाद में संच. ालित एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर सुचारु रूप से कार्य कर रहा है। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में लगातार स्ट्रीट डॉग्स की नसबंदी कराई जा रही है, जिससे उनकी संख्या पर नियंत्रण पाया जा सके। उन्होंने कहा कि नसबंदी के साथ-साथ टीकाकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।उन्होंने जानकारी दी कि जल्द ही शहर के चार अलग-अलग स्थानों पर एनिमल डॉग फीडिंग सेंटर खोले जाएंगे। इन फीडिंग सेंटर्स का संचालन सीधे नगर निगम द्वारा किया जाएगा। इससे कुत्तों की अनियंत्रित गतिविधियों पर अंकुश लगेगा और सड़क हादसों में कमी आएगी।नगर आयुक्त ने यह भी बताया कि इस पूरे अभियान के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर दी गई है और नागरिकों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है, जिस पर किसी भी आपात स्थिति में सूचना दी जा सकती है।उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए नगर निगम की टीमें दिन-रात कार्यरत हैं और हालात को पूरी तरह नियंत्रण में लाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# बसंत पंचमी पर दुर्लभ संयोग: एक साथ बनेंगे 5 राजयोग, कई राशियों की चमकेगी किस्मत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** इस बार बसंत पंचमी का पर्व ज्योतिषीय दृष्टि से बेहद खास रहने वाला है। बसंत पंचमी पर एक साथ पांच राजयोगों का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जिससे कई राशियों को विशेष लाभ मिलने के योग हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए श्रीमद्भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य ऋतुपर्ण ने बताया कि ग्रहों की यह स्थिति अत्यंत शुभ और विरले अवसरों में बनने वाली है। आचार्य ऋतुपर्ण के अनुसार, इस बार बसंत पंचमी पर बुधादित्य, लक्ष्मी नारायण, रूचक और गजकेसरी राजयोग के साथ-साथ शिव योग भी बन रहा है। वर्तमान में मकर राशि में बुध, सूर्य, शुक्र और मंगल एक साथ गोचर कर रहे हैं। सूर्य और बुध की युति से बुधादित्य राजयोग, बुध और शुक्र की युति से लक्ष्मी नारायण राजयोग बन रहा है। वहीं मंगल अपनी उच्च राशि मकर में स्थित होने से रूचक राजयोग का निर्माण हो रहा है। इसके अलावा बसंत पंचमी के दिन चंद्रमा मीन राशि में और गुरु मिथुन राशि में गोचर करेंगे। दोनों ग्रह एक-दूसरे से केंद्र भाव में रहकर गजकेसरी राजयोग बनाएंगे। साथ ही इस दिन शिव योग का संयोग भी रहेगा, जो इस पर्व को और अधिक शुभ बना रहा है। ग्रहों के इस विशेष संयोग का लाभ कर्क, मीन सहित कुल 5 राशियों को विशेष रूप से मिलने वाला है। इन राशियों के जातकों को धन-संपत्ति, ज्ञान, यश और समाज में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। विशेष रूप से कर्क राशि के लिए यह समय अत्यंत शुभ बताया गया है। कर्क राशि के स्वामी चंद्रमा गुरु के साथ मिलकर नवम भाव में गजकेसरी राजयोग बना रहे हैं, जिससे भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। विद्यार्थियों के लिए यह समय विशेष फलदायी रहेगा और ज्ञान में वृद्धि होगी। पैतृक संपत्ति से लाभ और पिता का सहयोग मिलने के भी योग हैं। आचार्य ऋतुपर्ण ने बताया कि जिन बच्चों को पढ़ाई में कठिनाई आती है, वे बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की विधिवत पूजा करें। पीले वस्त्र धारण कर, मां सरस्वती को गंध, अक्षत और पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती स्तोत्र का पाठ करने से मां भगवती विद्या, यश और कुशाग्र बुद्धि का आशीर्वाद प्रदान करेंगी।

## नमस्ते योजना के तहत सफाई कर्मचारियों को दिया गया सुरक्षा व प्रशिक्षण संबंधी मार्गदर्शन

**चन्दौसी।** बुधवार को मशीनीकृत स्वच्छता पारिस्थितिकी तंत्र के लिए राष्ट्रीय कार्यवाही (नमस्ते) योजना के अंतर्गत नगरपालिका परिषद चन्दौसी के स्वास्थ्य विभाग में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला नेशनल सफाई कर्मचारी फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसमें सीवर एवं सेप्टिक टैंक की सफाई में लगे कर्मचारियों को आवश्यक जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला में महिला मंडल वरमार एग्रो एजेंसी के प्रशिक्षक संजय सिंह ने उपस्थित सफाई कर्मचारियों को सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान सुरक्षा उपकरणों के अनिवार्य प्रयोग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिना सेफ्टी किट के किसी भी कर्मचारी को सीवर अथवा सेप्टिक टैंक में उतरकर सफाई नहीं करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने मशीनों के माध्यम से सफाई करते समय बरती जाने वाली सावधानियों पर भी प्रकाश डाला। प्रशिक्षक ने बताया कि पूर्व में प्रचलित मैन्युअल स्कैवेंजिंग प्रथा को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जा चुका है और इस कार्य में लगे लोगों का पुनर्वास कराया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि मैला ढोने का कार्य कराना कानूनन अपराध है, जिसमें दो वर्ष की सजा एवं दो लाख रुपये का जुर्माना का प्रावधान है। यदि कोई व्यक्ति ऐसा कार्य करवाता है, तो वह भी अपराध की श्रेणी में आता है। कार्यशाला में यह भी बताया गया कि वर्तमान समय में सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई के लिए मशीनों का उपयोग किया जा रहा है, जिन्हें संचा. लित करते समय विशेष सावधानी बरतना आवश्यक है। सफाई से जुड़े उपकरणों की सही जानकारी होने से कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की कठिनाई या दुर्घटना से बचाया जा सकता है।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल युवा इकाई की बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बुधवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक सीता रोड पर आयोजित की गई। बैठक में व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं, संगठन के विस्तार तथा भविष्य की



रणनीतियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में व्यापारियों का सबसे बड़ा योगदान रहा है। व्यापारी वर्ग सदैव संतोष और समर्पण के साथ कार्य करता आया है, बावजूद इसके उसे अक्सर उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सुविधाओं के नाम पर आज भी व्यापारियों को बहुत कम लाभ मिल रहा है। नगराध्यक्ष ने कहा कि जिस प्रकार शिक्षकों के प्रतिनिधित्व के लिए विधान परिषद में सदस्य चुने जाते हैं, उसी प्रकार व्यापारियों के हितों की प्रभावी पैरवी के लिए व्यापारिक प्रति. निधि का विधान परिषद एवं विधानसभा में पहुंचना अत्यंत आवश्यक है। इससे व्यापारियों की समस्याएं सरकार के समक्ष मजबूती से रखी जा सकेंगी। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि व्यापारियों को शस्त्र लाइसेंस में वरीयता प्रदान की जाए, जिससे वे अपनी और अपने प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। साथ ही व्यापारिक हितों से जुड़े कानूनों और नीतियों में भी व्यापारियों की सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित व्यापारियों ने भी अपने-अपने विचार रखे और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर सहमति जताई। बैठक में रमाकांत पंडित, गणेश वार्ष्णेय, विमल वार्ष्णेय, अनिल, हृदेश वार्ष्णेय, कमल दशरथ, मोनू, विक्की गौड़ सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 22 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# सुर्खियों में ट्रांसफर

उप्र का सम्भल फिर से चर्चाओं में है। पिछले कुछ महीनों से वह लगातार कई कारणों से चर्चाओं में रहा है। पहले जामा मस्जिद का सर्वे और उसके बाद हुई हिंसा को लेकर चर्चा बटोर चुका है। पुलिस की कार्रवाई भी यहां सुर्खियों में बनी रही है। हाल ही में चर्चाओं में संभल उस समय आया, जब यहां के सीजेएम विभांशु सुधीर ने नौ जनवरी को एएसपी अनुज चौधरी समेत 20 पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। अब पांच दिन बाद उनका ट्रांसफर कर दिया गया है। यूं तो इलाहाबाद हाईकोर्ट की तरफ से एक लिस्ट जारी हुई है, इस लिस्ट में 14 जजों के ट्रांसफर किए गए हैं और कुछ जजों की जगह अदला-बदली भी की गई है। इसी लिस्ट में विभांशु सुधीर का भी नाम है। उनको सुल्तानपुर भेजा गया है। वहीं चंदौसी कोर्ट के सी. डि. सिविल जज आदित्य सिंह को सम्भल का सीजेएम नियुक्त किया गया है। ध्यान रहे आदित्य सिंह वही जज हैं जिन्होंने श्री हरि-हरि मंदिर बनाम जामा मस्जिद दावे पर सर्वे के आदेश दिए थे। उन्हें प्रोमोशन के तहत सम्भल भेजा गया। विभांशु सुधीर मूलरूप से जहां उप्र के भदोई जिले के रहने वाले हैं, तो वहीं आदित्य सिंह मूलरूप से यूपी के मु.नगर के रहने वाले हैं। यह भी अजीब संयोग है कि एएसपी अनुज चौधरी भी मु.नगर जनपद से ही ताल्लुक रखते हैं। यूं तो जजों का ट्रांसफर कोई नई बात नहीं है और यह प्रक्रिया के तहत चलता रहता है, लेकिन कई बार समय का फेर इस तरह का हो जाता है जहां ट्रांसफर चर्चाओं में आ जाते हैं और वह इस कारण से होता है कि उसके पीछे कोई फैसला जुड़ा होता है। जैसाकि इस समय भी देखने में आ रहा है। जब मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट विभांशु सुधीर ने 9 जनवरी को यह फैसला लिया था तो इस फैसले ने सभी को चौंका दिया था। एएसपी अनुज चौधरी उप्र शासन के काफी नजदीक माने जाते रहे हैं और उनकी कार्यशैली भी काफी विवादित रही है। उनके विवादित बयान भी काफी चर्चाओं में रह चुके हैं, जो सांप्रदायिकता का सार लिए होते हैं। ऐसे में अनुज चौधरी और 20 अन्य पुलिसकर्मियों के विरुद्ध किसी न्यायाधीश द्वारा मुकदमा का आदेश देना चर्चा तो बंटोरेगा ही। साथ ही वह सर्द मौसम में राजनीतिक गर्मी का काम करेगा, जोकि ऐसा होता दिखाई भी दे रहा है। साथ ही ऐसे लोगों को भी बल मिलेगा, जो सरकार पर न्याय पालिका को प्रभावित करने का आरोप लगाते रहे हैं। अच्छा होता कि सरकार इस पर थोड़ा संयम बरतती और ऐसा कोई काम न करती जिससे जनता में गलत संदेश जाए। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा होता दिखाई नहीं दे रहा है। यूं भी यह इस तरह का कोई पहला मामला नहीं है। हम दिल्ली, हरियाणा में ऐसा होते देख चुके हैं। ऐसी स्थिति न्यायपालिका के लिए ठीक नहीं है। न्यायपालिका की साख की हर हाल में रक्षा की जानी ही चाहिए।

## विधायिका तय करती है न्याय का मार्ग



न्याय, समता और बंधुता भारतीय संविधान की आत्मा हैं और इन्हीं मूल्यों के आधार पर देश की विधायिका समाज को दिशा देने का कार्य करती है, न्याय कैसे प्राप्त किया जाए, इसका मार्ग विधायिका तय करती है, क्योंकि वही ऐसे कानूनों का निर्माण करती है जो समाज के प्रत्येक वर्ग को न्याय दिलाने में सहायक होते हैं, विधायिका समतामूलक समाज की स्थापना का माध्यम है, बंधुता का अर्थ यह है कि सहमति और असहमति के बावजूद हम सब एक साथ आगे बढ़ते हैं और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का सम्मान करते हैं, सशक्त विधायिका ही सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला है और ऐसे आयोजनों से देश में बेहतर संसदीय परंपराओं को मजबूती मिलती है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री , उप्र**

# छुट्टियों के मौसम के बाद ट्रैवल इंश्योरेंस क्लेम दर्ज से पहले इन बातों का रखें ध्यान

ट्रैवल इंश्योरेंस का उद्देश्य होता है कि आपकी यात्रा के दौरान आई अचानक परेशानी से आपको सुरक्षित रखे और फिलहाल भारत में यात्रियों के साथ बिल्कुल यही हो रहा है। इस दिसंबर से चल रही परिचालन चुनौतियों के कारण दिल्ली, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु और हैदराबाद सहित कई प्रमुख हवाई अड्डों पर, लोगों को फ्लाइट कैंसलेशन और देरी का अनुभव करना पड़ा। अगर आपने कॉम्प्रिहेंसिव ट्रैवल इंश्योरेंस पॉलिसी ली है, तो ऐसे मुश्किल-भरे हालात असल में यह समझने का सबसे अच्छा मौका होते हैं कि आपकी कवरेज कब और कैसे काम आ सकती है। अगर आपकी फ्लाइट कैंसल हो जाए, ट्रांसफर मिस हो जाएं, अचानक मेडिकल जरूरतें आ जाएं या होटल बुकिंग में दिक्कत आए, खासकर जब एयरलाइन के परिचालन में इस तरह की गड़बड़ी हो जाए, तब आपके लिए यह जानना बहुत जरूरी हो जाता है कि क्लेम कैसे और कब दर्ज करना है।

### अपना ट्रैवल क्लेम दर्ज करने से पहले किन बातों को ध्यान में रखें?

चाहे आप कहीं भी जा रहे हों, आपको वर्तमान स्थिति जैसी किसी एमरजेंसी का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए निम्नलिखित महत्वपूर्ण बातों के बारे में जानना बेहतर है जो आपके ट्रैवल क्लेम अनुभव को आसान बनाएंगी।

### यात्रा से पहले की तैयारी

यात्रा पर निकलने से पहले यह जरूरी है कि आप अपने साथ ले जाने वाली सभी महंगी और कीमती चीजों की ठीक तरह से लिस्ट बना लें। अपनी पसंदीदा डेस्टिनेशन के लिए रवाना होने से पहले, जिन भी कीमती सामानों या डॉक्यूमेंट्स को आप साथ ले जा रहे हैं, उनकी ढेर सारी तस्वीरें खींचकर सुरक्षित रख लें। इसके अलावा, अपने सभी ट्रैवल डॉक्यूमेंट्स की एक कॉपी बना लेना और उसे घर पर किसी भरोसेमंद परिवार के सदस्य या दोस्त के पास छोड़ देना समझदारी है, और असली डॉक्यूमेंट्स को अपने साथ सफर पर ले जाएं।

### शर्तें बारीकी से पढ़ना

किसी भी तरह का इंश्योरेंस खरीदते समय पॉलिसी डॉक्यूमेंट्स को ध्यान से पढ़ना बेहद जरूरी होता है। इससे आपको यह साफ पता चलता है कि ट्रैवल पॉलिसी में क्या शामिल है और क्या नहीं। पॉलिसी नियमावली आपके ट्रैवल इंश्योरर की आधिकारिक वेबसाइट पर आसानी से मिल सकती है। क्लेम दर्ज करते समय, अगर आप अपनी पॉलिसी से अच्छी तरह वाकिफ हैं, तो सूचीबद्ध शर्तों और सीमाओं के आधार पर आपको क्लेम की स्वीकार्यता समझने में आसानी होगी। ट्रैवल इंश्योरेंस में आमतौर पर शामिल कवरेज में फ्लाइट कैंसलेशन और देरी, मिस्ड कनेक्शन, सामान का खोना या मिलने में देरी होना, और मेडिकल एमरजेंसी से जुड़े खर्च शामिल होते हैं।

### मेडिकल एमरजेंसी

एमरजेंसी या एक्सीडेंट के मामले में, अपनी इंश्योरेंस कंपनी को तुरंत सूचित करें। खासकर विदेश में होने पर, सभी मेडिकल रसीदें और रिपोर्ट्स सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संभालकर रखें। ऐसी रसीदों के आधार पर इंश्योरर यह तय कर पाएगा कि इलाज कहां कराया गया था। अगर दुर्घटना किसी थर्ड पार्टी की गलती से हुई हो, तो पुलिस रिपोर्ट जरूर दर्ज कराएं और उसकी एक कॉपी सुरक्षित रख लें, ताकि क्लेम के समय उसे इंश्योरेंस कंपनी के पास जमा किया जा सके।

### सामान का खोना या चोरी होना

एयरपोर्ट से लेकर होटल तक, सफर के दौरान कई जगहें ऐसी होती हैं जहां आपका सामान चोरी होने का खतरा रहता है, खासकर विदेश में। ऐसी इंश्योरेंस पॉलिसी खोए हुए सामान और आवश्यक चीजें जैसे कपड़े, टॉयलेट्रीज और आवश्यक रिप्लेसमेंट के लिए मुआवजा प्रदान करती है। अगर ऐसा होता है, तो पुलिस स्टेशन से लिखित रिपोर्ट प्राप्त करें और तुरंत अपनी इंश्योरेंस कंपनी को इसके बारे में जानकारी दें। इससे यह सुनिश्चित होगा कि आपके पास अपना क्लेम दर्ज करने के लिए उचित प्रमाण हो।

### तुरंत क्लेम दर्ज करें

हर इंश्योरेंस कंपनी एक निश्चित समय अवधि तय करती है, जिसके भीतर आप अपना क्लेम दर्ज कर सकते हैं। विशेष रूप से छुट्टियों



के मौसम के बाद, यह उम्मीद की जाती है कि ज्यादा क्लेम दर्ज किए जाएंगे। आजकल, अधिकांश कंपनियां आपको अपना क्लेम ऑनलाइन दर्ज करने की सुविधा देती हैं। क्लेम शुरू करने के लिए, अपनी इंश्योरेंस कंपनी की वेबसाइट से क्लेम फॉर्म डाउनलोड करें और विधिवत भरा हुआ फॉर्म सबमिट करें। रीइम्बर्समेंट की संभावना को बढ़ाने के लिए सभी संबंधित प्रमाण अटैच करना न भूलें। अगर आपने कॉम्प्रिहेंसिव ट्रैवल इंश्योरेंस पॉलिसी का विकल्प चुना था, तो समय आ गया है कि क्लेम दर्ज करना सीख लें, ताकि आपकी पॉलिसी खरीदने का उद्देश्य पूरा हो सके। बहुत से लोग इस प्रक्रिया से गुजरने में हिचकिचाते हैं, लेकिन इसमें मिलने वाली आर्थिक सुरक्षा उस मेहनत से कहीं ज्यादा मूल्यवान होती है। चाहे बात फ्लाइट में रुकावटों की हो, सामान खोने की या अचानक आने वाली स्वास्थ्य समस्याओं की, सही तरीके से क्लेम दर्ज करने से ही आपको वह मुआवजा मिलता है जिसके आप हकदार हैं। इस अनिश्चितताओं से भरी यात्राओं के सीजन में, समय पर और सही दस्तावेजों के साथ क्लेम दर्ज करने के लिए तैयार रहना एक समझदारी भरा कदम है, ताकि आप अनचाहे खर्चों से बच सकें और आपकी छुट्टियां बाद में याद करते समय उतनी ही खुशगवार रहेंगी, जितनी आपने सोची थीं।

**एयरपोर्ट से लेकर होटल तक, सफर के दौरान कई जगहें ऐसी होती हैं जहां आपका सामान चोरी होने का खतरा रहता है, खासकर विदेश में। ऐसी इंश्योरेंस पॉलिसी खोए हुए सामान और आवश्यक चीजें जैसे कपड़े, टॉयलेट्रीज और आवश्यक रिप्लेसमेंट के लिए मुआवजा प्रदान करती है। अगर ऐसा होता है, तो पुलिस स्टेशन से लिखित रिपोर्ट प्राप्त करें और तुरंत अपनी इंश्योरेंस कंपनी को इसके बारे में जानकारी दें। इससे यह सुनिश्चित होगा कि आपके पास अपना क्लेम दर्ज करने के लिए उचित प्रमाण हो।**

**-राकेश कौल**
**( चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर-रिटेल बिजनेस, बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड )**

# घूमने के हैं शौकीन, तो यहां जरूर जाएं


घूमने के शौकीन लोग समय और छुट्टियां मिलते ही घूमने की प्लानिंग कर लेते हैं। अधिकतर लोग घूमने के लिए हिल स्टेशन जाना पसंद करते हैं। जिससे वह बिजी शेड्यूल के बीच सुकून के कुछ पल बिता सकें। यहां की ठंडी-ठंडी हवाएं और शांत वातावरण दिल और दिमाग को शांति पहुंचाते हैं। आमतौर पर जब भी घूमने की प्लानिंग की जाती है, तो अधिकतर लोग शिमला-मनाली और नैनीताल जाना पसंद करते हैं।

बता दें कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के अलावा अन्य कई राज्य हैं, जहां आपको एक से बढ़कर एक खूबसूरत हिल स्टेशन मिल जाएंगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको तमिलनाडु के एक ऐसे हिल स्टेशन के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर जाने के बाद आपका वापस आने का मन नहीं करेगा।

**तमिलनाडु के हिल स्टेशंस**

वैसे तो तमिलनाडु में 25 से ज्यादा हिल स्टेशन हैं, जोकि राज्य की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं। यहां पर कुन्नूर, एलागिरी, यरकौड, ऊटी, कोडाइकनाल, वेल्लियांगिरी हिल्स और कोल्ली हिल्स जैसी कई शानदार जगहें हैं। लेकिन अगर आपको प्रकृति की खूबसूरती और झीलों के सुंदर नजारे देखना चाहते हैं, तो आपको कोटागिरी हिल स्टेशन एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है।

**कोटागरी है बेस्ट ऑप्शन**



यह एक बेहद शानदार जगह है और यहां के नजारे पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। बारिश के मौसम में इस जगह की खूबसूरती अधिक बढ़ जाती है। आज हम आपको कोटागिरी हिल्स में घूमने वाली कुछ बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**कैथरीन फॉल्स**

कैथरीन फॉल्स 20 फीट की ऊंचाई से गिरता है। यह झरना हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां के सुंदर नजारे देखने के बाद आपका वापस जाने का दिल नहीं करेगा।

**कोटागरिी ट्रैक रूट**

अगर आप भी उन लोगों में शामिल हैं, जिनको ट्रैकिंग पसंद है। तो आपको एक बार कोडनाड से कोटागिरी की ट्रैकिंग जरूर करना चाहिए। आपको इस रूट में चाय के सुंदर बागान और घने जंगल भी देखने को मिलेंगे।

**चाय के बागान**

बता दें कि नीलगिरी की पहाड़ियों पर बसे चाय बागानों को देखकर आप सुकून महसूस करेंगे। यहां पर आप चाय की चुस्की भी ले सकते हैं। इसकी खूबसूरती देखकर आप भी बार-बार कैमरा निकालने पर मजबूर होंगे।

**कोडनाड व्यू पॉइंट**

यह जगह सनराइज और सनसेट के सुंदर नजारों को देखने के लिए सबसे अच्छी मानी जाती है। इसके साथ ही आपको यहां पर टीपू सुल्तान के किले का बेहद खूबसूरत नजारा देखने को मिलेगा।

**रंगास्वामी पीक**

अगर आप हाइकिंग ट्रेल का मजा लेना चाहते हैं, तो आपको रंगास्वामी पीक जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। यहां का रंगास्वामी मंदिर और बड़े-बड़े चट्टान लोगों को पसंदीदा लिस्ट में शामिल होते हैं।

**ऐसे पहुंचें कोटागरिी हिल स्टेशन**

आप चाहें तो यहां पर ट्रेन से भी जा सकते हैं। यहां का सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन मेट्टुपालयम है। कोटागिरी से इसकी दूरी करीब 33 किमी दूर है। यहां का सबसे पास एयरपोर्ट कोयंबटूर है। जोकि करीब 70 किमी की दूरी पर है। आप चाहें तो यहां पर बस और प्राइवेट गाड़ी से भी आ सकते हैं।

**-साभार प्रभा**

# नेताजी सुभाष की मृत्यु: आयोग, फाइलें और अधूरा सत्य



योगेश कुमार गोयल

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मौत का रहस्य आज भी अनसुलझा है। दरअसल उनकी मृत्यु के संबंध में कई दशकों से यही दावा किया जाता रहा है कि 18 अगस्त 1945 को सिंगापुर से टोक्यो (जापान) जाते समय ताइवान के पास फार्मोसा में उनका विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उस हवाई दुर्घटना में उनका निधन हो गया था। नेताजी ने 16 अगस्त 1945 को टोक्यो से ताइपेई के लिए उड़ान भरी थी और जापानी द्वितीय विश्व युद्ध का उनका विमान 18 अगस्त की सुबह ताइपेई के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उसके बाद जापान सरकार द्वारा घोषणा की गई थी कि उस दुर्घटना में विमान में सवार सभी 25 लोगों की मौत हो गई, जिनमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस भी शामिल थे। 18 अगस्त 1945 को ताइवान के ताइपेई में विमान दुर्घटना में उनकी मौत की जापान सरकार द्वारा की गई आधिक.ारिक घोषणा को भारत सरकार ने भी स्वीकार कर लिया था लेकिन आज भी कई लोग इसे मानने को तैयार नहीं हैं। दरअसल उनके जीवित होने और गुमनामी में जीवन जीने के दावे किए जाते रहे हैं और इस विषय पर कई बार जांच भी हुई है।



हालांकि नेताजी के जीवित होने का दावा करने वाले लोगों ने कई बार अपने दावों का समर्थन करने के लिए सबूत पेश किए लेकिन उन सबूतों को प्राय: संदिग्ध माना गया है और कहा जाता रहा है कि उनके जीवित होने के दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं हैं। दरअसल नेताजी का शव कभी नहीं मिला और कुछ अन्य कारणों से भी उनकी मौत के दावों पर आज तक विवाद बरकरार है। उनकी मृत्यु का रहस्य जानने के लिए विभिन्न सरकारों द्वारा पूर्व में कुछ आयोगों का गठन भी किया जा चुका है और कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा नेताजी के लापता होने के रहस्य से जुड़े खुफिया दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की मांग पर सुनवाई के लिए स्पेशल बेंच भी गठित की गई किन्तु अभी तक रहस्य से पर्दा नहीं उठा है। फैजाबाद के गुमनामी बाबा से लेकर छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले तक में नेताजी के होने संबंधी कई दावे भी पिछले दशकों में पेश हुए किन्तु सभी की प्रामाणिकता संदिग्ध रही और नेताजी की मौत का रहस्य यथावत बरकरार है। हालांकि जापान सरकार बहुत पहले ही इस बात की पुष्टि कर चुकी है कि 18 अगस्त 1945 को ताइवान में कोई विमान हादसा हुआ ही नहीं और भारत सरकार द्वारा कुछ समय पूर्व सार्वजनिक की गई नेताजी से संबंधित कुछ गोपनीय फाइलों में मिले एक नोट से तो यह सनसनीखेज खुलासा भी हुआ कि 18 अगस्त 1945 को हुई कथित विमान दुर्घटना के बाद भी नेताजी ने तीन बार 26 दिसम्बर 1945, 1 जनवरी 1946 तथा फरवरी 1946 में रेडियो द्वारा राष्ट्र को सम्बोधित किया था। इस खुलासे के बाद से ही नेताजी की मौत का रहस्य और गहरा गया था।

नेताजी के जीवित रहने को लेकर किए गए विभिन्न दावों में कहा गया कि वे विमान दुर्घटना में नहीं मारे गए थे बल्कि जीवित बच गए थे और उन्होंने अपने जीवन का बाकी हिस्सा गुप्त रूप से बिताया। ऐसे ही दावों में से एक दावा यह भी था कि विमान दुर्घटना में नेताजी को गंभीर रूप से चोटें लगी थी लेकिन वे जीवित बच गए थे और उन्हें एक जापानी अस्पताल में ले जाया गया था, जहां उनका इलाज किया गया और बाद में उन्हें सोवियत संघ ले जाया गया, जहां उन्हें एक गुप्त शिविर में रखा गया। एक अन्य दावा यह भी था कि नेताजी ने विमान दुर्घटना में बचने के लिए अपना रूप बदल लिया था। उन्होंने अपना नाम और पहचान बदल ली थी और एक गुप्त जीवन जीने लगे थे। कुछ लोगों ने यह दावा भी किया कि उन्होंने नेताजी को गुप्त रूप से रहने के दौरान देखा है। हालांकि इन तमाम दावों में से किसी का भी कोई पुख्ता सबूत कभी नहीं मिला लेकिन इन दावों को लेकर सच्चाई जानने को लेकर लोगों में सदैव उत्सुकता रही है। उनकी मौत के रहस्य को सुलझाने के लिए कई बार जांच आयोग भी बैठाए गए, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण जांच आयोग न्यायमूर्ति ताराचंद की अध्यक्षता में 1956 में बैठाया गया था। ताराचंद आयोग ने अपने निष्कर्ष में कहा था कि नेताजी की मृत्यु विमान दुर्घटना में हुई थी। आयोग ने कहा था कि नेताजी के जीवित रहने के दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं है, लेकिन आयोग के निष्कर्षों को कई लोगों ने चुनौती दी थी, जिनका कहना था कि आयोग ने नेताजी के जीवित रहने के दावों की पर्याप्त जांच नहीं की थी। आज भी दावे के साथ यह कहना मुश्किल है कि नेताजी की मृत्यु कैसे हुई थी। हो सकता है कि वे विमान दुर्घटना में मारे गए हों या यह भी हो सकता है कि वे जीवित बच गए हों और उन्होंने अपना जीवन गुप्त रूप से बिताया हो। कुल मिलाकर, उनकी मौत का रहस्य आज भी अनसुलझा है और इस रहस्य को सुलझाने के लिए और अधिक जांच की आवश्यकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



पटना। 'जेईई मेन्स 2026' परीक्षा में बैठने से पहले परीक्षा केंद्र के बाहर कतार में इंतजार करते उम्मीदवार।

## उड़ान भरने के बाद तकनीकी खराबी आने पर वापस लौटा ट्रम्प का विमान

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का विमान एयर फोर्स वन मंगलवार को उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद 'तकनीकी खराबी' आने के कारण संयुक्त बेस एंड्रयूज लौट आया। यह जानकारी व्हाइट हाउस ने दी। ट्रम्प विश्व आर्थिक मंच 2026 में शामिल होने के लिए स्विट्जरलैंड के दावोस जा रहे थे। व्हाइट हाउस त्वरित प्रतिक्रिया टीम ने सोशल मीडिया पर कहा कि उड़ान भरने के बाद एएफ1 के क्रू सदस्यों ने विमान में तकनीकी खराबी का पता लगाया। पूरी सावधानी बरतते हुए, एएफ1 संयुक्त बेस एंड्रयूज लौट रहा है।

# बांग्लादेश से राजनयिकों के परिवारों को वापस बुला रहा भारत

## संभावित आतंकवादी खतरे की विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिलने के बाद लिया महत्वपूर्ण निर्णय

**नई दिल्ली।** भारत को बंगलादेश में अपने राजनयिकों तथा उनके परिवारों पर संभावित आतंकवादी खतरे की विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली है, जिसके मद्देनजर वहां से राजनयिकों के परिजनों को वापस लाने का निर्णय लिया है, हालांकि इस बारे में औपचारिक घोषणा अभी नहीं की गई है। उच्च पदस्थ सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह कदम एक एहतियाती उपाय है और यह इस बात का संकेत भी है कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बंगलादेश की सरकार के कारण द्विपक्षीय संबंध खराब हो रहे हैं।

खुफिया जानकारी के अनुसार अगस्त 2024 में छात्रों विद्रोह के बाद बड़ी संख्या में रिहा किए गए कई उग्रवादियों ने बंगलादेश में फिर से संगठित हो गए हैं और वहां उन्हें एक तरह की मान्यता भी मिल रही है। खुफिया आकलन में कहा गया है कि ये तत्व भारतीय राजनयिकों और उनके परिवारों को निशाना बना सकते हैं। इस



■ अगस्त 2024 में छात्रों विद्रोह के बाद बड़ी संख्या में रिहा किए गए कई उग्रवादी बंगलादेश में फिर से संगठित हो गए हैं

संभावित खतरे के मद्देनजर सरकार ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए बंगलादेश में तैनात भारतीय राजनयिकों के परिवारों को ऐहतियात के तौर पर स्वदेश बुलाने का निर्णय लिया है।

भारत की रणनीतिक व्यवस्था को बंगलादेश में उग्रवादी ताकतों के पुनरुत्थान और इस्लामवादी आतंकवादी संगठनों द्वारा भारत के खिलाफ बढ़ती कटु भाषा और शत्रुतापूर्ण रुख को लेकर बढ़ती चिंता है। अधिकारियों का मानना है कि यह सुरक्षा परिदृश्य पिछले दशक में दोनों देशों के बीच निरंतर आतंकवाद-रोधी सहयोग से हासिल की गई स्थिरता की तुलना में काफी बिगड़ गया है। इस महीने की शुरुआत में दिए एक साक्षात्कार में मॉरीशस सरकार के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी शांतनु मुखर्जी ने कहा था कि देश की पूर्वी सीमा के पार हाल के घटनाक्रम से यह संकेत मिलते हैं कि उग्रवादियों को रिहा किए जाने से आतंकवाद के खिलाफ मिली सफलता पर विपरीत असर पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि कट्टरपंथी आतंकवादी कैदियों को जेल से रिहा कर फिर से संगठित होने दिया जा रहा है, जिससे बंगलादेश फिर से 'जिहादी' नेटवर्कों के लिए आधार बन सकता है, जैसा कि 1990 और 2000 के दशक की शुरुआत में हुआ करता था। मुखर्जी ने चेतावनी दी कि इन उग्रवादियों का पिछले साल रिहा होने के बाद फिर से संगठित होना बेहद चिंताजनक है। इससे न केवल बंगलादेश के अंदर हिंसा का खतरा बढ़ा है, बल्कि भारत के लिए भी सीमा पार से खतरे की आशंका बढ़ गई है। भारतीय अधिकारी इस बात को लेकर विशेष रूप से चिंतित हैं कि बंगलादेशी आतंकवादी समूह पाकिस्तान और पश्चिम एशिया के कट्टरपंथी संगठनों के साथ फिर से संबंध स्थापित कर रहे हैं, जिससे पुराने क्षेत्रीय आतंकवादी नेटवर्क फिर से सक्रिय हो सकते हैं, जिन्हें पिछले वर्षों में काफी हद तक खत्म किया जा चुका था।

# अमेरिकी दबदबे वाली व्यवस्था का अंत हुआ: मार्क कार्नी

## कनाडाई पीएम बोले: पुराना सिस्टम अब वापस नहीं आएगा, टैरिफ को हथियार बनाने का लगाया आरोप



■ कार्नी ने माना कि पुराने वैश्विक सिस्टम से कनाडा को फायदा हुआ
■ नई हकीकत यह है कि ताकतवर देश अपने हित साधने के लिए आर्थिक रिश्तों का इस्तेमाल दबाव बनाने में कर रहे हैं
■ कनाडा को उस नीति पर चलना होगा, जो सिद्धांतों पर भी टिकी हो और जमीन पर काम भी करे: कार्नी

**दावोस।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि अमेरिका के दबदबे वाली वैश्विक व्यवस्था अब खत्म हो चुकी है। उन्होंने स्विट्जरलैंड के दावोस में हो रहे वर्ल्ड इकोनामिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) में यह बात कही। उन्होंने कहा कि दुनिया किसी बदलाव की तरफ नहीं, बल्कि टूटने की तरफ आगे बढ़ रही है। अब पुराना सिस्टम लौटने वाला नहीं है। कार्नी ने कहा कि नियमों और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के हिंसाब से चलने वाली दुनिया की जो बात की जाती है, वह असल में कभी भी पूरी तरह सच नहीं रही। दुनिया हमेशा से ताकत और अपने-अपने हितों के हिसाब से चली है।

कार्नी ने माना कि पुराने वैश्विक सिस्टम से कनाडा को फायदा हुआ। लेकिन उनके मुताबिक अब यह व्यवस्था टिकाऊ नहीं रह गई है। कार्नी ने कहा कि नई हकीकत यह है कि ताकतवर देश अपने हित साधने के लिए आर्थिक रिश्तों का इस्तेमाल दबाव बनाने में कर रहे हैं। उनके मुताबिक, टैरिफ को हथियार बनाकर दबाव बनाया जा रहा है, वित्तीय सिस्टम के जरिए देशों को मजबूर किया जा रहा है और सप्लाई चेन की कमजोरियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। कार्नी ने कहा कि हाल के वर्षों में आए आर्थिक और राजनीतिक संकटों ने यह दिखा दिया है कि जरूरत से ज्यादा वैश्विक निर्भरता किसी भी देश के लिए खतरनाक हो सकती है। कार्नी ने चेतावनी दी कि अब यह मान लेना गलत है कि सिर्फ पुराने गठबंधन ही सुरक्षा और समृद्धि की गारंटी हैं। उन्होंने कहा कि जब आपसी जुड़ाव ही आपको दूसरे के दबाव में ले आए, तो आप आपसी फायदे के झूठ में नहीं रह सकते। कार्नी ने कहा कि कनाडा को उस नीति पर चलना होगा, जो सिद्धांतों पर भी टिकी हो और जमीन पर काम भी करे। इसके तहत घरेलू क्षमताएं मजबूत करने और किसी एक देश पर निर्भरता घटाने के लिए व्यापारिक साझेदारों में विविधता लाने पर जोर दिया। कार्नी ने कहा कि विश्व व्यापार संगठन और संयुक्त राष्ट्र जैसी बहुपक्षीय संस्थाएं कमजोर पड़ी हैं। ऐसे में देशों को अब खुद अपनी सुरक्षा, ऊर्जा और खाद्य जरूरतों के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि जो देश खुद को खिला नहीं सकता, ऊर्जा नहीं दे सकता और अपनी रक्षा नहीं कर सकता, उसके पास बहुत कम विकल्प होते हैं।

कार्नी ने कहा कि अब यह उम्मीद करना गलत है कि नियमों का पालन करने से सुरक्षा मिल जाएगी। इससे पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी मंगलवार को वर्ल्ड इकोनामिक फोरम की बैठक की संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दुनिया ऐसे दौर की ओर बढ़ रही है, जहां अंतर्राष्ट्रीय कानून कुचले जा रहे हैं और ताकतवर की ही चल रही है। मैक्रों ने कहा कि ऐसी दुनिया खतरनाक है, जहां अंतर्राष्ट्रीय कानून की कोई अहमियत नहीं रह जाती। जहां ताकतवर देश जो चाहें करते हैं और कमजोर देशों को मजबूरी में सब सहना पड़ता है। उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि उसकी व्यापार नीतियां यूरोप को कमजोर करने और क्षेत्रीय संप्रभुता के खिलाफ काम करी हैं। मैक्रों ने कहा कि आज दुनिया अस्थिर होती जा रही है। सुरक्षा के मामले में भी और अर्थव्यवस्था के मामले में भी। उन्होंने कहा कि 2024 में दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध चल रहे हैं और कई देशों में लोकतंत्र कमजोर होकर तानाशाही की तरफ बढ़ रहा है।

## डेनमार्क के सांसद बोले: ट्रम्प भाड़ में जाओ

■ ग्रीनलैंड बिकाऊ नहीं, ये 800 साल से हमारा हिस्सा

**दावोस।** ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका की दिलचस्पी बढ़ने पर डेनमार्क के एक सांसद ने बहुत कड़ा बयान दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यूरोपीय संसद में डेनमार्क के सांसद एंडर्स विस्तिसेन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से कहा कि ग्रीनलैंड कोई बिकाऊ चीज नहीं है।

उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड पिछले 800 सालों से डेनमार्क का हिस्सा है। यह बेचने के लिए नहीं है। इसके बाद उन्होंने कहा कि इसे ऐसे शब्दों में कहूं जो आप समझें, तो मिस्टर प्रेसिडेंट, भाड़ में जाइए। इस पर यूरोपीय संसद के उपाध्यक्ष निकोलाए स्टेफानुता ने उन्हें टोकते हुए कहा कि इस तरह की भाषा सदन के नियमों के खिलाफ है। इस बयान अब तक पर ट्रम्प की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। दरअसल, ट्रम्प ने पहले फ्रांस की वाइन और शैम्पेन पर 200 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। यह धमकी उन्होंने इसलिए दी क्योंकि फ्रांस ने अमेरिका के प्रस्तावित गाजा पीस बोर्ड में शामिल होने से मना कर दिया था। पिछले कुछ हफ्तों में ट्रम्प कई बार कह चुके हैं कि ग्रीनलैंड पर अमेरिका का कंट्रोल होना चाहिए। उनका कहना है कि आर्कटिक इलाके में रूस और चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए वहां अमेरिकी सेना की मौजूदगी जरूरी है। ग्रीनलैंड को लेकर ट्रम्प ने यूरोप के उन देशों पर भी दबाव बनाया है जो डेनमार्क का समर्थन कर रहे हैं।

# ट्रम्प बोले: 8 जंग रुकवाई हर एक के लिए नोबेल मिले



■ इस बार जिसे पुरस्कार मिला, उसे भी पता कि मैं असली हकदार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक बार फिर नोबेल शांति पुरस्कार को लेकर नाराजगी जताई है। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने अब तक 8 जंग रुकवाए हैं, उन्हें हर जंग रुकवाने के लिए अलग-अलग नोबेल मिलना चाहिए। ट्रम्प ने कहा कि वे बात खुद नहीं कहना चाहते, लेकिन सच यही है। अगर कोई कहता है कि मुझे नोबेल नहीं देने में नार्वे का कोई रोल नहीं है तो यह गलत है। नोबेल वही से दिया जाता है।

इसका फैसला भी वही करते हैं। इससे पहले नार्वे के प्रधानमंत्री जोनस स्टोर ने सोमवार को कहा था कि नोबेल शांति पुरस्कार देने का फैसला नार्वे सरकार नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र नोबेल कमेटी करती है। उन्होंने कहा कि यह बात ट्रम्प को भी पहले समझाई जा चुकी है। ट्रम्प ने वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया मचाडो की भी तारीफ की। उन्हें इस बार शांति का नोबेल दिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि मचाडो ने मुझे यह प्राइज पेश किया और कहा कि ट्रम्प इसके ज्यादा हकदार हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उन्होंने 10 महीनों में भारत और पाकिस्तान समेत आठ युद्ध खत्म करवाए हैं। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के हालात बेहद गंभीर मोड़ पर थे और हालात परमाणु युद्ध तक जा सकते थे, लेकिन दुनिया एक बड़े यहां तक कि न्यूक्लियर वार से बच गई। अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों को रुकवाने का दावा करते हुए ट्रम्प ने कहा कि उन्हें हर युद्ध रुकवाने के लिए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए था। अपने दूसरे कार्यकाल के एक साल पूरे होने पर ट्रम्प ने कहा कि उनके फैसलों से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत हुई और दुनिया बड़े युद्धों से बची। ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर अमेरिका के कई शहरों में उनके खिलाफ प्रदर्शन हुए। एक्टिविस्ट और आम लोग उनकी अलग-अलग नीतियों से नाराज दिखे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि ट्रम्प की नीतियों ने दुनिया भर में अमेरिका की सालों से बनी अच्छी छवि और भरोसे को नुकसान पहुंचाया है।

# पाक रक्षा मंत्री ने फर्जी पिज्जा हट का किया उद्घाटन

■ कंपनी बोली: हमारा कोई लेना देना नहीं, सोशल मीडिया पर मजाक बना


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ एक अजीब विवाद में फंस गए हैं। उन्होंने सियालकोट कैंटोनमेंट में पिज्जा हट ब्रांड वाले एक आउटलेट का उद्घाटन किया। लेकिन कुछ ही घंटों बाद पिज्जा हट कंपनी ने इस आउटलेट को फर्जी बता दिया।

सोशल मीडिया पर उद्घाटन की तस्वीरें और वीडियो वायरल होने के बाद पिज्जा हट पाकिस्तान ने बयान जारी कर साफ किया कि इस आउटलेट से उसका कोई लेना-देना नहीं है। वायरल तस्वीरों और वीडियो में ख्वाजा आसिफ सियालकोट कैंटोनमेंट में बने आउटलेट का फीता काटते नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाथ में कैंची लेकर कैमरे के सामने पोज भी दिया। तस्वीर पाकिस्तान के फर्जी पिज्जा हट आउटलेट की है। इसे गुब्बारों के साथ सजाया गया था। यह मामला सामने आते ही सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लोगों ने इसे लेकर मजाक उड़ाना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा कि रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सियालकोट में एक फर्जी पिज्जा हट फ्रेंचाइजी का उद्घाटन किया। ये बेवकूफ बूढ़े लोग हम पर थोपे गए हैं। एक अन्य यूजर ने मजाक करते हुए लिखा कि जब पिज्जा हट खुद कह दे, यह हमारी स्लाइस नहीं है। पिज्जा हट पाकिस्तान ने बयान जारी कर कहा कि सियालकोट कैंटोनमेंट में खुला यह रेस्टोरेंटपिज्जा हट के नाम और ब्रांड का गलत इस्तेमाल कर रहा है।

# सुनीता विलियम्स 27 साल बाद हुई रिटायर

## दिल्ली में बोलीं: भारत आना घर वापसी जैसा, चांद पर जाना चाहती हूं, लेकिन पति इजाजत नहीं देंगे

■ इसकी घोषणा नासा ने 20 जनवरी को की, उनकी रिटायरमेंट 27 दिसम्बर 2025 से लागू होगी



**नई दिल्ली।** भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनाट सुनीता विलियम्स ने मंगलवार को कहा, इस समय दुनिया में अंतरिक्ष को लेकर एक तरह की होड़ (स्पेस रेस) चल रही है। कई देश चांद और अंतरिक्ष में आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। लक्ष्य सिर्फ पहले पहुंचना नहीं है, बल्कि यह है कि इंसान सुरक्षित, टिकाऊ और लंबे समय तक रहने लायक तरीके से चांद पर जाए।

सुनीता ने यह बात दिल्ली के अमेरिकन सेंटर में आंखें सितारों पर, पैर जमीं पर सेमिनार में कहीं। उन्होंने यह भी कहा कि यह काम सबके फायदे, सहयोग और पारदर्शिता के साथ, लोकतांत्रिक तरीके से किया जाना चाहिए, ताकि किसी एक देश का दबदबा न हो और पूरी मानवता को इसका लाभ मिले। सभी देश सहयोग के साथ आगे बढ़ें, बिल्कुल अंटार्कटिका माडल की तर्ज पर। सुनीता ने 27 साल के बाद रिटायरमेंट ले लिया है। इसकी घोषणा नासा ने 20 जनवरी को की। उनकी रिटायरमेंट 27 दिसम्बर 2025 से लागू होगी।

सुनीता बोलीं: स्पेस से धरती देखने पर महसूस होता है कि हम सब एक हैं। 60 साल की विलियम्स का आखिरी स्पेस मिशन सिर्फ 10 दिन का था, लेकिन वह साढ़े नौ महीने तक इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर रहीं। सुनीता 27 साल पहले 1998 में नासा से जुड़ी थीं। उन्होंने नासा के 3 मिशन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अंतरिक्ष में 608 दिन बिताए। पहली बार वह 9 दिसम्बर 2006 को अंतरिक्ष में गई थीं। सुनीता ने अंतरिक्ष में 9 स्पेसवाक की। इस दौरान उन्होंने 62 घंटे 6 मिनट तक अंतरिक्ष में चहलकदमी की। यह किसी भी महिला अंतरिक्ष यात्री में सबसे ज्यादा है। वह अंतरिक्ष में पहली बार मैराथन दौड़ने वाली यात्री भी बनीं। भारत आना उन्हें घर वापसी जैसा लगता है, क्योंकि उनके पिता गुजरात के मेहसाणा जिले के झूलासन गांव से थे। वहीं, चांद पर जाने के एनडीटीवी के सवाल पर मजाकिया लहजे में कहा, श्मैं चंद्रमा पर जाना चाहती हूं, लेकिन मेरे पति मुझे इजाजत नहीं देंगे। घर वापसी और जिम्मेदारी सौंपने का समय आ गया है। अंतरिक्ष खोज में अगली पीढ़ी को अपना स्थान बनाना होगा। क्या स्पेस ट्रैवल ने उनकी जिंदगी के नजरिए को बदला है, तो उन्होंने कहा-हां, बिल्कुल। जब आप धरती को स्पेस से देखते हैं, तो महसूस होता है कि हम सब एक हैं और हमें ज्यादा करीब से मिलकर काम करना चाहिए। अंतरिक्ष में फैले कचरे पररू पिछले एक दशक में यह एक बड़ी चुनौती बन गई है और इसे मैनेज करने के लिए नई टेक्नोलाजी की जरूरत है।

# शिंजो आबे को गोली मारने वाले अपराधी को आजीवन कारावास

**टोक्या।** जापान की अदालत ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की गोली मारकर हत्या करने वाले शख्स को उम्रकैद की सजा सुनाई है। शिंजो आबे की हत्या करने की बात इस शख्स ने कबूल की थी। इस मामले ने जापान की सत्तारूढ़ पार्टी और एक विवादास्पद दक्षिण कोरियाई चर्च के बीच दशकों पुराने घनिष्ठ संबंधों को उजागर किया है। जापान के सबसे प्रभावशाली राजनेताओं में शामिल शिंजो आबे प्रधानमंत्री पद छोड़ने के बाद एक नियमित सांसद के रूप में कार्यरत थे। इसी दौरान 2022 में पश्चिमी शहर नारा में चुनाव प्रचार के दौरान उनकी हत्या कर दी गई। इस घटना ने सख्त बंदूक नियंत्रण वाले देश को स्तब्ध कर दिया। 45 वर्षीय तेत्सुया यामागामी ने अक्टूबर में शुरू हुए मुकदमे में हत्या का अपराध स्वीकार कर लिया था। अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाते हुए आजीवन कारावास की सजा का एलान किया। शूटर ने कहा कि वह एक विवादास्पद चर्च के प्रति नफरत से प्रेरित था।

# दक्षिण कोरिया के पूर्व पीएम को 23 साल की सजा

## अदालत ने मार्शल लॉ लगाने को करार दिया विद्रोह



■ उनके विद्रोह मामले पर 19 फरवरी को फैसला आने की संभावना है

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति यून सुक-योल की ओर से देश में मार्शल ला लगाने को संविधान के खिलाफ विद्रोह करार दिया। इसी के साथ अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति के करीबी सहयोगी और पूर्व प्रधानमंत्री हान डक-सू को 23 साल की सजा सुनाई।

यह फैसला यून प्रशासन से जुड़े विद्रोह के मामलों में पहला बड़ा दोषसिद्धि फैसला माना जा रहा है। सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने बुधवार को दिए गए फैसले में कहा कि यून सुक-योल का मार्शल ला आदेश एक तरह का 'खुद का तख्तापलट' था, जिसका मकसद संवैधानिक व्यवस्था को कमजोर करना था। अदालत ने संसद और चुनाव कार्यालयों में सेना व पुलिस की तैनाती को गंभीर अस्थिरता फैलाने वाला कदम बताया। अदालत के अनुसार, तत्कालीन प्रधानमंत्री हान डक-सू ने मंत्री परिषद की बैठक के जरिए मार्शल ला आदेश को प्रक्रियात्मक वैधता देने की कोशिश की और इस तरह विद्रोह में अहम भूमिका निभाई। उन्हें मार्शल ला घोषणा में हेरफेर, दस्तावेज नष्ट करने और शपथ के तहत झूठ बोलने का भी दोषी ठहराया गया। अदालत के फैसले में कहा गया कि हान ने संविधान की रक्षा करने के अपने कर्तव्य की अनदेखी की और यह मानते हुए विद्रोह का हिस्सा बने कि यह सफल हो सकता है। अदालत ने चेतावनी दी कि ऐसे कृत्यों से देश एक बार फिर उस दौर में लौट सकता था, जहां नागरिक अधिकारों और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कुचला जाता है। सजा सुनाए जाने के बाद हान डक-सू को तुरंत जेल भेज दिया गया। इससे पहले वे हिरासत में नहीं थे। गौरतलब है कि स्वतंत्र अभियोजक ने उनके लिए 15 साल की सजा मांगी थी, ऐसे में 23 साल की सजा को अप्रत्याशित माना जा रहा है। हान इस फैसले के खिलाफ अपील कर सकते हैं। यह फैसला राष्ट्रपति यून सुक-योल के खिलाफ चल रहे मामलों के लिए भी अहम माना जा रहा है। यून पर विद्रोह का मास्टरमाइंड होने का आरोप है और उनके खिलाफ स्वतंत्र अभियोजक मृत्युदंड तक की मांग कर चुके हैं। उनके विद्रोह मामले पर 19 फरवरी को फैसला आने की संभावना है।

## नेपाल में सुशीला कार्की की सरकार से चार मंत्रियों का इस्तीफा

**काठमांडा।** नेपाल में आगामी आम चुनाव से पहले राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की अगुवाई वाली सरकार के चार मंत्रियों ने चुनाव लड़ने के लिए अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। नेपाल में 5 मार्च को होने वाले आम चुनाव लड़ने के लिए इन सभी ने अपना नामांकन दाखिल किया है। विज्ञान और शिक्षा मंत्री महाबीर पुन ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा देने के बाद म्याग्दी जिले से स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया। इससे पहले सोमवार को संचार मंत्री जगदीश खरेल और खेल मंत्री बबलू गुप्ता ने भी मंत्री पद छोड़कर प्रतिनिधि सभा का चुनाव लड़ने का फैसला किया था।

